राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-171
लखनऊ, गुरुवार 08 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाकर पूरा करें विकसित भारत का संकल्पः चौधरी 03

राष्ट्रपति ने शटल बस सेवा को दिखाई हरी झंडी 12


## संक्षिप्त समाचार

### न्यायमूर्ति चक्रधारी बने उड़ीसा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**कटक।** न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने बुधवार को उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने पुराने उच्च न्यायालय परिसर में आज आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति सिंह को पद की शपथ दिलायी। न्यायमूर्ति सुभासिस तालापात्रा के 03 अक्टूबर– 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति सिंह को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन सारंगी मुख्य न्यायाधीश सुभासिस तलपात्रा की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत रहे। शपथग्रहण समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश , पूर्व न्यायाधीश तथा उच्च गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

### दो आईपीएस अफसरों का तबादला, एक निरस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने आज बुधवार सुबह दो आईपीएस का तबादला कर दिया, जबकि एक तबादले को निरस्त कर दिया है। डॉ दुर्गेश कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। लखनऊ में तैनात सैयद अली अब्बास को आगरा कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। नोएडा कमिश्नरेट में तैनात विद्याशंकर मिश्रा का लखनऊ कमिश्नरेट के लिए हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

### सोरेन फिर से पांच दिनों की ईडी रिमांड पर भेजे गए

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार हेमंत सोरेन को आज ईडी कोर्ट में पेश किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच हेमंत सोरेन को कोर्ट लाया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर में मौजूद हेमंत सोरेन के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। कोर्ट परिसर में हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए गए। हेमंत सोरेन के समर्थकों ने जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा लगाए। साथ ही हेमंत सोरेन मत घबराना, हम तुम्हारे साथ के नारे लगाए। वहीं, सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि ईडी ने हेमंत सोरेन की फिर से 7 दिनों की रिमांड मांगी है, लेकिन कोर्ट ने ईडी को हेमंत सोरेन की 5 दिनों की रिमांड दी है।

### संसद का वर्तमान बजट सत्र अब 10 फरवरी तक

**नई दिल्ली।** संसद के वर्तमान बजट सत्र को एक दिन बढ़ाकर 10 फरवरी तक कर दिया गया है जिससे लोकसभा और राज्यसभा के बैठकें शनिवार को भी होंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा में कहा कि संसदीय कार्य मंत्री ने आवश्यक सरकारी कामकाज को निपटाने के लिए 17वीं लोकसभा के 15वें सत्र को 10 फरवरी तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। श्री बिरला ने सत्र को 10 फरवरी तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में शून्यकाल में कहा कि सदन के 263वें सत्र की अवधि एक दिन और बढ़ाकर शनिवार तक करने का प्रस्ताव है। इस दौरान सरकारी कामकाज होगा और शून्यकाल तथा प्रश्नकाल नहीं होगा। बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ हुई थी और इसे नौ फरवरी को समाप्त होना था।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राकांपा चुनाव चिन्ह का विवाद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजीत पवार गुट ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में एक केवियट याचिका दायर कर गुहार लगाई कि इस पार्टी के शरद पवार गुट की ओर से यदि चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी जाती है तो उनका (अजीत) पक्ष भी सुना जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुट को वास्तविक एनसीपी घोषित करते हुए चुनाव चिन्ह घड़ी का निशान का हकदार बताया था। अजीत पवार शरद पवार के भतीजे हैं , जिन्होंने पिछले साल महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में कोई एक तरफा आदेश नहीं पारित करने की गुजारिश की गई है। पवार गुट ने चुनाव आयोग के समक्ष पेश हलफनामे में एनसीपी के कुल 81 विधायकों में से 57 का समर्थन हासिल हो ने का दावा किया था।

---

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा

# देश कई क्षेत्रों में करेगा प्रगति

▸ मोदी सरकार ने अगले पांच साल की पेश की रूपरेखा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तीसरी बार सत्ता में वापसी पर विश्वास जताते कहा कि मोदी 3.0 विकसित भारत की नींव को मजबूत करने में पूरी शक्ति लगा देगा। प्रमुख घोषणाओं में उन्होंने सौर ऊर्जा के जरिए मुफ्त बिजली, बुलेट ट्रेन, सभी के लिए पाइप से गैस, हर घर में पाइप से पानी और सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने की बात कही।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके अगले कार्यकाल के पांच वर्षों में देश कई क्षेत्रों में उन्नति करेगा। अगले पांच सालों में खेल के क्षेत्र में दुनिया में भारत के युवाओं की ताकत पहचानी जाएगी। सार्वजनिक परिवहन की कायापलट होगी। रूफटॉप सॉलर से लोगों को मुफ्त बिजली मिलेगी। बुलेट ट्रेन और वंदे भारत का विस्तार होगा। सेमीकंडक्टर जगत में मेड इन इंडिया की गूंज होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश अग्रणी होगा। हमारे गांव के छोटे-छोटे किसानों द्वारा उत्पादित सुपरफूड मोटा अनाज विश्व बाजार में उपलब्ध होगा। ड्रोन किसानों के लिए नई ताकत बनेगा और पशुपालन एवं मछली पालन बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री ने सहकारी संघवाद को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा कि देश का विकास राज्यों के विकास के साथ ही संभव है। वे विश्वास दिलाते हैं कि अगर राज्य एक कदम चलता है तो हम दो कदम चलते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एकता और एकजुटता के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि अगर शरीर का एक अंग काम ना करे तो पूरा शरीर अपंग माना जाता है लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश को तोड़ने वाली भाषाएं बोली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग तरह की परिस्थितियों से मिलने वाला लाभ पूरे देश का है। उन्होंने देश में कोर्पोरेट क्षेत्र में होती तरक्की और सरकारी कंपनियां के बढ़ते लाभांश का भी अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस इन सरकारी कंपनियों के खिलाफ भ्रम फैलाने का काम कर रही है। इस संदर्भ में उन्होंने बीएसएनएल, एचएएल और एलआईसी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, आपने कहां छोड़ा था और हमने कहां पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि 2014 में 234 पीएसयू थे और आज इनकी संख्या 254 हो गई है जिनका लाभांश भी कई गुना बढ़ा है।

#### कांग्रेस ने देश के साथ किया अन्याय

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर देश की संस्कृति को लेकर गलत नैरेटिव गढ़े जाने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते लोग अपने संस्कारों को हीन भाव से देखने लगे थे। पार्टी ने देश के अतीत के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कांग्रेस पर अंग्रेजों की आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आरक्षण की जन्मजात विरोधी रही है। एक समय में पंडित नेहरू ने एससी–एसटी और ओबीसी को नौकरी में आरक्षण मिलने से कामकाज के स्तर के गिरने की बात कही थी। आज कांग्रेस जिन आंकड़ों को गिना रही है उसका मूल यही है। उस समय सरकार में भर्ती और प्रमोशन मिलता तो आज आगे बढ़ते हुए यहां तक पहुंचते। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के एससी–एसटी, ओबीसी को 7 दशकों तक उनके अधिकारों से वंचित रखा। आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमें वह सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहे हैं जिन्होंने कभी पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण नहीं दिया और बाबा साहब को भारत रत्न योग्य नहीं समझा। केवल एक ही परिवार को भारत रत्न देते रहे।

#### झूठ फैलाना ही मोदी की गारंटी : मल्लिकार्जुन खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया है। मोदी ने आज राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान खड़गे पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा था। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि झूठ फैलाना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि हृष्ठ का मतलब नो डेटा अवेलेबल है। उनके( भाजपा) पास कोई आंकड़े नहीं हैं। वे सच नहीं बोल सकते, वे झूठ बोलते रहते हैं। खड़गे ने कहा कि संविधान को नहीं माननेवाले, जिन्होंने दंडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल नहीं हुए वो लोग आज कांग्रेस को राष्ट्रभक्ति का ज्ञान दे रहे हैं। मोदी जी ने यूपीए सरकार पर अनगिनत झूठी बातें कहीं।

---

## देश और दुनिया का हर नागरिक आज यूपी आने के लिए तैयार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सदन में कहा कि हमने वचन निभाया मंदिर वही बनाया, जो कहा सो किया, जो संकल्प लिया उसकी सिद्धि भी हुई, हम केवल बोलते नहीं, करते हैं। पहले जिस उत्तर प्रदेश के नागरिकों के बारे में टिप्पणी होती थी, जहां कोई आना नहीं चाहता था, आज देश-दुनिया का हर नागरिक उप्र आने के लिए तैयार है। राज्यपाल की अभिभाषण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाभारत युग के साक्षी महर्षि वेद व्यास ने कहा था कि धर्म से ही अर्थ और काम की प्राप्ति होती है, इसलिए धर्म की मार्ग पर क्यों नहीं चलते, पर कोई मेरी सुनता ही नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल वेद व्यास की पीड़ा नहीं थी। 2014 से पहले देश और 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की यही पीड़ा थी। 2017 से पहले जिन लोगों ने चार-चार बार प्रदेश में शासन किया, लंबे समय तक सत्ता के सिंहासन पर विराजमान रहे, उन्होंने उत्तर प्रदेश वासियों के सामने पहचान का संकट पैदा कर दिया था। यहां का नौजवान बाहर नहीं जा सकता था। यहां तो अवसर थे नहीं, इसलिए जब नौजवान उप्र से बाहर जाता था तो उसे भेद से देखा जाता था, नौकरी नहीं मिलती थी। यह स्थिति थी 2017 से पहले।



#### अखिलेश के पीडीए पर तंज योगी बोले- ठगे गए चाचा

समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोई घर भी प्रारंभ हो गया है, क्या माता शबरी के अनुयायी पीडीए के हिस्से हैं या नहीं हैं। रैनबसेरा भी बन गया है निषादराज के नाम पर, क्या निषादराज के अनुयायी पीडीए के हिस्से हैं या नहीं। योगी ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश ने अभी कहा था कि उनके पीडीए में और लोग हैं, लेकिन चाचा नहीं हैं। वह बेचारे हमेशा ऐसे ही ठगे जाते हैं । वे एक बार फिर ठगे गए। अगर प्रभु श्रीराम को मानते तो चाचा को ऐसे नहीं ठगते।

---

## चुनाव से पहले पाकिस्तान में बम विस्फोट, 25 की मौत

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान में संसदीय चुनाव होने से एक दिन पहले, बुधवार को दक्षिण-पश्चिम पाकिस्तान में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय में एक बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए ।

प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता जान अचकजई ने कहा, हमला बलूचिस्तान प्रांत के एक जिले पशीन में हुआ। उन्होंने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है और पुलिस ने कहा कि उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। इस हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। देश में, विशेषकर बलूचिस्तान में हाल ही में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बाद शांति सुनिश्चित करने के लिए पूरे पाकिस्तान में हजारों पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के बावजूद बमबारी जारी है।

### राज्यसभा में उठी ईपीएफ पेंशन व फार्मूले में बदलाव की मांग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए ईपीएस -95 पेंशन को न्यूनतम नौ हजार रुपए प्रति मासिक करने और इसके फार्मूले में बदलाव की मांग उठाई गयी। सदन में शून्यकाल के दौरान सभापीठ की अनुमति से उठाये गए मामले के अंतर्गत द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एम षणमुगम ने कहा कि ईपीएफ पेंशन कोष को भारी राशि पड़ी हुई है और इसपर कोई दावा भी नहीं कर रहा है। यह श्रमिकों का धन है इसलिए इसका प्रयोग इनके हित किया जा सकता है।

## सीबीआई कोर्ट से कस्टम कमिश्नर को सात साल की कैद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की मोहाली स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को लुधियाना (पंजाब) के एक असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर को सात साल और उसकी पत्नी को तीन साल की कैद की सजा सुनाई है।

अदालत ने क्रमशः एक लाख और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने सीबीआई को आय से अधिक अर्जित एक करोड़ पांच लाख रुपये की राशि भारत सरकार के खाते में जमा कराने का निर्देश दिया है। सीबीआई ने एलसीडी लुधियाना के असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर वरिंद्र प्रभाकर के खिलाफ 17 फरवरी, 2006 में मामला दर्ज किया था। इसके बाद सीबीआई की जांच के बाद सामने आया कि आरोपित असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर ने 1974 से 2006 के दौरान अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक राशि अर्जित की।

#### रिश्वत मामले में पीएनबी शाखा प्रबंधक व फील्ड अफसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत मामले में बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक की गढ़–मुक्तेश्वर शाखा, हापु? (उप्र) के प्रबंधक और फील्ड अधिकारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों को गाजियाबाद (उप्र) स्थित सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक सीबीआई ने ऋण की स्वीकृति के संबंध में शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया है। शिकायत के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोप के मुताबिक शिकायतकर्ता ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के तहत स्विंग मशीनों की खरीद के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) से मिलने वाली सब्सिडी ऋण के लिए आवेदन किया था। कहा गया था कि उक्त ऋण बैंक द्वारा स्वीकृत किया गया था लेकिन दो लाख रुपये की ऋण राशि के वितरण के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर ने कथित तौर पर कमीशन की मांग की। इसके अलावा यह आरोप लगाया गया कि आरोपित ने शिकायतकर्ता को चार लाख रुपये के ऋण के स्थान पर दो लाख रुपये दिए। इसके लिए उन्होंने एक लाख रुपये रिश्वत के रूप में यानी ऋण राशि का 25 प्रतिशत हिस्सा मांगा। सीबीआई ने आरोपित फील्ड अफसर को रिश्वत राशि रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

---

### आंतकवादी लखवीर लंडा के तीन सहयोगी हथियारों सहित गिरफ्तार

**चण्डीगढ।** पंजाब में एजीटीएफ ने बुधवार को आतंकवादियों कनाडा स्थित लखबीर लंडा और पाक स्थित हरविंदर रिंदा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह काला के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्तौल और दस कारतूस बरामद किए हैं। श्री यादव ने बताया कि जोबन यूएपीए, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आईटी एक्ट अपराधों में वांछित था और लंबे समय तक फरार रहा। आरोपी जोबन और बिक्का 307 आईपीसी के एक से अधिक मामलों में भी वांछित हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

## ज्ञानवापी परिसर मामले में 12 को होगी अब अगली सुनवाई

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति के खिलाफ दायर याचिका पर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज लगभग 2 घंटे तक सुनवाई चली। अब 12 फरवरी को सुबह 10 बजे फिर से इस मामले में सुनवाई की जाएगी।

सुनवाई के दौरान पहले मंदिर पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने पक्ष रखा फिर मस्जिद पक्ष से एसएफए नकवी ने। मामले की न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई की। मिली जानकारी के मुताबिक, मुस्लिम पक्ष की तरफसे पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफए नकवी ने कहा कि 31 जनवरी, 2024 के आदेश के तहत जिला जज ने उस वाद में शुरुआती चरण में मांगी गई अंतिम राहत प्रदान की जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।

नकवी ने आगे कहा कि यह आदेश बहुत जल्दबाजी में पारित किया और वह भी उस दिन जब संबंधित न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि रिसीवर की नियुक्ति के लिए और साथ ही देवता की पूजा अर्चना के लिए उनके आवेदन को 17 जनवरी, 2024 को स्वीकार किया गया।

### कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किए गए आप नेता संजय सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को एक पुराने लंबित मामले में सुनवाई के लिये बुधवार को दिल्ली से कड़ी सुरक्षा के बीच सुलतानपुर की एमपी-एमएलए अदालत लाया गया। सिंह के वकील मदन सिंह ने बताया कि आप नेता को विशेष दंडाधिकारी योगेश यादव की अदालत में पेश किया गया, जहां उनका बयान दर्ज करने के बाद उन्हें अदालत से दिल्ली भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 14 फरवरी तय की है। आप राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें ट्रेन से सुल्तानपुर लाया गया। सिंह के खिलाफ वर्ष 2008 में घेरा डालो, डेरा डालो अभियान के बाद शहर के पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

## समान नागरिक संहिता विधेयक सदन में पारित

▸ विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी



**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) बुधवार को पारित हो गया है। इसके अलावा उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिह्नित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक भी पारित हुआ। राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां यूसीसी को लागू करने की दिशा में ठोस पहल की गई है। इसी के साथ सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता विधेयक प्रस्तुत किया था। मंगलवार और बुधवार को चर्चा पूरी होने के बाद बुधवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड-2024 विधेयक को सदन से पारित करने का अनुरोध किया। इसके बाद पीठ ने बहुमत के आधार पर इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित घोषित कर दिया।

संसदीय कार्यमंत्री डा. प्रेमचंद गुप्ता ने उत्तराखंड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक-2023 प्रवर समिति द्वारा यथा संशोधित पर विचार करने के लिए प्रस्ताव को रखा। इसके बाद राजकीय सेवा में आरक्षण के इस विधेयक को पारित कर दिया गया। हालांकि, विपक्ष यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने की मांग कर रहा था। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने विधायकों के हस्ताक्षरित पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा है। विधानसभा से पारित इस विधेयक को अनुमोदन के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा।

राज्यपाल इस कानून को लागू करने लिए राष्ट्रपति के भेज सकते हैं। इस 202 पेजों के समान नागरिक संहिता विधेयक में मुख्य रूप से महिला अधिकारों के संरक्षण को केंद्र में रखा गया है। विधेयक चार खंडों विवाह और विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, सहवासी संबंध (लिव इन रिलेशनशिप) और विविध में विभाजित किया गया है। विधेयक में 392 धाराएं हैं, जिनमें से केवल उत्तराधिकार से संबंधित धाराओं की संख्या 328 है। समान नागरिक संहिता में विवाह की धार्मिक मान्यताओं, रीति-रिवाज, खान-पान, पूजा-इबादत, वेश-भूषा पर कोई असर नहीं है।

---

## दिल्ली सीएम केजरीवाल को ईडी से झटका, फिर भेजा समन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाला मामले में ईडी से फिर बड़ा झटका मिला। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। उन्हें ईडी की अर्जी पर 17 फरवरी को कोर्ट के सामने पेश होने को कहा गया है।

बता दें कि इससे पहले भी केजरीवाल को ईडी पांच बार समन भे चुकी है लेकिन दिल्ली सीएम हाजिर नहीं हुए। अरविंद केजरीवाल को अब 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होना होगा। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का पालन नहीं करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सीएम को पांच समन भेजे लेकिन केजरीवाल पेश नहीं हुए। जिसके बाद जांच एजेंसी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। वहीं, आप ने ईडी द्वारा जारी समन को राजनीति से प्रेरित बताया है और यह भी दावा किया है कि केंद्रीय एजेंसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की योजना बना रही है।

उद्घाटन

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा

## डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम में अब भारत होगा आत्मनिर्भर

एजेंसी

▸ सीडीएस चौहान ने दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि अब भारत में अत्यधिक सक्षम आत्मनिर्भर डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के निर्माण का समय है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत से देश की अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा के लिए काउंटर-स्पेस क्षमताओं को बढ़ाने पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि चूंकि देश अमृत काल से गुजर रहा है, इसलिए अंतरिक्ष संवर्धन से लेकर अन्वेषण तक सरकार ने राष्ट्र के लिए बड़े लक्ष्यों की कल्पना की है। सीडीएस चौहान बुधवार को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सीडीएस ने निजी अंतरिक्ष उद्योग भागीदारों की विभिन्न तकनीक प्रगति को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के साथ थिंक टैंक संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र और सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ यह सेमिनार आयोजित की गई।

#### इस पहल के तहत कुल पांच अनुबंधों पर हुए हस्ताक्षर

मानव जाति और युद्ध में लगे सशस्त्र बलों के लिए अंतरिक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि भूमि, वायु, समुद्र और यहां तक कि साइबर के पारंपरिक क्षेत्रों में युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग किया जा सकता है। सशस्त्र बलों की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग करने की सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए सीडीएस ने आई–डेक्स पहल के तहत मिशन डेफस्पेस 2022 के हिस्से के रूप में 75 अंतरिक्ष संबंधी चुनौतियों का उल्लेख किया। जनरल चौहान ने कहा कि इस पहल के तहत कुल पांच अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और चार अनुबंध प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। सीडीएस ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार देश के भीतर एक भरोसेमंद अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए स्टार्ट–अप सहित सभी हितधारकों को प्रोत्साहित कर रही है। हमारे पास अंतरिक्ष क्षेत्र में 2014 में एक स्टार्टअप था, जो 2023 में 204 तक बढ़ गए हैं। सरकार ने 2023 में इस क्षेत्र में 123 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, जिससे कुल फंडिंग 380.25 मिलियन डॉलर हो गई है। सीडीएस ने वर्ष 2033 तक स्वदेशी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 44 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद जताई है।

# शिक्षामित्र पर लगाया बिना स्कूल आए वेतन लेने का आरोप

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ईसानगर विकास क्षेत्र में जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर बेसिक के स्कूलों में सर्व शिक्षा अभियान का मखौल उड़ाकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब क्षेत्र के एक स्कूल में तैनात शिक्षा मित्र और उसके पति के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दिए गए शिकायती पत्रों में पति ने शिक्षामित्र पर बिना स्कूल में आए बिना बच्चों को पढ़ाए ही वेतन लेने का आरोप लगाया है। आरोप यह भी है कि उपस्थित पंजिका में कालम खाली रहने के बाद आने पर उपस्थित दर्ज कर दी जाती रही है। मामले में शिकायत किए जाने के बाद प्रधानाध्यापक ने महिला शिक्षामित्र के खाली पड़े कालमों में अनुपस्थित दर्ज कर दिया। जबकि अन्य मामलों में स्कूल आने पर शिक्षामित्र खाली पड़े कालमों में अपने हस्ताक्षर बना दिया करती थी।

**पति ने अपनी पत्नी शिक्षामित्र की ही शिकायत की**

ईसानगर विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरिया बरारी में सुमन झा शिक्षामित्र हैं। जो विद्यालय न आकर जिला मुख्यालय स्थित अपने मकान में रहती हैं। शिक्षण कार्य के दौरान स्कूल में अध्यापक उपस्थित पंजिका में कालम खाली रखें जाते हैं। आने पर शिक्षामित्र सुमन झा खाली पड़े कालमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर देती है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद पति अरविन्द नाथ झा ने बीएसए सहित उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र दे आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी सुमन झा गांव के प्राथमिक विद्यालय गौरिया बरारी में शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत हैं जो बीते चार वर्षों में कभी कभार ही स्कूल आई है। स्कूल की उपस्थिति पंजिका में कालम खाली रहते थे। महीनों बाद आने पर सुमन झा अपने हस्ताक्षर बना देती थी।

> पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद शिकायती पत्र मिला है खाली कालम रखें जाने के बारे में उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक से उपस्थित पंजिका मंगवाकर उसकी जांच करवाई जाएगी।
> **बीईओ ईसानगर अखिलानंद राय**

> लगाए जा रहे आरोप झूठे हैं शिक्षा मित्र के न आने पर उनको अनुपस्थित किया गया है।
> **इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार**

आरोप है कि बीते दिनों जनवरी माह में भी शिक्षामित्र सुमन झा की दिनों तक विद्यालय नहीं आई और अध्यापक उपस्थित पंजिका में कालम खाली पड़े रहे। जिसकी शिकायत बीएसए से किए जाने के बाद अपने को फंसते देख इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने अध्यापक उपस्थित पंजिका पर अनुपस्थित दर्ज कर दिया। जब कि इससे पहले खाली पड़े कालमों में शिक्षामित्र सुमन झा के आने पर हस्ताक्षर करवा लिए जाते थे।

## मध्यान भोजन और उपस्थिति को लेकर सीएमआईएस की तीसरी रैंकिंग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीएमआईएस पोर्टल पर मध्यान भोजन व विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर जारी की गई रैंकिंग में जिले को न्यूनतम रैंक मिली है। इस पर जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने नाराजगी जताते हुए जल्द ही रैंक को सुधारने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि हर महीने पोर्टल पर समीक्षा की जाती है। इस बार पोर्टल की समीक्षा में मध्यान भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में जनपद खीरी की न्यूनतम रैंक पाई गई है। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि ऐसे विद्यालय जिनकी संख्या 200 से कम है। उन विद्यालयों में कार्य योजना बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करते हुए छात्र छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 80 फीसदी होना सुनिश्चित कराएं। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिस भी विकास क्षेत्र की औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम व एटीएफ का निरीक्षण शत प्रतिशत से कम होगा तो खंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पीएम कुसुम योजना का टोकन अवधि बढ़ी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उप निदेशक कृषि श्रवण कुमार ने बताया है कि पीएम कुसुम योजना अंतर्गत टोकन कंफर्म करने के पश्चात जो कृषक क्रमशः 25 जनवरी एवं 5 फरवरी तक अवशेष कृषक अंश की धनराशि नहीं जमा कर पाए हैं उन कृषकों के लिए एक सप्ताह की अवधि और उपलब्ध कराने का निर्णय ले लिया गया है। इन कृषको को पुनः पोर्टल के माध्यम से मैसेज प्रेषित किया जाएगा।

### अतिक्रमणकारियों की टूटी हठधर्मिता, हटा अतिक्रमण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** महीनों से अपनी हठधर्मिता पर अडिग अतिक्रमणकारियों पर आख़िरकार जिला प्रशासन का हंटर चल ही गया।बुधवार को राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ,हल्का लेखपाल शशिकांत यादव, जहाँगीराबाद सब इन्स्पेक्टर सुधाकर सिंह मय पुलिस बल के साथ ग्राम बल्लापुर मजरे अजगना में पहुंचकर मजदूरों के सहयोग से सरकारी रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। आपको बताते चलें कि थाना क्षेत्र के बल्लापुर गांव में आबादी के अंदर बने एक सार्वजनिक सरकारी रास्ते पर प्रमोद कुमार पुत्र गया प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्रीराम आदि दबंगों द्वारा ईंट गुम्मा डालकर अतिक्रमण कर लिया गया था।जिसकी शिकायत ग्रामवासी व समाजसेवी संजय कुमार ने तमाम उच्चाधिकारियों से की भी। महीनों तक हीला हवाली चलती रही फिर भी समाजसेवी ने अपने कदम पीछे नहीं लौटाए।बराबर पैरवी चलती रही।जबकि बिपक्षियों द्वारा शिकायतकर्ता के घर का भी घेराव कर जान से मारने की धमकी भी कई बार मिली। आख़िरकार बुधवार को राजस्व टीम व पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया।

### इमामे हुसैन के जुलुश को लेकर किया मार्ग निरीक्षण

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आने वाले शुक्रवार 28 रज्जब के सफरे इमामे हुसैन के जूलूस को लेकर जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सभासद व कमेटी के लोगो के साथ जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया गया।जानकारी के मुताबिक बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह व कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा आने वाले शुक्रवार 28 रज्जब को निकले वाले सफरे इमामे हुसैन अ. के जुलूस को लेकर रूठ का निरीक्षण किया गया।बताते चले कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 28 रज्जब का जुलूस मस्जिद पचदरी से निकल कर पीरपांजु,बांध, मुक्खिन,गढ़ी से गुजर कर छोटी बाजार,छोटा इमामबाड़ा के निकट से होते हुए बड़ी सरकार,बड़ी बाजार से शबीहे कर्बला मे मजलिस के बाद समापन होता है। रूठ निरीक्षण के दौरान पूर्व सभासद इरशाद मियां,वर्तमान सभासद प्रतिनिधि सायंम मेहदी,प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह,कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय व? पुलिस के जवान मौजूद थे।

### पीड़ित के लिए फरिश्ता बनकर आगे आए कुलदीप सिंह

**मेरे लिए तो फरिश्ते से कम नही कुलदीप भैया : रिया**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया तुला निवासी आरती मिश्रा का पैर फ्रैक्चर हो गया था जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया था। बताते है ऑपरेशन में हुई गड़बड़ी के कारण करीब 18 माह से आरती मिश्रा परेशान थी। करीब 18 माह से पैर के फ्रैक्चर से जूझ रही आरती मिश्रा का जब ऑपरेशन किया गया तब बीच में तत्काल खून की आवश्यकता पड़ी सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी कुलदीप सिंह को मिली। ऑपरेशन के बीच आरती को खून की जरूरत पड़ने पर फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह ने हॉस्पिटल जाकर खुद ब्लड डोनेट किया। सफल ऑपरेशन के बाद खून देने वाले फार्मेसिस्ट कुलदीप सिंह का आरती की बेटी रिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से धन्यवाद दिया। जरूरतमंद महिला आरती मिश्रा की मदद के लिए पीएचसी पड़रिया तुला में कार्यरत फार्मेसिस्ट कुलदीप सिंह आगे आए जो आरती की परिवार के लिए फरिश्ते से कम नहीं है। आपको बता दें कोरोना काल मे भी सबकी निस्वार्थ मदद और हमेशा समाजसेवा करने के लिए फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह जाने जाते हैं।

# गन्ने के खेत मे 25 वर्षीय युवक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



घटना स्थल पर लगी भीड़ व मृतक का फाइल फोटो

ईसानगर क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में ग्राम प्रधान के 25 वर्षीय पुत्र की उस समय निर्मम हत्या कर दी गई जब वह मंगलवार को सायं नदी पार खेतो की जुताई करने गया था। जहां से सुबह जब वह घर वापस नही आया तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए इस दौरान एक गन्ने के खेत मे उसका लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई,जहां देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वही मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को ईसानगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में नदी पार राजेश कुमार के गन्ने के खेत में ग्राम प्रधान नंदकिशोर के 25 वर्षीय पुत्र अंकित का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों की चीखपुकार के बीच सैकड़ो लोग मौके पर पहुचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

इस दौरान परिजनों ने युवक की हत्या होने की बात कह बताया कि अंकित मंगलवार को सायं करीब 5 बजे घर से नदी पार खेत की जुताई करने गया था जहां से सुबह जब वह वापस नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। इसी दौरान राजेश कुमार के गन्ने के खेत मे उसका लहूलुहान शव मिला। जहां के हालात देखकर ऐसा लग रहा है कि कातिलों ने अंकित को ट्रैक्टर में बांधकर इधर उधर काफी दूर तक खींचकर गन्ने के खेत मे फेंक दिया।

> शव का पंचनामा करवाकर उसे पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> **देवेन्द्र कुमार एसओ ईसानगर**

### बेरहमी से की गई हत्या से गांव में दहशत का माहौल

ग्रामीणों की माने तो अंकित की हत्या करने वाले हत्यारे उसको बेरहमी से मारकर मौत के घाट उतारा है। वही रिश्तेदार बलराम व रमाकांत ने बताया कि घटना स्थल के हालात देखने से तो यही लग रहा है कि अंकित को ट्रेक्टर में बांधकर खेतो में इधर उधर खीचा गया है जिससे आस पड़ोस के खेत में लगे कटीले तार भी टूटे पड़े मिले है। यह सब देखने से तो यही लग रहा है कि जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है उसने बेरहमी से अंकित की हत्या कर शव को गन्ने के खेत मे फेंक दिया। वही युवक की हुई निर्मम हत्या को देखकर गांव समेत आस पड़ोस के गांवों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

### ससुराल से आने के बाद अचानक पहुच गया नदी पार

मंगलवार को दोपहर में अंकित खमरिया क्षेत्र के मटरिया गांव में स्थित अपनी ससुराल परिवार के साथ गया था,जहां से वह दोपहर बाद अपने घर चला गया,घर पहुचने के बाद सायं करीब पांच बजे वह खेत की जुताई करने को कह नदी पार कर खेत मे गया। इस दौरान किसी को भी यह अंदाजा नहीं था कि अचानक उसके साथ ऐसी घटना हो जाएगी। इस बाबत अंकित के साले अनुज ने बताया कि कल जब वह मटरिया से घर जाने लगे तो सभी लोगों ने उनसे आज रुकने को भी कहा पर वह खेत की जुताई आदि के काम का हवाला देकर न रुककर घर निकल गए थे। आज जब घटना से सम्बंधित सूचना मिली तो पूरे मटरिया गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

## महाशिवरात्रि पर जलेंगे 2 करोड़ 50 लाख दीप, हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।** भगवान भोलेनाथ के पर्व महाशिवरात्रि पर भारत नेपाल के गौरीफंटा बॉर्डर से सटे नेपाल में स्थित बेहड़ा बाबा मंदिर पर इस बार शिव भक्तों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में 2 करोड़ 50 लाख दीपों को जलाया जाएगा साथ ही पहुंचने वाले शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। कार्यक्रम की देखरेख कर रहे नरेंद्र शाह ने बताया कि इस बार 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर गौरीफंटा बार्डर से सटे नेपाल के बेहड़ा बाबा स्थल पर 2 करोड़ 50 लाख दीप प्रज्वलित करने के साथ हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। उन्होंने भारत के शिव भक्तों से बड़ी से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है।

## कृषक जागरुकता कार्यक्रम किसान मेला एवं प्रदर्शनी आयोजित



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड सभागार में कृषि सूचना तंत्र के सुद्दीकरण अंतर्गत किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन भाजपा जिला महामंत्री ब्रजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह इंस्पेक्टर भूमि संरक्षण ने कृषकों को यंत्रीकरण, फार्म मसीनरी,एफ. पी.ओ.सोलर पंप आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।नैमिष कुमार यादव सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं राजेश शुक्ला ए.डी.ओ .आई .एस. बी तथा ए.पी.ओ राजकुमार सिंह तथा अमित कुमार बाजपेयी सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा एवं बी.टी.एम हरजेश सिंह द्वारा कृषि विभाग में चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री ब्रजेश सिंह ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को बताया। इस अवसर पर कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्र के कृषक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## शगुन बाजपेयी भाकियू के प्रदेश सचिव नामित



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट द्वारा विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम कान्हीपुर निवासी विभम बाजपेई शगुन को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद गांव पहुंचे शगुन बाजपेई का भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर शगुन वाजपेई ने कहा कि बिना किसी पद के वह हमेशा किसानों के लिए आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे।

## 39वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण के तहत चलाया जा रहा स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक एवं स्वालंबी बनाने के लिए 39वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बृजेश कुमार कमांडेंट (चिकित्सा), सुरेश शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) एवं प्रीति शर्मा उप कमांडेंट, 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 39वीं वाहिनी, की समवाय सुमेर नगर में किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार, गृह मंत्रालय, सशस्त्र सीमा बल के आदेशानुसार सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के लिए नागरिक कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स प्रशिक्षण में कुल 29 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण महिंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में किया जाएगा। सुरेश शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा बताया गया कि भारत - नेपाल सीमा क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक एवं स्वालंबी बनाने के लिए 39वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जिसमें महिलाओं के लिए ब्यूटीसियन कोर्स, किसानो के लिए बीज/कीटनाशक मशीन/छोटे कृषि उपकरण का वितरण, बेरोजगार युवाओं के लिए कुक्कुट पालन, आदि सम्मिलित है। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम में निरीक्षक बिशन दास गुप्ता, समवाय प्रभारी सुमेरनगर, 39वीं वाहिनी एस.एस.बी, हर्षल मिश्रा, एरिया मैनेजर, (महिंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड), मोहम्मद अरशद एवं आस - पास गाँव के गणमान्य मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ के से.नि. सिपाही के निधन से दौड़ी शोक की लहर



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सन 1997 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से सेवानिवृत हुए सिपाही का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव स्थित पैतृक बाग में परिवरीजनों व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल लखनऊ मुख्यालय से आए अधिकारियों वह कर्मचारियों की उपस्थिति में कर दिया गया।

विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत कमेला गांव निवासी कबीर देव प्रसाद पुत्र रामस्वरूप सन 1962 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सिपाही पद पर चयनित हुए थे और सन 1997 में सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत हुए थे। कार्यकाल के दौरान उन्हें प्रेसिडेंट मेडल सहित कई प्रकार के मेडल से नवाजा गया था सेवानिवृत होने के बाद कबीर देव प्रसाद सामाजिक कार्यों में लगे रहते थे। उनके अंतिम संस्कार में सीआरपीएफ मुख्यालय लखनऊ से सुवेंद्र सिंह और कमालुद्दीन सहित कई अधिकारी और कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। उनके निधन से ग्राम वासियों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## रुपईडीहा-बहराइच-बाराबंकी राष्ट्रीय मार्ग पर जल्द आकार लेगा भारत-नेपाल मैत्री द्वार

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** रूपईडीहा कस्बे से भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर रू. 643.28 लाख की लागत से इण्डो-नेपाल मैत्री द्वार के निर्माण कार्य हेतु शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू. 321.64 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। जनपद बहराइच की तहसील नानपारा के कस्बे रुपईडीहा में बाराबंकी-बहराइच-रुपईडीहा राष्ट्रीय मार्ग के अन्तिम चौनेज में प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य होना है। प्रवेश द्वार के लिए आवश्यक भूमि को भू-स्वामी से आपसी समझौते के आधार पर क्रय किया जा चुका है। प्रवेश द्वार कार्य का अनुबन्ध गठन प्रक्रियाधीन है। अनुबन्ध गठन के छः माह की अवधि के अन्दर प्रवेश द्वार का निमार्ण कार्य पूरा करा लिया जायेगा। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने बताया कि प्रवेश द्वार के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि प्रदेश के पड़ोसी देशों/राज्यों से आने वाले पर्यटकों/नागरिकों में प्रदेश की अच्छी छवि का निर्माण हो सके। डीएम ने बताया कि सीमा पर चिकित्सालय, स्कूल/कालेज, किसान मण्डी, पर्यटन, मनोरंजन आदि की उच्च स्तरीय सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

## भाजपा से बगावत कर चेयरमैन बने आलोक तिवारी फिर भाजपा में शामिल

**प्रदेश कार्यालय पर डिप्टी सीएम व प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत**



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय चुनाव मे अधिकृत भाजपा प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड़कर पार्टी में अलग-थलग पड़े नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी भाजपा प्रदेश कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल किए जाने से हैदरगढ़ में जहां पार्टी को मजबूती प्राप्त हुई है वही आलोक तिवारी एक बार पुनः पार्टी राजनीति की मुख्य धारा से जुड़ गए।

प्रदेश अध्यक्ष के बुलावे पर अपने सैकड़ो समर्थकों एवं लग्जरी वाहनों के काफिले के साथ प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी द्वारा भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहनाकर श्री तिवारी का स्वागत किया गया और उम्मीद जताई गई कि श्री तिवारी और उनकी टीम आगामी लोकसभा चुनाव में तन मन धन के साथ लगकर पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्वागत किये जाने के बाद श्री तिवारी का काफिला भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचा जहां पर जो नियुक्त जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या द्वारा पार्टी में स्वागत किया गया।इन अवसरो पर उनके साथ ब्लाक प्रमुख रामदेव सिंह,पूर्व सांसद के प्रतिनिधि भाजपा नेता राजकुमार सिंह पलौली, बैजनाथ मौर्य, व्यापारी नेता जनार्दन शुक्ला, प्रधान त्रिवेदीगंज भाजपा नेता अरुण शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबर शरण जायसवाल, समाज सेवी दीपू तिवारी, पंकज मिश्रा विकाश पाण्डे विक्की, युवा व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी, संतोष श्रीवास्तव, नितिन मौर्य, सभासद शिवा वर्मा विपिन सोनी, सोनू द्विवेदी महेंद्र मिश्रा, नागेंद्र मिश्रा, लवकुश मौर्य,अंकित मिश्रा, सोमिल शुक्ला,विभोर गुप्ता,नीलू मिश्रा , संकट सरन वाजपेई आदि मौजूद रहे।

## मोहम्मदी हत्याकांड में पुलिस ने बढ़ाई हत्या की धाराएं, दो आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मोहम्मदी में मंसूर हत्याकांड में परिजन के दबाव के आगे झुकी मोहम्मदी पुलिस। गैर इरादतन हत्या में दर्ज मुकदमे को हत्या में तरमीम किया है। उधर मृतक के भाई ने वीडियो जारी कर आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया जाने की मांग की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। सोमवार की देर रात को मोहम्मदी के मोहल्ला मंडी रोड सरैया निवासी वार्ड मेंबर अशफाक मंसूरी का गफ्फार के बीच विवाद के बाद दोनों बच्चों में जमकर ईट पत्थर और लाठियां और धारदार हथियार चले। विपक्षियों ने ताबड़तोड़ वारकर अशफाक मंसूरी के भाई मंसूर मंसूरी को गंभीर घायल कर दिया था। शाहजहांपुर जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी नेपाल सिंह भी घटनास्थल पहुंचे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शब्बीर पुत्र अली शेर, निजामुद्दीन पुत्र उर्फ बबलू पुत्र शब्बीर, जुबेर पुत्र शरीफ व अतीक पुत्र शरीफ पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मंगलवार सुबह मृतक के भाई अशफाक ने वीडियो जारी कर योगी सरकार पर भरोसा जताते हुए आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने और एनकाउंटर किए जाने की मांग की। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। वहीं काफी गमगीन माहौल में शव को दफन किया गया। मौके पर भरी पुलिस बल मौजूद रहा।

# बृज लोक गीत उत्सव का समापन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दो दिवसीय बृज लोक गीत उत्सव का अयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से डा0 अम्बेडकर बाल कल्याण एवं नारी प्रगति सेवा समिति द्वारा लखपेड़ाबाग मैरिज हॉल, लखपेड़ाबाग बाराबंकी में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अरूण कुमार यादव (सोनू) सभासद ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोक कला के संवर्धन और संरक्षण में प्रस्तुत कार्यक्रम एक सराहनीय कदम है। इसी क्रम में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप्र टीजी बोर्ड के सदस्य बीबी शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपनी बृज लोक संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि ये लोकगीतें ब्रज क्षेत्र के लोगों की जीवन-शैली, रंग-रूप, भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रतिष्ठित करती हैं। इसी क्रम में लोक कलाकरों के द्वारा भारतीय संगीत मण्डली और राजपूत संगीत पार्टी के द्वारा ब्रज लोक गीतों के अन्तर्गत संस्कार गीत, सोहर गीत, झूला गीत, होली गीत, लोक गाथा गीत एवं कृष्ण लीला, फूलों की होली, मयूर नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति की गयी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में महेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट (पूर्व बार काउन्सिल अध्यक्ष, बाराबंकी), डा0 रामहेत विश्वकर्मा (अध्यक्ष, यू0पी0सी0 संघ, लखनऊ), कुलदीप शर्मा, भगवान प्रसाद, पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, हनुमान प्रसाद, अशोक कुमार, ज़ेबा , किरन तिवारी, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी , चित्रा शर्मा, सुनीता शर्मा, आदित्य प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र कुंवर सिंह, शत्रुहन लाल श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, डा0 आर0के0 वर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के प्रबन्धक श्री अमर सिंह जी ने कार्यक्रम में आये लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से दो की मौत, मचा कोहराम

**रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

कौड़िया थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो अलग-अलग स्थानो पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। दोनों परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली के चालक पर विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुराईनपुरवा मौजा नारायणपुर कला के निवासी राम रूप मौर्य पुत्र दयाराम मौर्य उम्र 58 वर्ष मोटरसाइकिल से शादी देखने के लिए कटरा बाजार गए हुए थे। वहीं से वापस आते समय कौड़िया थाना क्षेत्र के पयागपुर कटरा बाजार मार्ग के झौहना गांव के पास पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई । उपस्थित लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। जिस पर मृतक के पुत्र छैल बिहारी मौर्य ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर ट्रैक्टर ट्राली चालक पर लापरवाही एवं तेज रफ्तार से ट्रैक्टर ट्राली चलते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार देने का आरोप लगाया।

इसी प्रकार रामनाथ राजपूत पुत्र लालता प्रसाद उम्र 28 वर्ष निवासी गोपाल जोत धर्मपुर थाना कौडिया के साइकिल से कौड़िया बाजार गए हुए थे ।वहीं से वापस आते समय कौड़िया दुबहाबाजार मार्ग पर गोपाल जोत के




पास पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ गए। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। उपस्थित लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को देते हुए घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कटरा बाजार ले गए जहां पर तैनात चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। जिस पर मृतक के भाई रघुनाथ राजपूत ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर ट्रैक्टर ट्राली चालक पर लापरवाही व तेज रफ्तार से ट्रैक्टर ट्राली चलते हुए भाई के साइकिल पर ठोकर मार देने का आरोप लगाया । जिस पर पुलिस ने दोनों शिकायती पत्रों पर संबंधित अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालको के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौडिया अंकुर वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। जिसपर मृतक के परिजनों की शिकायती पत्र पर संबंधित ट्रैक्टर ट्राली चालकों पर विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तथा मामले की जांच व पड़ताल की जा रही है।

# सीएम ने किया एसबीआई की विधान भवन शाखा का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के गेट नंबर-9 पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। सीएम ने शाखा का अवलोकन भी किया।

इसके बाद यहां तैनात कर्मचारियों से मुलाकात की और यहां से जुड़ी जानकारी भी ली। इसके बाद उन्होंने समूह फोटो भी खिंचवाई। बैंक द्वारा प्रदेश भर में ओडीओपी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। सीएम ने ललितेश यादव को 15 लाख का चेक प्रदान किया। बैंक के अधिकारियों ने सीएम योगी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी व बैंक के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं के साथ अयोध्या नहीं जायेंगे सपा सदस्य : शिवपाल



**लखनऊ।** यूपी का बजट सत्र जारी है। सपा ने भाजपा द्वारा सभी विधायकों को रामलला के दर्शन कराने का आमंत्रण अस्वीकार कर दिया। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हमारे नेता को निमंत्रण नहीं दिया गया। हम 11 फरवरी को भाजपा नेताओं के साथ नहीं बल्कि अलग से अयोध्या जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी के भाजपा से हाथ मिलाने की खबरों पर कहा कि हम जयंत चौधरी को जानते हैं। वो हमारे साथ ही हैं।

# नेपाल से दिल्ली व लखनऊ के लिए प्रतिदिन संचालित होंगी 5-5 बसें

▸ राज्य परिवहन निगम व नेपाल राष्ट्र के मध्य परिवहन सेवाओं में वृद्धि

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा भारत एवं नेपाल के मैत्रीपूर्ण सम्बंधों, पर्यटन एवं व्यापारिक सम्बंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनसामान्य को सुविधाजनक, दक्ष एवं मितव्ययी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रथम चरण में नेपालगंज से लखनऊ के लिए 05 तथा नेपालगंज से दिल्ली के लिए 05 परिवहन सेवाएं राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा प्रतिदिन संचालित की जाएंगी।

परिवहन निगम देवीपाटन क्षेत्र में रूपईडीहा डिपो से दिल्ली एवं लखनऊ के लिए सीधी बस सेवाएं उपलब्ध करायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के इस प्रयास से दोनों राष्ट्रों के नागरिक दोनों देशों में स्थित प्रमुख तीर्थों एवं पर्यटन स्थलों पर तीर्थाटन कर सकेंगे। इससे पर्यटन के साथ ही व्यापारिक सम्बंधों में भी वृद्धि हो सकेगी। राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या धाम के भव्य, दिव्य राम मंदिर का दर्शन करने प्रतिदिन आ रहे हैं। इस सेवा के प्रारम्भ होने से नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा होगी। साथ ही भारत से भी श्रद्धालु नेपाल स्थित जानकी मंदिर एवं अन्य तीर्थस्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना कर सकेंगे। नेपालगंज से दिल्ली एवं लखनऊ हेतु परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए परमिट प्राप्त कर परमिटों को नेपाल राष्ट्र से प्रतिहस्ताक्षरित करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या की दृष्टि से दोनों राष्ट्रों के बीच परिवहन सेवाओं में और अधिक विस्तार की सम्भावना है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम आने वाले दिनों में नेपाल राष्ट्र के साथ ही अन्य पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भी इस प्रकार का अनुबंध करेगा।

### 19 से होगी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, प्रधानमंत्री होंगे चीफगेस्ट

**लखनऊ।** लखनऊ में इस बार 19 फरवरी को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अब तक आए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश सरकार को अब तक करीब 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश परियोजनाओं के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनका शिलान्यास किया जाएगा। समिट में देश-विदेश के कई बड़े उद्योगपति शामिल होंगे। समिट में औद्योगिक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए इस समिट का काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले साल इस समिट का आयोजन 10 से 12 फरवरी के बीच किया गया था। जानकारी के मुताबिक यूपी सरकार को इस समिट के माध्यम से अब तक 40 लाख करोड़ से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में करीब 20 हजार एमओयू साइन हुए थे।

## खबरें एक नजर में

### यात्रा में शामिल होने अखिलेश को कांग्रेस ने भेजा निमंत्रण पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख और यूपी के पूर्व मुख्यममत्री अखिलेश यादव को न्योता दिया है। अखिलेश ने भी निमंत्रण स्वीकारते हुए पार्टी को यात्रा के लिए बधाई दी है। कांग्रेस का यह कदम तब सामने आया है जब हाल ही में अखिलेश और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर नाराजगी सामने आई थी। इसके अलावा बिहार में नीतीश कुमार को खोने के बाद कांग्रेस पार्टी अब ज्यादा सतर्क हो गई है और उसे लोकसभा चुनाव से पहले अपने दोस्तों से बिगड़ने का डर सता रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश पहुंचने पर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को निमंत्रण पत्र भेजा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 16 फरवरी को चंदौली के सैयदराजा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली जनसभा में शामिल होने के लिए अखिलेश यादव को आमंत्रित किया है। रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है।

### पांच महिला अभ्यर्थी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 ओबीसी एससी वर्ग के शिक्षक नियुक्ति की मांग को लेकर ईको गार्डन लखनऊ के बाहर पिछले 600 दिनों से धरने एवं 43 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे है। इसी क्रम में सोमवार से पांच महिला अभ्यर्थी गुंजन राठौर, प्रियंका कटियार, मंजू पासी, रोमिया प्रिया, सोना राजपूत ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। इससे पहले इन अभ्यर्थियों का क्रमिक भूख हड़ताल चल रहा था। नाराज अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक न्याय और नियुक्ति नहीं मिल जाती तब तक उनका अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में कई बार आंदोलन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और विसंगति दूर करते हुए पीड़ित दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश अधिकारियों को दिया था, जिसके आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विसंगति को सुधारने के उपरांत 6800 दलित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का वायदा करते हुए एक सूची जारी की लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका। हमारी मांग है की सरकार इस मामले का त्वरित समाधान निकाले और सभी 6800 चयनित पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का हक अधिकार देते हुए उनकी नियुक्ति करें।

### खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण सहित झटके सात पदक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने नई दिल्ली के सेंट्रल अकादमी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ग्रैंड ओपन ताइक्वांडो चौंपियनशिप में 4 स्वर्ण 1 रजत व 2 कांस्य पदक सहित सात पदक जीत कर परचम लहराया। इसमें क्योरगी में दिव्य राज वंश ने अंडर-17 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। अभिराज यादव को अंडर-30 किग्रा व आशुतोष मिश्रा को अंडर-51 किग्रा में कांस्य पदक मिला। पूमसे इवेंट में दिव्य राज वंश, अभिराज यादव व प्राची पाल ने स्वर्ण एवं आशुतोष मिश्रा ने रजत पदक जीते। पदक विजेताओं को कोरिया के मास्टर वोन ली ने पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यह सभी खिलाड़ी वर्तमान समय में ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के मुख्य प्रशिक्षकध् निदेशक अतुल यादव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अतुल यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दिल्ली उत्तर प्रदेश राजस्थान हरियाणा पंजाब सहित आठ राज्यों के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

### भूकंप को लेकर हुई मॉकड्रिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सदर तहसील में दोपहर 12 बजे भूकंप की सूचना से हड़कंप मच गया। भूकंप आने से तहसील में मौजूद लोग डर गए। जान बचाने के लिए सभी कर्मचारी, अधिकारी बिल्डिंग से बाहर निकल आए। सूचना पर राहत आपदा की टीम और एनडीआरएफ-एसडीआरएफकी टीम भी पहुंची। एनडीआरएफऔर एसडीआरएफकी टीम ने बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकाला गया है। फिलहाल ये सब मार्क ड्रिल का हिस्सा है। बुधवार को जिला प्रशासन और एनडीआरएफऔर एसडीआरएफकी टीम के द्वार भूकंप आने को लेकर अभ्यास किया था। न ही भूकंप आया था।

### संतकबीर नगर के डीपीआरओ बने अविनाश कुमार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पंचायती राज विभाग में 7 पदोन्नत डीपीआरओ को तैनाती मिली है। इसका आदेश अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने जारी किया है। जिन अधिकारियों को तैनाती मिली है उनमें इंद्र नारायण सिंह को डीपीआरओ चित्रकूट बनाया गया है। वहीं मनोज कुमार त्यागी को डीपीआरओ अमेठी की जिम्मेदारी दी गई है। भदोही का डीपीआरओ संजय कुमार मिश्रा को बनाया गया है। वहीं शिव बिहारी शुक्ला हापुड़ के डीपीआरओ बने हैं। अविनाश कुमार डीपीआरओ संतकबीरनगर बनाये गये हैं। शामली डीपीआरओ की जिम्मेदारी संदीप अग्रवाल को दी गई है। बागपत के नये डीपीआरओ अरुण खत्री होंगे।

### शातिर चोर गिरफ्तार, दो बाइकें बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उनके पास से दो चोरी की बाइके बरामद की। पुलिस ने शातिर चोरो पर चोरी के माल की बरामदी की धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनो शातिर चोरो को जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया बुद्धवार को मुखबिर ने चोरी की बाइक बेचने की फिराक में दो शातिर चोरो के मोहनलालगंज के गौरा सुनसान स्थान पर खड़े होने की सूचना दी। सूचना पर विश्वास करते हुये दारोगा संतोष सिंह,हिमांशु पांडे समेत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनो शातिर चोरो को एक बाइक सहित दबोच लिया गया। पुछताछ करने पर दोनो चोरो ने अपना नाम मो0 ताहिर उर्फछोटे मियां निवासी टैम्पो स्टैंड,नीलमथा थाना कैंट व दुर्गेश रावत निवासी कटहरीबाग,नीलमथा बताया। कड़ाई से पुछताछ करने पर दोनो शातिर चोरो ने एक स्पैलेंडर प्रो बाइक दो महीने पहले लखनऊ शहर व दूसरी एच एफडीलक्स बाइक 15दिन पहले अवध शिल्पग्राम से चोरी करने की बात कबूली। दोनो की निशानदेही पर दूसरी चोरी की बाइक भी उनके पास से बरामद की गयी।

# नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाकर पूरा करें विकसित भारत का संकल्प : भूपेंद्र

▸ सपा, बसपा, आप व कांग्रेस छोड़कर बड़ी तादाद में पदाधिकारी हुए भाजपाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के सूबाई दफ्तर पर सपा, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के अध्यक्षों, नगर निगम के पार्षदों, ब्लॉक प्रमुखों और जिला पंचायत सदस्यों ने बड़ी संख्या में अपने समर्थको के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का देश व प्रदेश में बढ़ते जनाधार और लोककल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर विभिन्न दलों से आए सैकड़ों नेताओं को भाजपा परिवार में सम्मिलित करते हुए सभी का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि भाजपा की अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों व लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में सभी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे तथा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाकर भारत को विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर बनेंगे पीएम और पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज आप सभी भाजपा का हिस्सा बने हैं आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। 100 फीसदी वोटो में 60 फीसदी वोट हमारा है, बाकी 40 फीसदी वोट में बटवारा है और बटवारे में भी हमारा है। हमें हर बूथ पर कमल खिलाना है और भाजपा जिताना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार है, जो सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के साथ ही हमें हर बूथ पर विपक्षी दलों की जमानत जब्त करने का काम करना है।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी परिवार निरन्तर बढ़ रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र दल है जिसमे कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है।

### महिला सम्मान बचत पत्र में यूपी में वाराणसी अव्वल

**लखनऊ।** आजादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ महिला सम्मान बचत पत्र को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है। 1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में पूरे उत्तर प्रदेश में दस माह में 72 हजार से ज्यादा महिलाओं ने लगभग 6.36 अरब रूपये का निवेश किया है। इसमें भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में अवस्थित वाराणसी परिक्षेत्र में सर्वाधिक 18,721 महिलाओं ने निवेश कर रिकॉर्ड बनाया है। वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर में महिला कर्मियों के लिए विशेष रूप से तैयार फीडिंग रूम के शुभारंभ अवसर पर पीएमजी वाराणसी के.के.यादव ने कहा कि वाराणसी परिक्षेत्र में महिला सम्मान बचत पत्र में 18,721 महिलाओं ने 93.51 करोड़ रूपये से ज्यादा का निवेश किया है।उन्होंने कहा कि डाक विभाग महिला सशक्तिकरण और सम्मान के लिए जहाँ अपने कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए तमाम सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में महिला सम्मान बचत पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को मूर्त रूप देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र में 3.20 लाख सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं।

# अयोध्या में सरकार के संरक्षण में हुआ जमीनों का गोरखधंधा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अखिलेश यादव योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का जीरो टॉलरेंस ही जीरो हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि यूपी में अब जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। अयोध्या में जमीनों की खरीदारी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ।उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अयोध्या का पुराना गौरव वापस लौट आया है। हमें खुशी है कि हमने अपना वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि यूपी में अब जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। अयोध्या में जमीनों की खरीदारी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। ये भ्रष्टाचार सरकार के संरक्षण में हुआ। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की नीति जीरो हो गई है।अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए सरकार से सवाल किया कि सरकार महंगाई को कम करने के लिए क्या कर रही है? महंगाई बढ़ रही है। खाने-पीने के दामों में बढ़त हुई है। लोगों के पास रोजगार हैं नहीं। नौकरियां मिल नहीं रही हैं और सरकार वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना दिखा रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब लोग 112 पर कॉल करने से डरते हैं कि उनसे वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के सबसे तेज रिस्पांस सिस्टम को बर्बाद कर दिया गया। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। प्रदेश में लॉ अलग है ऑर्डर अलग है।

# 3.6 करोड़ लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

समृद्धि न्यूज

▸ 17 जिलों में 36 हजार टीमें अभियान में होंगी शामिल, 10 से होगा शुरू

**लखनऊ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश ने बताया कि कुल 17 जिलों में चलने वाले इस अभियान में लखनऊ समेत 10 जिलों में ट्रिपल थेरेपी दवा खिलाई जाएगी। बाकी जिलों में डबल थेरेपी दवा दी जाएगी। लखनऊ में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के प्रभारी और एसीएमओ डॉ.आरएन सिंह ने बताया कि लखनऊ में करीब 54 लाख लोगों को दवा खिलाने के कुल 4500 टीमें लगाई गई हैं। इस अभियान की निगरानी के लिए 550 सुपरवाइजर भी लगाए गए हैं।

राजधानी लखनऊ में करीब ढाई हजार मरीज फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित है। सबसे अधिक मरीजों की संख्या माल, मलिहाबाद और मोहनलालगंज क्षेत्र में है। शहरों में ऐसे मरीजों की संख्या कम है। इसके पीछे की वजह है फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों का सामने ना आना है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को दवा खिलाई जाती है, जिससे उन्हें फाइलेरिया से राहत दिलाई जा सके। 10 फरवरी से लेकर 28 फरवरी तक एक बार फिर इस अभियान को चलाया जाएगा। जिसमें घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने लोगों को दवा खिलाएंगे।

डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन की दवा खिलाना काफी चुनौती पूर्ण होता है। यहां फ्लैट में रहने वाले और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को दवा खिलाने में अड़चने आती हैं। इसके पीछे की वजह है लोगों में जागरूकता की कमी है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी योगेश रघुवंशी मौजूद रहे। डॉ.रितु श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ में इस बार करीब 54 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाई जाएगा। जिसमें गंभीर मरीज, गर्भवती महिलाएं और 2 साल से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर बाकी सभी को यह दवा खिलानी है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने लोगों को दवा खिलाएंगे।




**मंजूरी** | आगरा में दो योजनाएं स्वीकृत, फतेहपुर सीकरी में फसाड लाइटिंग : जयवीर

# थीम लाइटिंग और लेजर शो से जगमगाएगी गीता गोविंद वाटिका

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/आगरा।** मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगरा में दो योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, पहली योजना गीता गोविंद वाटिका में थीम लाइटिंग व लेजर शो और दूसरी योजना फतेहपुर सिकरी में फसाड लाइटिंग की स्वीकृत हुई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में आगरा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। यहां विश्व प्रसिद्ध ताजमहल, आगरा का किला, फतेहपुर सीकरी यूनेस्को की सूची दर्ज है। इसके अलावा गीता गोविंद वाटिका, बटेश्वर समेत कई अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं। यही कारण है कि देश-दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत फतेहपुर सिकरी पर लगभग 2.66 करोड़ रुपये से फसाड लाइटिंग कराई जाएगी। इसी तरह गीता गोविंद वाटिका में लगभग 4.20 करोड़ रुपये से थीम लाइटिंग और लेजर शो होगा। दोनों योजनाओं में 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 50 प्रतिशत आगरा विकास प्राधिकरण खर्च करेगा। हमारा प्रयास है कि पर्यटक उत्तर प्रदेश से बेहतर अनुभव लेकर जाए। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत जनप्रतिनिधि, सक्षम व्यक्ति, संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं। प्रस्ताव पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। जनप्रतिनिधियों की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे, उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी, 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। योजना में प्रत्येक विधानसभा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग भ्रमण के लिए निकलें। ऐसा तब होगा जब लोगों के नजदीक पर्यटन के विकल्प उपलब्ध होंगे। सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित करने की तैयारी है। इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने के साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

# घटिया सामग्री से हो रहा नाली व आरसीसी का निर्माण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

गांव के विकास के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर ग्रामवासियों की सुविधा हेतु पानी निकासी के लिए ग्राम में नाली निर्माण का कार्य किया जाता है लेकिन ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

घटिया ईट, बालू, सीमेंट आदि सामग्री का उपयोग कर नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है।बता दें कि घटिया सामग्री के उपयोग से नाली और आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर बनी नाली क्षतिग्रस्त होकर टूट रही है। मामला सदर तहसील के विकासखंड पंडरी कृपाल के ग्राम पंचायत तुलसीपुर कोड़री गांव का है। जहाँ ग्राम प्रधान नाली निर्माण में पीली ईंट व कम सीमेंट व अधिक मात्रा में बालू डालकर घटिया निर्माण कर योगी सरकार के योजना पर जमकर पलीता लगा रहा है।



### घटिया सामग्री से जल्द खराब होंगी सड़के और नालियां

सूत्र बता रहे है कि ग्राम पंचायत में हो रहे नाली व सड़क निर्माण पर कई लोगो ने आक्रोश जताते हुए बताया कि नाली और सड़क निर्माण की गुणवत्ता में एक ट्राली बालू पर कुल चार बोरी ही सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है और पीले ईंट का प्रयोग कर योगी सरकार की नीतियों का पलीता लगाया जा रहा है।सूत्र बता रहे है कि ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि यदि नाली निर्माण की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो नाली जल्द ही ध्वस्त हो जाएगा और लोगों के घरों में पानी भर जाना संभव है। यदि नाली और सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचारियों की नकेल न कसी गई तो गांव का विकास असंभव है।सवाल यह है कि यदि योगी सरकार की योजना पर भ्रष्टाचार ग्राम प्रधान व उच्च अधिकारियों की कमर नहीं कसा गया तो योगी सरकार की योजना पर विभागीय अधिकारी भ्रष्टाचार करने का कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।गौरतलब है कि किसी भी निर्माण का मूल्यांकन व जांच उपमंत्री द्वारा की जाती है तभी उसकी गुणवत्ता का आकलन होता है और वह निर्माण कार्य का मूल्यांकन करते हैं लेकिन उपमंत्री की भी इस निर्माण कार्य में मूक सहमति मालूम होती है।वही सूत्र बता रहे हैं कि राजनैतिक संरक्षण के चलते ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार कही न कही उच्च अधिकारियों के भी सांठ–गांठ को दर्शाता है जिससे ग्राम प्रधान मनमाने ढंग से नाली और सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री डालकर जेब भरने में लगा है।

### ब्लॉक में नहीं जनरेट हुई है आईडी : सूत्र

विकासखंड पंडरी कृपाल के गांव तुलसीपुर कोड़री में बन रही सड़क व नाली निर्माण को प्रधान के द्वारा लोगों से बताया जा रहा कि उसकी आईडी ही नहीं जनरेट हुई है जो काम करवा रहे उसका पैसा हम बाद में निकाल लेंगे। जब इस प्रकरण में बीडियो पड़री कृपाल से दूरभाष पर जानकारी लेना चाहे तो उन्होंने कहा इस समय मीटिंग चल रही है बाद में बात होगी ।

### जिलाधिकारी नेहा शर्मा की भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ी कार्यवाही

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर लेखपाल निलंबित

- लेखपाल के खिलाफ मिली थी शिकायत, डीएम के आदेश पर जांच के बाद की गई कार्यवाई



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए, लेखपाल को निलंबित कर दिया है। सदर तहसील के सालपुर क्षेत्र के लेखपाल द्वारा रिश्वत लिए जाने की शिकायत पर यह कार्यवाही की गई है। लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण के जांच अधिकारी तहसीलदार गोण्डा को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

बता दें, बीते दो दिनों में यह दूसरी कार्यवाही है। भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्यवाही कर जिलाधिकारी ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जीरो टॉलरेंस नीति के प्रतिकूल आचरण स्वीकार्य नहीं होगा।

**यह है मामला :** सदर तहसील के सालपुर क्षेत्र के लेखपाल संतोष शर्मा का एक वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें, लेखपाल को पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए। सोशल मीडिया में प्रकरण सामने आने के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इसका तत्काल संज्ञान लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार द्वारा संबंधित लेखपाल के निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। काश्तकार से रिश्वत लेने तथा जिला प्रशासन एवं तहसील की छवि खराब करने तथा पदीय कदाचार एवं शासन की मशा के प्रतिकूल कार्य करने के लिए सन्तोष शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि निलम्बन की अवधि में सन्तोष शर्मा, लेखपाल उप जिलाधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध रहेगें एवं बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगें।

# बिना मान्यता के चल रहे निजी विद्यालय का बेसिक शिक्षा अधिकारी ने लिया संज्ञान

**रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

समृद्धि खबर का असर न्यूज





क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे निजी विद्यालय एवं सरकार के दिशा निर्देशों का पालन न करने पर बीएसए ने क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान पर विभागीय कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए क्षेत्र में बिना मान्यता के विद्यालय संचालकों पर जांच कर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह में बिना मान्यता एवं सरकार के निर्देशों का अनुपालन न करने की खबर दैनिक समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था । जिसको गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रेमचंद यादव ने क्षेत्र के राम प्यारे शिक्षण संस्थान को कारण बताओं नोटिस देते हुए खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए क्षेत्र में संचालित बिना मान्यता के चल रहे निजी विद्यालयों की जांच कर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने विद्यालय संचालक से दूरभाष पर जब पूछा कि तुम्हारा विद्यालय कितनी कक्षा तक मान्यता प्राप्त है इस पर रामप्यारे शिक्षण संस्थान के संचालक ने बताया कि हमारा विद्यालय कक्षा 5 तक मान्यता प्राप्त है और मैं कक्षा 8 तक विद्यालय चला रहा हूँ इस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कक्षा 6 ,7 और 8 के बच्चों को तुरंत वहां से हटा दो जब तक मान्यता न हो जाए तब तक कक्षा 5 तक ही विद्यालय चलाओ अन्यथा की स्थिति में आपके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# विज्ञान क्लब ने मंडल स्तरीय प्रदर्शनी का किया आयोजन

**गोंडा समृद्धि न्यूज़**

भारत देश के देशज ज्ञान और विज्ञान को बढ़ावा एवं उसमें नवाचार करके हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं उक्त बातें जिला विज्ञान क्लब गोंडा द्वारा गीता इंटरनेशनल स्कूल गोंडा के सभागार में आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए देवीपाटन मंडल आयुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र ने कही विशिष्ट अतिथि एडीएम श्री चंद्रशेखर, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रविंद्र कुमार पांडेय एवं जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव रहे।

निर्णायक की भूमिका में साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अरविंद कुमार शर्मा, एमएलके पीजी कॉलेज के डॉ वसंत कुमार गुप्ता ,राजकीय महाविद्यालय श्रावस्ती के निर्देश कुमार रवि एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के बीसीए विभाग के असि प्रो इंजीनियर अभय कुमार द्विवेदी रहे वही जिला समन्वयक बहराइच डॉ एन के शुक्ला, बलरामपुर के जिला समन्वयक सर्वजीत वर्मा एवं श्रावस्ती से श्रीनिवास तिवारी अपने-अपने जिले के बच्चों के साथ प्रदर्शनी के सफल संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। मंच संचालन नोडल समन्वयक देवीपाटन मंडल डॉ रेखा शर्मा ने किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राकेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं देश के विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं गीता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक श्री रंगेश अग्रवाल



ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया देवीपाटन मंडल के चारों जिलों गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती से कुल 60 प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में लगाए गए थे सभी बच्चों के प्रोजेक्ट को अतिथियों एवं सभी शिक्षकों ने सराहा।

प्रदर्शनी में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज गोंडा के उदित मिश्रा प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहे जिन्हें प्रमाण पत्र ,स्मृति चिन्ह एवं रु.10000 नगद पुरस्कार स्वरूप दिया गया वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक गोंडा के अभिषेक कुमार कश्यप सफल रहे इन्हें स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं रु.7000 कैश प्राइज दी गई, तृतीय स्थान प्राप्त करने में भी इसी विद्यालय की विद्या शुक्ला सफल रही जिन्हें स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं रु.5000 प्रदान कर सम्मानित किया गया। जीआईसी गैसरी बलरामपुर की सोनाली चौरसिया एवं आर एल शांति पब्लिक इंटर कॉलेज बलरामपुर की काव्या को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप रु.2000 प्रदान किए गए। उक्त कार्यक्रम में प्रवक्ता एस सी जायसवाल विज्ञान प्रदर्शनी के प्रभारी रहे एवं सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं बुके भेंट करके किया वहीं रितेश अग्रवाल, एकेडमिक डायरेक्टर गीता इंटरनेशनल स्कूल विमल राय, नीलम अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार गुप्ता, रामस्वरूप पांडे, प्रदीप पांडे, अल्पना तिवारी, ध्वनि, जगत नारायण यादव, राजवर्धन श्रीवास्तव, विष्णु कुमार शुक्ला, इश्तियाक अहमद, उमेश त्रिपाठी, मालिक राम, कृष्ण कुमार पाल, चंद्र भूषण सिंह, अखिल तिवारी, अभिषेक अवस्थी, राज बाबू तिवारी, अंशुमान मिश्रा का सहयोग सराहनीय रहा।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. सोमनाथ व वैष्णवी ने किया जिले का नाम रोशन



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सफलता उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। कुछ इसी तरह तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के होनहार बेटे सोमनाथ गोस्वामी व होनहार बेटी वैष्णवी ने कर दिखाते हुए अपने परिवार,क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर अमरहा के मजरा सिकिहा निवासी डॉक्टर सोमनाथ गोस्वामी ने चिकित्सा विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यह जानकारी डॉ. सोमनाथ गोस्वामी ने स्वयं दी है। उन्होंने बताया कि पर्म स्टेट चिकित्सा विश्वविद्यालय (रूस) से जुलाई 2023 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर चिकित्सा विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए आवेदन किया था, बीते 20 जनवरी को परीक्षा हुई थी,जिसका परिणाम अब आया है। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि कन्हैयालाल इंटर कालेज से हाईस्कूल, श्रीराम सिंह इंटर कालेज से इंटरमीडियट की परीक्षा पास करके वह एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रूस गए थे। जहां से एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने बड़े भाई ओमकार गोस्वामी को दिया है। डॉ. गोस्वामी की इस सफलता पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव त्रिलोकीनाथ तिवारी, कांग्रेस नेता तौवाज खान, राम आशीष गोस्वामी, मनमोहन गोस्वामी, श्याम गोस्वामी, मनीष श्रीवास्तव, दिनेश गोस्वामी, गणेश गोस्वामी, जीतलाल गोस्वामी एडवोकेट व अवधराज गोस्वामी सहित लोगों ने बधाई दी है। कटराबाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत सर्वांगपुर निवासी पूर्व प्रधानाचार्य जनता लघु माध्यमिक विद्यालय की होनहार बेटी वैष्णवी सिंह का चयन लेखपाल पद पर हुआ है,जिसे तहसील तरबगंज में तैनाती मिली है। जिससे परिजनों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं देकर हौंसला अफजाई किया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता हांसिल कर लेखपाल पद पर चयनित होकर वैष्णवी सिंह ने अन्य लड़कियों सहित उन तमाम प्रतिभागियों के लिए जो प्रतिस्पर्धा की दौड़ में हैं,के लिए एक उदाहरण पेश किया कि किसी भी क्षेत्र में कड़ी मेहनत व लगन से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बताते चलें कि इससे पहले भी वैष्णवी सिंह का चयन केवीएस, बिहार प्राथमिक विद्यालय व बिहार के ही जूनियर स्कूल में हो चुका है साथ ही वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता के साथ साथ अपने भाई शिवेंद्र सिंह शिवम को दिया है। वैष्णवी सिंह के सफलता पर क्षेत्र के तमाम लोगों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

### हिंदू-मुस्लिम भाईचारा के लिए प्रतिबद्ध : मसूद खान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के विकासखंड रुपईडीह के भ्रमण पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खान ने ग्राम पंचायत पन्ना बगुलाहा,रूपीडीह,दुलहापुर पहाड़ी, आर्य नगर, रुकमंगदपुर, में लोगों से बात करते हुए कहा कि मैंने हमेशा इस जनपद में हिंदू मुस्लिम भाईचारा को बनाए रखने का हमेशा प्रयास किया है और आगे भी इसे पूरे देवीपाटन मंडल में हिंदू मुस्लिम के बीच भाईचारा बनी रहे प्यार मोहब्बत बनी रहे उसके लिए मैं प्रतिबद्ध हूं देश की एकता अखंडता के लिए इस देश में भाईचारा का बना रहना बहुत जरूरी है श्री खान ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जब से केंद्र और उत्तर प्रदेश में सरकार आई है तब से उसने नफरत को बांटने का काम किया है हिंदू मुसलमान के बीच में झगड़ा लगाने का काम किया है मुख्य मुद्दा जो महंगाई बेरोजगारी है उस से लोगों का ध्यान हटाने के लिए धार्मिक मुद्दों को भारतीय जनता पार्टी उछाल रही है श्री खान ने कहा कि हम जहां कजरी तीज में कांवरियों भाइयों के लिए पंडाल लगते हैं उनको फल वितरित करते हैं मिष्ठान वितरण करते हैं तो हम मोहर्रम में भी दसवीं के दिन भी लंगर और सबील लगाते हैं हम होली में त्योहार से पहले अपने तमाम गरीब हिंदू परिवारों के साथ होली समागम कार्यक्रम करते हुए गरीब महिलाओं बच्चों को कपड़े व अन्य उपहार वितरित करते हैं दिवाली में भी लोगों खुशियां बढ़ाते हैं और ईद की भी खुशियां लोगों के बीच बांटते हैं क्योंकि मुझे राजनीति विरासत में नहीं मुझे सामाजिक कार्य सामाजिक सेवा विरासत में मिली है हम इसे आगे बढ़ाते रहेंगे और समाज में भाईचारा कैसे मजबूत हो उस दिशा में हमेशा हमारे कदम बढ़ते रहेंगे भाईचारा से ही देश का विकास देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिलेगी श्री मसूद खान ने आज कई निजी, व सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और समाजवादी पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे PDA पखवाड़ा कार्यक्रम में भी गरीब, दलित, और पिछड़ी बस्तियों में जाकर उनके बीच अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी का संदेश पहुंचाया इस भ्रमण में उनके साथ प्रधान पन्ना बगुलहा अहमद, पूर्व प्रधान फारुख खान, नान बच्चा लंबरदार समेत दर्जनों लोग शामिल थे

# समय से विद्यालय नहीं आते अध्यापक

- छात्र करते रहते है इंतजार
- ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के संविलियन विद्यालय अरनवा में अध्यापक कभी समय से नहीं आते है।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवपुर से की है। जिले के शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के अरनवा में लगभग चार विद्यालय है। लेकिन संविलियन विद्यालय की शिकायत आये दिन होती रहती है। कभी खाद्यान को लेकर तो कभी शिक्षक के न आने को लेकर ये आम बात है इस विद्यालय की। ताजा मामला बुधवार का है जब सुबह के करीब 10 बजकर 30 मिनट का समय था। और विद्यालय में स्कूल के छात्र अध्यापको के आने का इंतजार कर रहें थे। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी स्कूल के अध्यापक नहीं पहुंचे। जानकारी लेने पर खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव ने बताया की जानकारी मिली है। जांच की जाएगी।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए बच्चों को रोज स्कूल भेजने को किया प्रेरित



- बेसिक शिक्षा विभाग बहराइच की ओर से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा विभाग तथा सांस्कृतिक मंच संस्था के संयुक्त पहल से बुधवार को जिले के जरवल ब्लॉक अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक द्वारा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत समीक्षा सांस्कृतिक मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम तप्पेसिपाह तथा जरवलरोड बाजार में तूफानी चौराहे के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। तथा उन्हें समझाया कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए उनके अभिभावकों के खाते में भेजी जाने वाली धनराशि का सदुपयोग ड्रेस–जूते, पठन पाठन सामग्री पर ही खर्च करें, साथ ही अभिभावक अपने मोबाइल में दीक्षा ऐप, रीड रीड एलांग ऐप, स्वीट चैट ऐप डाउनलोड कर बच्चों को घर पर शिक्षण कार्य कराएं। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के मंचन से गुदगुदाते हुए निपुण लक्ष्य, बालिका शिक्षा, डीबीटी, मिशन कायाकल्प व समर्थ ऐप के जरिए साथ ही साथ बेटी बचाओ–बेटी पढाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से बीईओ जरवल संतोष सिंह, एआरपी कल्पना मिश्रा, रियाज अहमद, मो अहमद, अब्दुल मोमिन प्रधानाध्यापक सुरेश सरोज समेत सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

# आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर में स्वास्थ्य केन्द्रों का होगा कायाकल्प

- परिषदीय विद्यालयों में स्थापित होगा स्मार्ट क्लास व ओपेन जिम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नीति आयोग की ओर से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त आवंटन के सापेक्ष आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर के स्वास्थ्य उप केन्द्रों, ग्रामीण मिनी स्टेडियम मरौचा व चिरैय्याटांड के उच्चीकरण एवं परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस एवं ओपन जिम की स्थापना के लिए कार्यदायी संस्था पैक्सफेड के अधि.अभि. चन्द्र प्रकाश को निर्देश दिया गया कि प्रस्ताव यथाशीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराएं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा, मदरसा बोर्ड, पुलिस भर्ती एवं समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसौदिया, डीएसटीओ अर्चना सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, डीएचआईओ बृजेश सिंह, एडीएसटीओ तीरथ वर्मा, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ पीयूष नायक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### दृढ़ता के बलबूते अनूप ने गढ़े सफलता के सोपान

- पहले नेट अब उत्तराखंड राज्य पात्रता परीक्षा में चमके



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। स्वामी विवेकानंद जी की इन बातों को आत्मसात कर अनूप शुक्ला ने अपनी पढ़ाई के क्रम को जारी रखा। जिसका परिणाम रहा है कि 10 दिन पहले नेट परीक्षा पास कर असिस्टेंट प्रोफेसर बने। अब उत्तराखंड राज्य असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी में भी 66.67न्न अंकों के साथ उत्तीर्ण कर सफलता के नित नए सोपान गढ़ रहे हैं। उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। मूलरूप से गोंडा जिले खेमपुर नसीरपुर के रहने वाले प्रमोद शुक्ला जो राष्ट्रीय अखबार में जिला प्रभारी हैं के पुत्र अनूप शुक्ला प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं। वह इस समय शहर के मोहल्ला सूफीपुरा में रहते हैं। उत्तराखंड प्रांत के कुमाऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा यूसेट में अनूप शुक्ला ने राजनीति शास्त्र विषय की अनारक्षित श्रेणी में 66.67 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इससे पहले जनवरी में वे नेट क्वालीफाई भी कर चुके हैं। अनूप वर्तमान में पंड़ित अशोक मिश्र महाविद्यालय खुटेहना से बीएड कर रहे हैं। अनूप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबा मेवा राम शुक्ल, पिता प्रमोद शुक्ल, माता, भाइयों व गुरुजनों को दे रहे हैं।

# छूटे हुए 21 छात्रों को प्रदेश सरकार की तरफ से मिला स्मार्टफोन

- शिक्षा के लिए स्मार्टफोन है उपयोगी : प्रो. दिव्य दर्शन तिवारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव प्रबन्ध समिति अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव प्रबंधक रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं को स्मार्टफोन देने का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाओं को आप लोगों के बीच अधिक से अधिक लाभ दे रही है जिसे आप सभी लोग सही दिशा में उपयोग करे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपको बेहतर शिक्षा और आवश्यकता को देखते हुए स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही है। इन संसाधनों का उपयोग कर अपने भविष्य का निर्माण कर सकते है और सभी को छात्रों को शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉक्टर मुकेश चंद्र श्रीवास्तव नोडल डीजी शक्ति ने बताया कि स्नातक फाइनल छूटे हुए छात्रों को प्रदेश सरकार की तरफ से 21 स्मार्टफोन प्राप्त किए गए और कहा कि छात्र-छात्राएं प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए स्मार्टफोन का उपयोग कर शिक्षा को सरल और सुगम बनाये। इस अवसर पर प्रो सुभाष चंद, प्रो दयाराम यादव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी,नन्दन श्रीवास्तव, ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सुबी खान, रवेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड जरवल व फखरपुर में आयोजित हुआ रोजगार मेला

- मेले में 337 बेरोज़गार अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**बहराइच समृद्धि न्यूज**



राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड जरवल एवं फखरपुर मे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। ब्लाक जरवल में आयोजित रोज़गार मेले में 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 250 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 170 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। जबकि फखरपुर में सम्पन्न हुए रोज़गार में सम्मिलित 11 कम्पनियों ने 255 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 167 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। ब्लाक सभागार फखरपुर में आयोजित रोज़गार मेले का मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण करते हुए अभ्यर्थियों का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठाएं। मुकुट बिहारी वर्मा ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया कि स्थानीय डिमाण्ड तथा अपनी शैक्षिक योग्यता एवं रूचि के अनुरूप प्रशिक्षण हेतु ट्रेड का चुनाव करें ताकि आपको रोज़गार प्राप्त करने में आसानी हो। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष फखरपुर प्रदीप पाण्डेय, सतीश शुक्ला, मेला प्रभारी राहुल बाजपेयी, कार्यदेशक धर्मेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र गोड, अर्पित मौर्य, भानु प्रताप, निरंजन लाल, नदीम अहमद, अबू बक्र और जियाउल हसल रिजवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा के थारू बाहुल्य गांव में कल लगेगा स्वास्थ्य शिविर

- शिविर में 40 मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर आने वाले मरीजों का करेंगे इलाज
- गेंद घर मैदान के मेगा कैंप का डिप्टी सीएम केशव मौर्य करेंगे उद्घाटन
- मेडिकल कैंप में नि:शुल्क दवा एवं जांच की रहेगी सुविधा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की ओर से 9 फरवरी व 10 फरवरी को जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तैयारी बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन बहराइच की जिलाध्यक्ष डाक्टर सारिका साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत नेपाल सीमा पर लगने वाले इन स्वास्थ्य कैंपों में लोगों की जांच करके दवाइयो का वितरण किया जाएगा उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेले का आयोजन का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन नर सेवा नारायण सेवा के भाव को लेकर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर चतुर्थ श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत सीमावर्ती गांव में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा तथा 11 फरवरी को गेंदघर मैदान में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य मेंले का आयोजन किया गया है।सचिव विकास मिश्रा ने बताया शहर के गेंद घर मैदान में लगने वाले मेगा स्वास्थ्य कैंप मैं मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री डॉक्टर केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहेंगे ।उन्होंने बताया कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी संबंधित को जिम्मेदारी सौंपी गई है । गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने बताया की सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 9 फरवरी से विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में मिहींपुरवा ब्लॉक क्षेत्र के बर्दिया फकीर पुरी आंबा ,सलारपुर ,भगड़िया, पर्गहवा,जोगनिया ,पड़रिया ,करमोहना ,सोहनी बलाई गांव कठौतिया गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा नवाबगंज बाबागंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रंजीत बोझा मिहींपुरवा केवलपुर सहजन जैतापुर , विशुनापुर, निधिनगर पोखरा , खैरहनियां तथा 10 फरवरी को इटहवा, जमदान होलिया , मजगवां , छोटियागांव, गुलहरिया, गंगापुर चरदा, रामनगर गुलहरिया ग्राम में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहर के गेंदघर मैदान में दिनांक 11 फरवरी को विशाल चिकित्सा शिविर के समन्वयक रमेश कुमार ने बताया कि चिकित्सा शिविर मैं किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, मेडिकल कॉलेज लोहिया संस्थान संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच सहित 40 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टर पहुंच रहे हैं यह डॉक्टर कैंप में आने वाले मरीज का निशुल्क जांच कर दवाएं देंगे एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी ।पत्रकार वार्ता मे प्रचार विभाग के अतुल ,विपिन, गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सहसंयोजक सेवा भारती के अभिषेक ,नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य डॉ प्रभात मिश्रा, डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ,डॉक्टर अमिताभ, डॉक्टर दिव्येश बरनवाल, डॉक्टर बृजेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# मार्ग बदहाल, जलभराव से चलना दुश्वार

**ऊंचाहार, समृद्धि न्यूज।**

खस्ताहाल मार्ग पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है।जिन मार्ग में गड्ढे होने के कारण मार्ग पर आने जाने तक में दिक्कत हो रहा है।स्कूली बच्चों को इन दिनो वर्षात होने पर आने जाने वाले वाहनों से छीटे गड्ढो में भरे पानी से ड्रेस तक नष्ट हो रहे है।साथ ही दुर्घटनाओं की होने की अशंका बना हुआ है।

बताते चले कि ऊंचाहार ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत गांव पचखरा से पक्का मार्ग सूची-खरौली मार्ग तक गया है।जिस मार्ग पर विगत दो दशक से मरम्मत कार्य न होने के कारण मार्ग खस्ताहाल है।

मार्ग पर जलभराव वर्षात से होने के कारण मार्ग में पानी तक भरा हुआ है।ये मार्ग सूची से पचखरा फिर पचखरा से रामसाण्डा तक गया है।इस मार्ग से आने जाने वाले कई दर्जनों गांव के ग्रामीणों के साथ साथ गोकना गंगा घाट तक आने जाने हेतु स्नार्थियों का होता है।स्कूली छात्र व छात्राओं को साइकिल व बाइक से पढ़ने लिखने हेतु ऊंचाहार तक इसी मार्ग से होता है।मार्ग में वर्षात का पानी भरे होने के कारण भारी वाहन निकलने पर गड्ढो में भरा पानी वाहन के जाने पर आने जाने वाले स्कूली बच्चों के जहां ड्रेस नष्ट कर रहा है तो वहीं राहगीरों के कपड़ों को नष्ट करने के साथ साथ हादसा होने की संभावना तक बना रहता है।

### ये मार्ग है खस्ताहाल

गांव पूरे भद्दी से नजरपुर; गांव रामचन्द्रपुर से हरदोसराय तक; पटेरवा से सेमरीनापुर; ऊंचाहार से तीरकापुरवा मार्ग; जमुनियाहार से गंज मार्ग;बाबूगंज से डूडीबाग मार्ग;मलकाना से अकोढ़िया मार्ग; अलीगंज से सरायपरसूमार्ग; सवैयाहसन से सवैयाराजे मार्ग; सवैयाहसन से हटवा मार्ग; सवैयाहसन से मनीपुरभटेहरी मार्ग; चड़राई से बछऊपुर मार्ग आदि मार्ग तक खस्ताहाल है।

### एसडीएम बोले

ऊंचाहार एसडीएम सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि खस्ताहाल मार्ग के बारे में संबंधित अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा।

## सड़क पर टूटी जल निगम की पाइप से बह रहे पानी से बनें गड्ढे में गिर कर घायल हो रहे राहगीर

- सड़क पर टूटी जल निगम की पाइप से बह रहे पानी से बनें गड्ढे में गिर कर घायल हो रहे राहगीर
- ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग ने नहीं ली सुध



**महाराजगंज।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई चौराहे पर महीनों से सड़क मार्ग पर बह रहे जल निगम के पानी से बनें गड्ढे के कारण घायल हो रहे हैं राहगीर ग्रामीणों में भारी आक्रोश। बताते चलें कि ग्रामीणों का आरोप है कि एक माह से ऊपर से जल निगम की पाइप टूट जाने से महाराजगंज से बछरावां जाने वाले मार्ग पर हरदोई चौराहे पर लगातार सड़क पर पानी भरता रहता है जिसके कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए उन गड्ढे में आने जाने वाले साइकिल व मोटरसाइकिल से गिरकर राहगीर घायल हो रहे हैं चौराहे पर रहने वाले जावेद अहमद नन्दू,श्री शुभराती लालबाबू कल्लू,शादाब हसमत व अन्य लोगों ने बताया कि 2 दिन पूर्व हरदोई निवासिनी रोशनी व एक पुरुष मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए हैं तो वही आज बुधवार की सुबह इसी गांव का निवासी शिवम नाम का लड़का दूध ले जा रहा था जो गड्ढे में गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका सारा 10,15 लीटर दूध बह गया वहीं उपस्थित लोगों द्वारा उसे तत्काल एक निजी नर्सिंग होम में दाखिल कराया गया जहां इलाज किया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी सूचना आईजीआरएस पर की गई है लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई वहीं ग्रामीणों द्वारा लोगों की मदद से उस गड्ढे की भराई कर? वैकल्पिक व्यवस्था की है लेकिन जल निगम का पानी लगातार निकल रहा है संबंधित विभाग पूरी तरह से आंखें बंद किए हुए हैं जिसके कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखाई पड़ रहा है। सूत्रों की माने तो बछरावां हैदरगढ़ मार्ग बंद होने के कारण भारी-भरकम ट्रको का आवागमन इधर से ही होने से जल निगम की पाइप टूट गई है।

# जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित ने डीएम से की शिकायत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों के उत्पीड़न से परेशान होकर एक पीड़ित ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले का शिकायती पत्र दिया है और जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।आपको बता दे कि रायबरेली जनपद के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के नया पुरवा कठवारा गांव के रहने वाले एक रामचंद्र सिंह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दबंग विपक्षी द्वारा उनको आए दिन प्रताड़ित किया जाता है पीड़ित ने बताया कि वर्षो पहले सरकार द्वारा उसे इंदिरा आवास दिया गया था जिस पर वह वर्षों से रह रहा है लेकिन अब उसे जमीन पर बने मकान को दबंग अपनी जमीन बात कर उत्पीड़न कर रहे हैं और जान से मारने तथा जमीन को खाली किए जाने की धमकी दे रहे हैं जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र जगहों पर शिकायत दिया गया लेकिन कहीं कोई कार्यवाही नहीं हुई कार्यवाही न होने को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया और न्याय की गुहार लगाई

## खबरें एक नजर में

### लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम ने किया समीक्षा बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव की तैयारी कागजी पूर्ण करने के बाद डीएम के द्वारा जिले के मतहत अधिकारियों के साथ साथ समस्त एसडीएम व तहसीलदारों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। मिशन 2024 को लेकर कब अधिसूचना लागू हो जाए इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां क्या क्या हो गई है।कोई बूथ में कोई गड़बड़ी तो नही है बूथों तक आने जाने वाले रास्ते से लेकर मतदाताओं के प्रति जागरूकता मतदान करने हेतु क्या क्या तैयारी किया गया।प्रत्येक तहसीलो के अन्तर्गत मतदान की तैयारी को लेकर क्या क्या तैयारी किया गया।जिन बिन्दुओं को लेकर डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में मंगलवार के दिन दोपहर के बाद बचत भवन में समीक्षा बैठक किया गया।जिसमें समस्त तहसील के एसडीएम व तहसीलदार के साथ साथ जिलास्तरीय चुनाव से संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### मासूम समेत दो दुर्घटना में घायल, भर्ती

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव सादेकाबाजार निवासी अयूश 10वर्ष पुत्र प्रेमचन्द्र अपने ही घर के निकट पेड़ से गिरकर चोटिल होने पर उनको परिजन के द्वारा सीएचसी ऊंचाहार में भर्ती किया गया।दूसरा मामला कोतवाली के गांव रामसाण्डा निवासिनी राजपति 60वर्ष पत्नी राधेश्याम को भारी वाहन ने कानपुर मार्ग पार करते दौरान टक्कर मार दिया।जिनको गंभीर चोट आने पर सीएचसी में भर्ती किया गया।सीएचसी के अधीक्षक डा मनोज शुक्ला ने बताया कि दोनो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### कुआं पाटने पर ग्रामीणों में अक्रोश

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ऊंचाहार कोतवाली के ग्राम पंचायत मदारीपुर के अन्तर्गत लालचन्द्रइकछनिया में एक व्यक्ति के द्वारा सार्वजनिक कुआं पाट लेने पर ग्रामीणों में अक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों का कहना कि शादी विवाद में जिस कुआं में पूजा अर्चना किया जाता था।उसको ही गांव के एक व्यक्ति के द्वारा पाट लिया गया गया है।उधर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है जिसके आधार पर जांच करवाया जा रहा है।

### दो पक्षों में झड़प;एक दूजे के खिलाफ शिकायत

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नीम का हरा पेड़ चोरी से काट लेने के मामले को लेकर दो पक्षो में तनाव हो गया।जिसमें एक दूसरे पक्ष के खिलाफ शिकायत करके कार्रवाई करने की मांग किया जा रहा है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव तुलाकापुरवा मजरे कोटराबहादुरगंज है।जहां पर तुफान सिंह पुत्र रामनिहोर व शिवेन्द्र कुमार के मध्य नीम का पेड़ को काटने को लेकर पुलिस के सामने तनाव हो गया।जिसमें तुफान सिंह का आरोप है कि आरोपित अपने दो लोगों के साथ जबरन हरा नीम काट लिया।जिसको लेकर 112नंबर की पुलिस के सामने गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दिया गया।जबकि दूसरे पक्ष से शिवेन्द्र कुमार का कहना कि आरोपित तुफान सिंह अपने सहयोगियों के साथ अनावश्यक विवाद उत्पन्न करते हुए गालीगलौज व मारपीट पर आमादा होते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया।कोतवाली निरीक्षक आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि मिले तहरीर के अनुसार विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

### भाकियू ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बांगरमऊ ब्लॉक अध्यक्ष भारत प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ब्लाक कार्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम महमदाबाद में सफाई कर्मचारी तैनात करने, राशनकार्डों में गायब यूनिटों को दोबारा जोड़ने तथा आवारा गोवंश को गोशाला भेजने की मांग उठाई गई है। यूनियन कार्यकर्ताओं ने कहा है कि यदि किसानों के हित में विभिन्न समस्याओं का जल्द समाधान न किया गया तो यूनियन आंदोलन को बाध्य होंगी। ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक उपाध्यक्ष चंद्रपाल, नगर अध्यक्ष सरोज कुमार, कैलाश नारायण, श्रीपाल, रामऔतार, राजकुमार व संजय आदि यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकरायी कार, दम्पति व पुत्र घायल




**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में कार सवार युवक और उनके माता–पिता गम्भीर घायल हो गए। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया। कार चालक युवक को हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गौरिया कलां गाँव के समीप आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर गंगा एक्सप्रेस–वे को निकालने के लिए कार्य किया जा रहा है जिसके लिए बीच सड़क पर प्लास्टिक के ड्रमों को लगाया है। बुधवार को सुबह आगरा से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार अचानक सड़क पर रखे ड्रम से टकराकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी मानसिंह 65 पुत्र लाल सिंह और उनकी पत्नी अरुना सिंह (60) और कार चला रहे उनके मनीष (30) गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन–फानन एंबुलेंस के जरिए घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मनीष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार अधेड़ को कुचला, मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है आए दिन तेज रफ्तार से लोगो की जान जा रही है प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है एक ताजा मामला क्षेत्र में देर शाम को देखने को मिला आस पास उस समय हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी जिससे अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के बनापार गांव के पास का है जहां के रहने वाले सत्यनारायण 60 वर्ष पुत्र ननकू किसी काम से कुटिया चौराहे से अपने घर बनापार जा रहे थे तभी पुल के पास अनियंत्रित डंपर ने सत्यनारायण को रौंद दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई जैसे ही यह दर्दनाक मंजर वहा मौजूद लोगों ने देखा तो रूह काप गई द्य जैसे ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो गांव में सनसनी फ़ैल गई और घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है द्य स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



डलमऊ तहसील के विभिन्न न्यायालयों में फैले भ्रष्टाचार को लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को डलमऊ तहसील परिसर में उस वक्त आक्रोशित हो गए जब अधिवक्ताओं द्वारा समस्याओं को लेकर दिए गए ज्ञापन प्रस्ताव को ना मानते हुए मुकदमे की सुनवाई करने लगी इस दौरान अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे, डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने करीब आधे घंटे तक धरना प्रदर्शन करते रहे। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर ने बताया कि डलमऊ तहसील में स्थित एसडीएम न्यायालय मे करीब 3 माह पूर्व सैकड़ो मुकदमों में एक पक्षीय आदेश विधि विरुद्ध आदेश पारित कर दिया गया जिनका रेस्टोरेशन किसी भी न्यायालयों में नहीं लिया जा रहा है तथा एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय में नया वाद दाखिल नहीं किया जा रहा है तथा करीब चार-चार महीने बीतने के बावजूद आदेशों में लगे मुकदमो पर आदेश पारित नहीं किया जा रहे हैं। उपाध्यक्ष किशन त्रिपाठी , अधिवक्ता मोहित द्विवेदी,पवन त्रिपाठी ने बताया कि कर्मचारियों की मनमानी कार्यशैली के चलते न्यायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक हम समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता शिशिर श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजीव कुमार श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, अशोक सिंह शाहिद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सत्यप्रकाश की टीम खो खो व दौड़ में पहुंची मंडल

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



खेलकूद के जिलास्तरीय प्रतियोगिता में रोहनिया ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी डा सत्यप्रकाश यादव के नेतृत्व में दौड़ व खो खो में जिले में नाम अव्वल करने के बाद मंडल तक के प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी पक्का कर लिया है।

रोहनिया ब्लाक के अन्तर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में जिलास्तरीय में खो खो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछैयापुर प्रथम स्थान;पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछैयापुर के दीपांशु ने 600मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान लाकर मंडल स्तर में चयन हुआ है।जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटौराबुजुर्ग की छात्रा खुशी ने 400मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान और 200मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान लाया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटौराबुजुर्ग की छात्रा यशी ऊंची कूद में तृतीय स्थान लाया है।जिसमें ग्रामीणांचल से निखार लाने में खण्ड शिक्षा अधिकारी डा सत्यप्रकाश यादव की मेहनत रंग ला रहा है।ग्रामीणांचल के मेधावियों के सोच में पंख लगाने में हौसला अफजाई करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी सदैव बच्चों के साथ अभिभावक के रूप में खड़े रहते हैं जिसका परिणाम अब देखने को मिलने लगा है।खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री यादव ने बताया कि हमारे ब्लाक के बच्चों का चयन जिले में टाप करके मंडल स्तर पर हुआ है ये हर्ष की बात है।

# मारपीट करने में गर्भवती महिला समेत तीन घायल

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बद्दामियाकापुरवा मजरे ऊंचाहारदेहात निवासिनी रिंकी 23वर्ष पत्नी देशराज;देशराज 26वर्ष व मासूम पुत्र कार्तिक 2वर्ष को मामूली विवाद में कुछ लोगों ने मारपीट कर दिया।जिस दौरान गालीगलौज किया गया तीनो घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया जिसमें रिंकी गर्भवती भी है।पुलिस ने मारपीट के मामले में पीड़िता की ओर से रिंकी की तहरीर पर पुलिस ने रामधनी व राहुल निवासी कस्बा ऊंचाहार एवं एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

# शोपीस बना सरकारी नलकूप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- किसानों की सुविधा के लिए 2013-14 मे स्थापित किया गया था नलकूप पिछले 7-8 वर्षों से सफेद हाथी बना नलकूप



सफेद हाथी साबित हो रहा है सरकारी नलकूप तहसील क्षेत्र महराजगंज की ग्राम पंचायत डोमापुर में 2013-14 में गड़ा यह नलकूप केवल शो पीस बनकर रह गया। किसानों ने बताया की दो-तीन वर्ष तक नलकूप चला उसके बाद खराब हो गया तब से लेकर अब तक कोई भी जिम्मेदार इसे देखने नहीं आया केंद्र की मोदी सरकार राज्य की योगी सरकार किसने की स्थिति और आय बढ़ाने का दावा करती है लेकिन यह दावे तब खोखले साबित हो जाते हैं जब किसानों की सुविधा के लिए गड़ा सरकारी नलकूप महज एक शो पीस बनकर रह गया ।क्षेत्र के डोमापुर में लगा सरकारी नलकूप से किसानों को किसी तरह का कोई फायदा नहीं क्योंकि पिछले 7 8 वर्षों से यह नलकूप पानी नहीं दे रहा है जहां इस पर लाखों रुपए खर्च करके इस नलकूप को स्थापित किया गया था कि इससे किसानों को सिंचाई में राहत मिलेगी और उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा लेकिन क्या फायदा इस सरकारी उपक्रम का जब यह किसी काम का ही नहीं है ऑपरेटर की जानकारी करने पर पता चला कि यहां पर कोई कभी आता ही नहीं।

# रात के अंधेरे में हो रहा अवैध मिट्टी खनन



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

खनन माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध रूप से मिट्टी खनन का कारोबार किया जा रहा है खनन माफिया हौसले इस कदर बुलंद है कि वह खुलेआम बाकायदा जेसीबी एवं आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली से खुलेआम अवैध मिट्टी खनन का कारोबार करने में लगे हुए हैं जिसके चलते सरकार को लाखों रुपए की राजस्व का चुनाव भी लग रहा है जिससे साफ प्रतीत होता है कि क्षेत्रीय प्रशासन की सहभागिता होने के चलते अवैध खनन का कारोबार फल फूल रहा है बीती रात डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुटिया चौराहा के पास रात के अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य किया गया मिट्टी खनन में बाकायदा जेसीबी एवं आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियों से बेखौफ होकर रात की अंधेरे का फायदा उठाकर मिट्टी की ढुलाई की गई रात भर अवैध रूप से मिट्टी खरण में ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ती रही लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन सता रहा खनन माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर किए जा रहे अवैध मिट्टी खनन से लगता है कि अवैध मिट्टी खनन का कारोबार क्षेत्रीय प्रशासन की मिली भगत से किया जा रहा है जिसके चलते सरकार को लाखों रुपए की राजस्व का चूना भी लग रहा है अवैध रूप से मिट्टी खनन का कारोबार कुटिया चौराहा सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर धड़ल्ले से किया जा रहा है वहीं क्षेत्रीय प्रशासन अवैध खनन को लेकर मूक दर्शक बना हुआ है वही इस बाबत तहसीलदार ध्रुव यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है लेखपाल को भेज कर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध अतिक्रमण से मुक्त हुआ तालाब



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मण्डलायुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र के आदेश पर मनकापुर के ग्राम इटरौर में अवैध तालाब पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। तहसीलदार न्यायिक के आदेश के क्रम में अतिक्रमणकारियों को हटाते हुए राजस्व अभिलेखों में तालाब खाते में दर्ज भूमि को कब्जा मुक्त किया गया। नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व राजस्व लेखपाल व पुलिस टीम की उपस्थित में गाटा संख्या 832 तालाब भूमि से अवैध अतिक्रमणकारी ओमकार, पूजा, विजय प्रताप, शिव प्रताप शुक्ला आदि के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

# अमृत भारत योजना के तहत रायबरेली रेलवे स्टेशन एक अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन बनेगा : अजय अग्रवाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल तथा भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने आज रायबरेली रेलवे स्टेशन का दौरा किया तथा स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनिल श्रीवास्तव तथा रेलवे के अन्य अधिकारिओं से मिले तथा रायबरेली रेलवे स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के विषय में जानकारी हासिल की तथा तथा इसे अत्याधुनिक स्टेशन बनाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने पाया कि जहाँ सारे बड़े स्टेशनों पर स्वचालित टिकट मशीन लगी वहीँ पर रायबरेली में इसको अभी तक नहीं लगाया गया है, जिसको यात्रिओं की सुविधा के लिए तत्काल लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा 7-8 वर्ष पहले तैयार कराया गया मल्टीफंक्शनल सेंटर अभी तक ऐसे ही पड़ा है, जिसमें एक काफी बड़ा समुदाय भवन तथा चार दुकानें है उसको जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए।

इसके अलावा एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत बनी दुकान भी ऐसी ही पड़ी है, उसको अभी तक चालू नहीं किया गया है जिसको जल्द से जल्द शुरू किया जाना चहिए। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न ट्रेनों के ठहराव तथा चलने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी जिसमें दिल्ली-गुवहाटी राजधानी एक्सप्रेस तथा जनसाधारण एक्सप्रेसी का रायबरेली में ठहराव तथा रायबरेली से लखनऊ व रायबरेली से उन्नाव वाया ऊंचाहार एवं वाया डलमऊ, रायबरेली-लखनऊ शटल ट्रेनों को चलाने तथा रायबरेली-ऊंचाहार ट्रेन आदि को तुरन्त चलाये जाने के संबंध में वह जल्द केंद्रीय रेलमंत्री जी से बात करेंग।

# विदाई समारोह का भव्य आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को जीवन में आगे उच्च शिखर की तरफ जाने हेतु शुभकामनाओं के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम अध्यापकों ने विधिवत पूजा कर सुंदरकांड का पाठ तथा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया। जिसमें बच्चों की सफलता एवं सर्व कल्याण की प्रार्थना की गई। कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को टाइटिल के साथ उपहार तथा स्वल्पाहार का भी आयोजन किया ।बच्चों ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। साथ ही अपने सभी गुरुओं को भी उपहार दिए कॉलेज प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह ने सभी बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आशीर्वाद दिया ।प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी ने बताया कि सफलता हर किसी के जीवन का लक्ष्य है ।जीवन चुनौतियो एवं अवसरों से भरा है ।लेकिन केवल उन्हीं लोगों के लिए जो वास्तव में अवसरों को प्राप्त करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए संघर्ष करते हैं ।कहा कि कड़ी मेहनत समर्पण निश्चित लक्ष्य समय का सदुपयोग चरित्र निर्माण सफलता की यात्रा का एकमात्र मंत्र है। विद्यार्थी जीवन मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ काल है ।इसमें सभी प्रवृत्तियां एवं शक्तियों को विद्या के अर्जन में लगाना चाहिए। विद्यार्थी जीवन के प्रधानतः तीन उद्देश्य विद्या प्राप्ति चरित्र निर्माण एवं शारीरिक एवं मानसिक उन्नत करना है। विद्यार्थी जीवन की श्रेष्ठता को समझ कर उसे आदर्शमय बनाने की चेष्टता करेंगे तो निश्चय ही सत्यम् शिवम् सुंदरम् के अनुकूल बनकर देश की बहुमुखी प्रगति कर सकेंगे। सभी को उत्साह एवं कड़ी मेहनत द्वारा सफलता हासिल करने की सलाह दी ।बच्चों को शुभकामनाओं के साथ बताया कि परेशानी आए तो ईमानदार रहिए, धान आए तो सरल रहिए, अधिकार मिलने पर मौन रहिए, और क्रोध आने पर शांति रहिए, यही जीवन का सही प्रबंधन है। इस अवसर पर श्रीमती गिरिजा शुक्ला ,राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, सरिता मिश्रा ,नीरू बाजपेई, मंजू सिंह, लक्ष्मी सिंह, फातिमा, साधना सिंह ,ज्योति सिंह ,आलोक यादव, अभिषेक राज त्रिपाठी, आदर्श शुक्ला, जय सिंह, राधा शुक्ला, रुचि सिंह, शिवानी वर्मा, अमित सिंह, लवलेश सिंह, निखिल शुक्ला, सुरेंद्र प्रजापति आदि का विशेष योगदान रहा।

# भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

- मंगलवार को एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भ्रावगत कथा का विधिवत हुआ समापन
- हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर कमाया पुण्य
- प्रसाद हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन,बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है : आत्मानंद सरस्वती जी महाराज



**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड सरेनी के अंतर्गत ग्राम पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भ्रावगत कथा का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया!बुधवार को शुभ मुहूर्त में आचार्य रामू पंडित व कानपुर से पधारे आचार्य राजीव द्विवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिविधान के साथ हवन पूजन कराया गया तत्पश्चात कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया!पूर्णाहुति (हवन) में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक गिरजा शंकर दीक्षित व हरी शंकर दीक्षित ने सपरिवार हवन यज्ञ में आहुति डाली!वहीं हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया!कथाव्यास श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने सात दिन चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई!उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा!कथावाचक आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने भंडारे स्थल का भ्रमण कर भागवत कथा आयोजक दीक्षित परिवार के आवास पर प्रसद ग्रहण किया!कथावाचक आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया!उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है!पहला प्र का अर्थ प्रभु,दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन!जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं!हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है!मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है!जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है! भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है!

**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

**प्रबंधकः– श्रीमती सरोज**
**बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय**
**शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875**
**मो. नं. 9919751551, 8004972161**

## दिमाग में चिप

प्रथम दृष्टया यह खबर चौंकाती है कि इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण सफलता पूर्वक किया गया है। विज्ञान के जरिये मानव कल्याण के क्षेत्र में किये गये हर शोध–अनुसंधान का स्वागत ही किया जाना चाहिए। लेकिन संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि यह प्रत्यारोपण किसी सरकारी चिकित्सा शोध संस्थान या विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है। यह प्रत्यारोपण दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने किया है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर–सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। बहरहाल, अभी चिप लगाने की शुरुआत हुई है। आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचने में दशकों लग सकते हैं। वहीं इसके प्रत्यारोपण की प्रक्रिया इतनी खर्चीली होगी कि शायद ही आम आदमी के हिस्से में कभी इसका लाभ आ सके। बहरहाल, हर नये अनुसंधान व शोध का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज मानवता की संहारक न बने। जैसे अल्फ्रेड नोबेल को अपने डायनामाइट के आविष्कार के संहारक होने का अपराध बोध हुआ। उन्होंने इसके चलते विश्व शांति व मानवता को समृद्ध करने वाले विभिन्न विषयों की प्रतिष्ठा के लिये अपनी कमाई से कालांतर नोबेल प्राइज की शुरुआत की थी। बहरहाल, शुरुआती संकेत बताते हैं कि इंसानी दिमाग में चिप लगाने का प्रयास सफल रहा है। इस प्रयोग से इंसानी जीवन में विज्ञान व तकनीक की भूमिका के नये अध्याय की शुरुआत मानी जा सकती है। यह मानव कल्याण के लिये वरदान भी साबित हो सकती है बशर्ते यह निर्मम बाजार का हथियार न बने। वैसे ऐसा भी नहीं है कि न्यूरालिंक इस तकनीक का प्रयोग सफलतापूर्वक करने वाली पहली कंपनी है। इससे पहले इस कंपनी की प्रतिस्पर्धी कंपनी ब्लैकरॉक न्यूरोटेक भी इंसान के दिमाग में चिप प्रत्यारोपण का सफल प्रयोग कर चुकी है। कहा जा रहा है कि इसका लाभ उन लोगों को होगा जो जन्मजात या किसी दुर्घटना तथा बीमारी के चलते अपने कुछ अंगों से वंचित हैं। चिप लगाने के बाद इन लोगों के महज सोचने भर से फोन, कंप्यूटर आदि निर्देशों का पालन करने लगेंगे। किसी बीमारी के चलते किसी व्यक्ति के निष्क्रिय अंग सक्रिय हो सकेंगे। विशेष रूप से मानसिक रोगों, मसलन पार्किंसन व भूलने की बीमारी अल्जाइमर में यह चिप कारगर हो सकती है। इतना ही नहीं अवसाद व विभिन्न लतों से मुक्ति दिलाने में भी इसे सहायक बताया जा रहा है। लेकिन आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये यदि इंसान के दिमाग पर ऐसी चिप के जरिये नियंत्रण के नकारात्मक प्रयास होने लगें तो निस्संदेह, स्थिति खासी विकट हो सकती है। निश्चित रूप से किसी व्यक्ति के दिमाग का मामला बेहद संवेदनशील होता है। यही वजह है कि कुदरत की बनायी जटिल दिमागी प्रक्रिया से छेड़छाड़ या कहें सर्जरी से आधुनिक चिकित्सा भी परहेज करती है। यहां यह भी सवाल कायम रहेगा कि चिप कितने समय तक काम करती रहेगी। यानी कितने समय तक यह चिप इंसान के कुदरती दिमाग से साम्य बना सकेगी। अभी यह प्रयोग शुरुआती दौर में है और कहना मुश्किल है कि इससे वास्तविक लाभ कितना होता है।

**मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोतरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्डियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन के कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है।**

# प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्ष में बेचैनी



**केवल प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट में भी सरकार का आत्मविश्वास झलकता है। उसमें देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो।**

**आशीष वशिष्ठ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण में कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फैसले होंगे। इससे पहले दो फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया था। उनके तीसरे कार्यकाल की बात करने पर लोग लगातार तालियां बजाते रहें। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।

26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उद्घाटन के अवसर पर कहा था कि मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है। बीते साल प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया था कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट में भी सरकार का आत्मविश्वास झलकता है। उसमें देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है।

प्रधानमंत्री मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं। मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं थीं। आयुष्मान योजना के परिणाम भी बहुत अच्छे हैं। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है।

मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोतरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्डियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन के कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी खुद इस विधानसभा चुनाव की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं। लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस वर्षों में जिस तरह से अलग-अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी-बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकत रहा।

## विचार

# स्त्री और पुरुष समानता के हक में है यूसीसी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

उत्तराखंड में चल रहे विधानसभा सत्र के बीच अपने घर से निकलते समय संविधान की मूल प्रति को लेकर सदन पहुंचने के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक ओर यह कहकर देश में नई बहस शुरू कर दी है कि देश के संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 को सार्थकता प्रदान करने की दिशा में आज का दिन देवभूमि उत्तराखंड के लिए विशेष है।

देश का संविधान हमें समानता और समरसता के लिए प्रेरित करता है और समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रतिबद्धता इस प्रेरणा को साकार करने के लिए एक सेतु का कार्य करेगी। इसके साथ सदन में पहुंचकर उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को सदन के पटल पर रख यह बता दिया है कि प्रत्येक नागरिक की समानता को लेकर जो शुरुआत उत्तराखंड से हुई है, वह अब अनेक राज्यों में होते हुए केंद्र तक जाएगी। देहरादून स्थित जामा मस्जिद शहर काजी मोहम्मद अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी , इमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस, नुमाइंदा ग्रुप याकूब सिद्दीकी, लताफत हुसैन और राज्य बेग , ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दीदी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत देश भर में मुस्लिम रहनुमाई का दम भरने वाले आज कई नेता है जोकि यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का खुलकर विरोध कर रहे हैं ।

वास्तव में इन सभी की छोटी मानसिकता से साफ समझ आ रहा है कि वह भारत के तमाम मुसलमानों को गुमराह करने के कार्य रहे हैं । कहना होगा कि आज कहीं न कहीं ये सभी और इन जैसे भारत में मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर मजहब को ऊपर रख देश को तोड़ने का ही कार्य कर रहे हैं । जब ये लोग कहते हैं कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है। तब ये सभी यह भी मंशा जाहिर कर देते हैं कि उन्हें देश के कानून से कोई लेनादेना नहीं है। पर्सनल लॉ बोर्ड तो सीधे धमकी देने तक पर उतर आया है, कह रहा है मुल्क में अगर भाईचारा खत्म हो गया तो मुल्क का इत्तेहाद पार हो जाएगा। अगर नफरत के जहर को नहीं रोका गया तो ये आग ज्वालामुखी बन जाएगी और मुल्क की तहजीब, उसकी नेकनामी, इसकी तरक्की और इसकी नैतिकता सब को जलाकर रख देगी। अब इनसे कोई पूछे, कौन फैला रहा है नफरत ? देश के कई राज्यों में आज सर तन से जुदा के नारे क्यों लग रहे हैं?

**वास्तव में इन सभी की छोटी मानसिकता से साफ समझ आ रहा है कि वह भारत के तमाम मुसलमानों को गुमराह करने के कार्य रहे हैं । कहना होगा कि आज कहीं न कहीं ये सभी और इन जैसे भारत में मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर मजहब को ऊपर रख देश को तोड़ने का ही कार्य कर रहे हैं । जब ये लोग कहते हैं कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है। तब ये सभी यह भी मंशा जाहिर कर देते हैं कि उन्हें देश के कानून से कोई लेनादेना नहीं है।**

हम सबको याद है कि 1948 में जब हिंदू कोड बिल संविधान सभा में पहली बार पेश किया गया, तब कुछ लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, किंतु डॉ. भीमराव आम्बेडकर अपने उद्देश्य से डिगे नहीं। वे भारत की स्त्रियों को हर स्थिति में समान अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित थे। तत्कालीन कानून मंत्री आम्बेडकर ने 5 फरवरी, 1951 को हिंदू कोड बिल को संसद में दोबारा प्रस्तुत किया। इसके बाद 17 सितंबर, 1951 को चर्चा के लिए इस बिल को फिर संसद के पटल पर रखा गया। संसद में विरोध के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट दिया, जोकि अंबेडकर को सही नहीं लगा और उन्होंने आहत होकर कानून मंत्री के पद से इस्तीफा तक दे दिया।

डॉ. आम्बेडकर ने हिंदू कोड बिल पारित करवाने को लेकर साफ कहा कि %%मुझे भारतीय संविधान के निर्माण से अधिक दिलचस्पी और खुशी हिंदू कोड बिल पास कराने में है।%% और आखिर 1955 में हिंदू मैरिज एक्ट आया, जिसके अंतर्गत तलाक को कानूनी दर्जा, अलग-अलग जातियों के स्त्री-पुरुष को एक-दूसरे से विवाह का अधिकार और एक बार में एक से ज्यादा शादी को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। फिर 1956 में ही हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, हिंदू दत्तक ग्रहण और पोषण अधिनियम और हिंदू अवयस्कता और संरक्षकता अधिनियम देश में संवैधानिक नियमन से लागू हुए । कह सकते हैं कि ये सभी कानून महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए लाए गये थे।

इसके तहत पहली बार महिलाओं को संपत्ति में अधिकार और लड़कियों को गोद लेने पर जोर दिया गया। उस समय भी संसद का इस बात पर जोर था कि यह कानून सिर्फ हिन्दुओं के लिए नहीं भारत में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए समान रूप से लागू हों। इस संदर्भ में इतिहास और संसद की बहसें देखी जा सकती हैं कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार खासकर जवाहरलाल नेहरू इसके लिए तैयार नहीं हुए और यह कानून हिन्दुओं तक सीमित होकर रह गया। फिर जो भी आज यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की चर्चा की गई है। राज्य के नीति-निर्देशक तत्व से संबंधित इस अनुच्छेद में कहा गया है कि राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।

# झारखंड विस में चंपाई सोरेन की जीत है इंडिया ब्लॉक की जीत

**कल्याणी शंकर**

भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयासों की खबरों के बीच 5 फरवरी को झारखंड विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने हेतु हुए मतदान में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की जीत, देश के वर्तमान राजनीतिक माहौल में इंडिया गुट के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के लिए अब प्रशासन में भ्रष्टाचार को दूर करते हुए लोगों, विशेषकर आदिवासियों के, कल्याण के लिए सरकार चलाना कठिन काम है। झारखंड 2000 में अपनी स्थापना के बाद से ही राजनीतिक अशांति से गुजर रहा है। इसलिए, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि पिछले कुछ दिनों में इसे एक और संकट और राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है। राज्य का राजनीतिक इतिहास उथल-पुथल भरा रहा है। पिछले दो दशकों में इसने ग्यारह मुख्यमंत्रियों को देखा है।

बारहवीं नियुक्ति चंपाई सोरेन की है। शुक्रवार को, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आधिकारिक आवास पर सात घंटे तक पूछताछ की गयी और बाद में उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया, जिसके परिणामस्वरूप संकट पैदा हो गया। भ्रष्टाचार और दलबदल ने राज्य में अस्थिरता पैदा कर दी है। पिछले दिनों कई पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भ्रष्टाचार के कारण इस्तीफा दे दिया। जब हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया तो यह आश्चर्य की बात नहीं थी, क्योंकि उन्हें



पता था कि देर-सबेर ऐसा होने वाला है।

दुर्भाग्य से, संकट एक महत्वपूर्ण समय पर आया, जिसने कई मुद्दे खड़े कर दिये। इनमें नवगठित विपक्षी मंच इंडिया को लेकर अनिश्चितता भी शामिल है। यह 2024 के चुनावों के नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, जो अप्रैल-मई में होने वाले हैं। साथ ही, छोटे राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता क्यों महसूस हो रही है, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

झारखंड के गठन के बाद से ही यहां राजनीतिक अस्थिरता और माओवादी हिंसा रही है। इसके विपरीत, एक साथ बना छत्तीसगढ़ अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से स्थिर रहा है। झारखंड में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं। फिर भी, सरकार में बार-बार बदलाव के कारण यहां के लोग गरीबी और विकास की कमी से जूझ रहे हैं। इससे समय के साथ राज्य के विकास में दिक्कतें पैदा हुईं। 2000 के बाद से झारखंड में 11 मुख्यमंत्री हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का कार्यकाल संक्षिप्त रहा। केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य रघुबर दास ने 2014 से 2019 तक पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने चंपाई सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में देरी की, जिससे झारखंड में तनाव पैदा हो गया। राज्य 48 घंटे से अधिक समय तक बिना मुख्यमंत्री के रहा। हालांकि, झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के एक प्रतिबद्ध सदस्य और पूर्व राज्य परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन ने आखिरकार शुक्रवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के साथ पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। हेमंत ने चंपाई सोरेन को न केवल उनकी वफादारी के लिए बल्कि उनकी योग्यता और पार्टी के प्रति समर्पण के लिए भी अपना उत्तराधिकारी चुना। सिर्फ छोटे राज्य बनाने से बेहतर जीवन की कोई गारंटी नहीं है, जैसा कि 2000 में बने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड से पता चलता है। झारखंड विधानसभा में 81 सदस्य हैं। 41 सदस्यों के साथ सरकार बन सकती है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के 47 सदस्य हैं, भाजपा के 25, और आजसू पार्टी के तीन सदस्य हैं। शेष सीटें राकांपा, एक वामपंथी पार्टी और तीन स्वतंत्र सदस्यों द्वारा साझा की गयी हैं। झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन चिंतित था कि भारतीय जनता पार्टी उनके सदस्यों को लालच देकर उनकी सरकार को अस्थिर कर देगी।



# राशिफल

**मेषः**- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभः**- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः**- संबंधों में व्यवहार कुशल बनें। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्कः**- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः**- अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्याः**- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः**- कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः**- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**कुंभः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः**- नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# लोकतंत्र के साथ सच्चा न्याय

30 जनवरी को हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पीठासीन अधिकारी की धांधली के कारण भाजपा को जीत मिली है, यह आरोप आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने लगाए। मामला पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा और वहां से राहत नहीं मिली तो फिर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड ने कहा, यह लोकतंत्र का मजाक है। जो हुआ, हम उससे हैरान हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते।

देश के मुख्य न्यायाधीश जिस बात पर हैरान थे, यानी लोकतंत्र का मजाक बनाने पर, लोकतंत्र की हत्या करने पर, उस पर विपक्ष समेत देश का एक बड़ा तबका बहुत लंबे वक्त से हैरान ही नहीं, परेशान भी है। लेकिन सोमवार को यह देखकर राहत मिली कि अब सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर दुखद हैरानी हुई है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की ओर से दाखिल की गई इस याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पर्दीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की बेंच कर रही थी। अपनी सख्त टिप्पणी में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने कहा कि-श्पीठासीन



अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस नहीं बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है।

हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है। शीर्ष अदालत से आई इस टिप्पणी को शायद निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्र सरकार के तमाम दफ्तरों में चस्पां करने की जरूरत है। चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव को लेकर हार का डर शायद भाजपा को पहले से था, इसलिए पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने को वजह बताकर चुनाव की तारीखें बढ़वाई गई और जब 30 जनवरी को चुनाव हुए तो संयोग से पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा की गई तथाकथित छेड़छाड़ कैमरे में कैद हो गई। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जिसे लोकतंत्र की हत्या कहा है, वह दरअसल लोकतंत्र की सुपारी देने जैसा गंभीर अपराध है, क्योंकि यहां हत्या गैरइरादतन नहीं, बल्कि रणनीति के तहत करवाई गई है।

**हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है। शीर्ष अदालत से आई इस टिप्पणी को शायद निर्वाचन आयोग से लेकर केंद्र सरकार के तमाम दफ्तरों में चस्पां करने की जरूरत है। चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव को लेकर हार का डर शायद भाजपा को पहले से था, इसलिए पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने को वजह बताकर चुनाव की तारीखें बढ़वाई गईं और जब 30 जनवरी को चुनाव हुए तो संयोग से पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा की गई तथाकथित छेड़छाड़ कैमरे में कैद हो गई। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जिसे लोकतंत्र की हत्या कहा है, वह दरअसल लोकतंत्र की सुपारी देने जैसा गंभीर अपराध है, क्योंकि यहां हत्या गैरइरादतन नहीं, बल्कि रणनीति के तहत करवाई गई है।**

अनिल मसीह को अदालत से फटकार लग चुकी है, हो सकता है उन पर मुकदमा चले और दिखाने को कार्रवाई भी हो। लेकिन उसके बाद क्या लोकतंत्र को खत्म करने का खेल रुक जाएगा। क्या अनिल मसीह को इसका अकेले जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, या फिर अदालत की नजर में वे लोग भी आएंगे, जिनके कहने पर अनिल मसीह जैसे अधिकारी कठपुतलियों की मानिंद काम करते हैं। अभी तो एक अदने से चुनाव के लिए इतना दुस्साहस दिखाया गया है, लेकिन जहां लोकसभा में बाकायदा आंकड़ों के साथ ऐलान हो रहा है कि हम 400 सीटें जीतेंगे और तीसरी बार सत्ता में आएंगे, वहां और कितने खेल होंगे, क्या इस बारे में भी शीर्ष अदालत को विचार नहीं करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के ही कुछ वकीलों ने बाकायदा ईवीएम के खिलाफ मोर्चा खोलकर बताया है कि किस तरह ईवीएम हैक करके वोटों में गड़बड़ी हो सकती है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने अंतिम सत्य की तरह ऐलान कर दिया है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। अगर निष्पक्ष चुनाव पर जनता के एक तबके को संदेह है, तो क्या उस संदेह को दूर करने के लिए खुद निर्वाचन आयोग को पहल नहीं करना चाहिए या फिर गुलाम भारत की तरह जनता की बात तभी सुनी जाएगी, जब कोई आंदोलन खड़ा हो। क्या सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर कोई स्वतरू संज्ञान लेकर देख पाएगा कि इसमें भी लोकतंत्र को कुचला जा रहा है या नहीं। चंडीगढ़ चुनाव में धांधली के आरोप तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ने शुरु से लगाए हैं, लेकिन शीर्ष अदालत ने यह तभी देखा, जब वहां याचिका दाखिल हुई। अगर याचिकाकर्ता हिम्मत हार जाते, तब क्या हत्या किसी को नजर नहीं आती। यह केवल एक मामला ही नहीं है, जहां लोकतंत्र की प्रक्रिया को कुचला गया हो।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन ने बैठक में चुनावी व्यवस्थाओं को परखा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह ने जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार व अन्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन सभागार मे गोष्ठी आयोजित कर चुनाव संबंधी तैयारियों, व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक की।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह जनपद भ्रमण कार्यक्रम हेतु डाक बंग्ला सिचाई विभाग इटावा पहुंचने पर गार्द द्वारा सलामी दी गयी तदोपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार तथा पुलिस



अधिकारियों कर्मचारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार मे बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने आगामी लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों, व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही चुनाव मे शान्ति व्यवस्था, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाये रखने, चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न होने के तथा अफवाहों पर विशेष ध्यान देने के संबंध मे संबंधित को दिशा निर्देश दिये गये।

अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा आपातकालीन संचानलन केन्द्र इटावा एवं मतदान बूथों थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत सुदिती ग्लोबल स्कूल तथा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत केकेडीसी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# हत्या की घटना का अनावरण, आलाकत्ल कुल्हाड़ी सहित आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना चौबिया पुलिस ने हत्या की घटना का अनावरण आलाकत्ल कुल्हाडी सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

वादिनी मीना बेगम पत्नी लियाकत हुसैन निवासी ग्राम मुगलपुरा थाना चौबिया इटावा द्वारा अपने पति लियाकत हुसैन पुत्र हिदायत हुसैन उम्र 58 वर्ष निवासी उपरोक्त की झोपडी मे सोते समय हत्या कर देने के संबंध में लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा जनपदीय फोरेसिंक टीम तथा पुलिस बल के साथ तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण



किया तथा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमों की गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्य एकत्रित किये गये । जिसके आधार पर अभियुक्त छोटे उर्फ इरशाद पुत्र बाबू खाँ का नाम प्रकाश मे आया। आरोपी की गिरफ्तारी के पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी। थाना चौबिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित आरोपी छोटे उर्फ इरशाद पुत्र बाबू खाँ निवासी ग्राम मुगलपुरा थाना चौबिया इटावा को बनी हरदू मोड़ लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे बाईपास से गिरफ्तार कर आला कत्ल रक्त रंजित कुल्हाडी बरामद की। इस सफलता में थानाध्यक्ष मंसूर अहमद थाना चौबिया इटावा, का. इकलेश, का. शाहरुख खाँन का सराहनीय योगदान रहा।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दुर्गविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के द्वारा गोपाल चंद्र कन्नौजिया निरीक्षक अपराध के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। निरीक्षक अपराध गोपालचन्द्र कन्नौजिया के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने कोतवाली में पंजीकृत धारा 376(2)–एन, 323, 504, 506 सहित अन्य धाराओं वांछित आरोपी इमरान खान उर्फ सोएब फलक खान पुत्र नसीम अहमद निवासी मोहल्ला नारूपुरा को एक मोबाइल फोन के साथ रामकथा मार्ग तिराहे महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरान्त गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और इसके बाद जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गोपालचन्द्र कन्नौजिया, निरीक्षक अपराध, कां महेश आदि शामिल रहे। पुलिस के अभियान से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# उप मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत सदस्य को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता



- संगठन को अत्यधिक मजबूत किया जाएगा : दुष्यंत सिंह परिहार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात कीद्य इसके पश्चात भाजपा के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कों इगोंहटा सीट के जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार ने गुलदस्ता भेंट किया द्य उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हमीरपुर जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराईद्य जिला पंचायत सदस्य ने कहां कि संगठन को अत्यधिक मजबूत बनाया जाएगाद्य उन्होंने कि अबकी बार 400 पार द्य दुष्यंत सिंह के समर्थकों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए दुष्यंत सिंह परिहार का हमीरपुर यमुना पुल में भव्य स्वागत किया गया द्य इस दौरान पुल में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक मौजूद रहे।

# 15 मार्च से शुरू होगी खरीद, किसान कराएं आनलाइन पंजीकरण

- एडीएम वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने दी जानकारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व प्रभारी अधिकारी गेहूं खरीद रामप्रकाश ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में 15 मार्च से गेहूं की खरीद के लिए किसान पंजीकरण की सुविधा खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल डब्लूडब्लूडब्लू. एफसीएस.यूपी. एनआईसी.इन पर एक जनवरी से उपलब्ध है। यह पंजीकरण ओटीपी आधारित होगा। किसान अपना पंजीकरण किसी भी इंटरनेट कैफे व जनसुविधा केंद्र के माध्यम से आनलाइन करा सकते है। गेहूं का भुगतान आधार लिंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से किसान जाएगा। किसान का बैंक खाता आधार लिंक तथा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप्ड एवं सक्रिय होना आवश्यक है। उन्होंने किसानों ने अनुरोध किया है कि वह पंजीकरण के पूर्व अपने खाते की जांच कर लें। किसान अपना पंजीकरण किसान मित्र एप से भी कर सकते है। इस वर्ष बटाईदारों का भी रजिस्ट्रेशन एक जनवरी से शुरू हो गया है। भारत सरकार द्वारा आगामी खरीद वर्ष 2024-25 में गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसान अपना रजिस्ट्रेशन कराकर तथा सरकारी क्रय केंद्रों में अपना गेहूं विक्रय कर अपना लाभ लें।

# डीएम ने की जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन आदि योजनाओं की समीक्षा

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में कबरई ब्लाक में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए एवं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टीबी. मरीजों से फ़ोन के माध्यम से वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा चरखारी की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सीएचओ. एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिदिन फीडबैक लिया जाये। उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एएनएम. को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस सामग्री किटे वितरित की।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गैंगेस्टर के दो आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते गैंगस्टर अभियुक्तो को न्यायालय इटावा ने 3- 3 वर्ष का कारावास तथा 5,000- 5,000 रूपये का अर्थदंड दिया।

गत 30 नवम्बर 1997 को अवैध वसूली के संबंध में थाना सिविल लाइन पर धारा 3 (1) गैंगस्टर अधिनियम पजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस टीम पैरोकार का. मुलायम सिंह एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी श्री कृष्णा सहाय द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तों दिनेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी दयानत थाना सिविल लाइन इटावा, ओमप्रकाश पुत्र स्व. रामचरन निवासी दयानत थाना सिविल लाइन इटावा को न्यायालय एडीजे -10/गैंगस्टर एक्ट इटावा द्वारा 3- 3 वर्ष का कारावास तथा 5,000- 5,000 रूपये का अर्थदंड दिया गया।

## ऑटो चोरी करने वाले आरोपी को तीन माह 15 दिन के कारावास की सजा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेण्डस कालोनी व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते ऑटो चोरी करने वाले अभियुक्त को न्यायालय इटावा ने 3 माह 15 दिन का कारावास तथा 10,000 रूपये का अर्थदंड दिया। गत 8 जून 2021 को वादी मो. सोहेल पुत्र अब्दुल शकूर निवासी जुलाहपुरी इकदिल इटावा द्वारा थाना फ्रेंण्डस कालोनी पर उसके ऑटो चोरी होने के संबंध में तहरीर दी जिसके संबंध में धारा 379, 411 भादवि पजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस टीम पैरोकार का. दिनेश कुमार एवं मानीटरिंग सैल व एपीओ आशुतोष द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त फैजल पुत्र शरीफ निवासी आरामशीन के पास आजाद टीला थाना फेंण्डस कालोनी इटावा को अन्तर्गत धारा 379/411 भादवि मे न्यायालय सीजेएम इटावा द्वारा 3 माह 15 दिन का कारावास तथा 10,000 रूपये का अर्थदंड दिया गया।

# रोज डे पर फूल की दुकानों में लगी रही भीड़, खूब बिके गुलाब

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोज डे के मौके पर मुख्यालय स्थित फूलों की दुकान में सजे अंग्रेजी गुलाब जमकर बिके। युवाओं और युवतियों ने गुलाब की खूब खरीदारी की और पूरे उत्साह के साथ रोज डे मनाया।

वेलेंटाइन वीक को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। रोज डे के साथ बुधवार से इस वीक का शुभारंभ भी हो गया। शहर में सजी फूलों की दुकान में सुबह से ही गुलाब की बिक्री जमकर हुई। कानपुर व लखनऊ से आए अंग्रेजी गुलाब की रोज डे के दिन खासी मांग दिखाई दी। जिसके चलते सारा दिन फूलों की दुकान में युवाओं और युवतियों की भीड़ नजर आई। इसके साथ ही वेलेंटाइन डे वीक को लेकर गिफ्ट हाउस में भी आकर्षक उपहार सजाए गए हैं। जो इस वीक जमकर बिकने की संभावना जताई जा रही है। गिफ्ट की दुकानों में इस बार चाकलेट, टैडी, हार्ट प्लो समेत कई आकर्षक चीजें युवाओं और युवतियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### पकड़ा गया नकलची, नकल सामग्री सीज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सेमेस्टर की परीक्षाएं जिले में संचालित की जा रही है। साईं कालेज आफ एजुकेशन महोबा में नकलविहीन परीक्षाएं संपादित कराई जा रही है। जिसमें प्रत्येक पाली में प्राचार्य व केंद्राध्यक्ष डा. सुशील कुमार शुक्ला व सहायक केंद्राध्यक्ष मेराज खान एवं उड़ाका दल के सदस्य सघन जांच कर नकलविहीन परीक्षाएं संपादित करा रहे है। बुधवार को पहली पाली साढ़े 8 से साढ़े 10 बजे बीएससी पंचम सेमेटस्टर जंतु विज्ञान विषय की परीक्षा में केंद्राध्यक्ष डा. सुशील कुमार शुक्ला, सहायक केंद्राध्यक्ष मेराज खान, उड़ाका दल के सदस्य लोकेश चौरसिया, आशीष चौरसिया व भावना साहू ने सघन जांच के दौरान एक परीक्षार्थी को नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। केंद्राध्यक्ष के द्वारा उसकी उत्तर पुस्तिका एवं नकल सामग्री को सीज करने की कार्यवाही की गई। इसकी सूचना जिले के नोडल अधिकारी प्रो. सुशील बाबू व विश्वविद्यालय को दी गई।

### वांछित लुटेरा व शरण देने वाला गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस व थाना बकेवर पुलिस ने सब्जी व्यापारी से लूट करने वाले वांछित लुटेरे व शरण देने वाले आरोपी सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 6240 रुपये बरामद किये। वादी प्रशान्त कुमार पुत्र अमरपाल सिंह निवासी इन्द्रावखी, बकेवर द्वारा थाना बकेवर पर सूचना दी गयी कि 19 जनवरी 2024 को सुबह 3.30 बजे जब उसका भाई नीरज कुमार अपनी मोटर साइकिल से सब्जी खरीदने इटावा मंडी जा रहा था तो रास्ते में भदौरिया बम्बा पुलिया के पास सडक पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कटीला तार लगा रखा था, तार से टकराकर उसका भाई गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके भाई के साथ मारपीट कर उसकी जेब मे रखे मोबाइल व रुपये छीन लिये। तहरीर के आधार पर थाना बकेवर पर धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमे सफलता प्राप्त करते हुये पुलिस टीम द्वारा सब्जी व्यापारी से मारपीट एवं लूट करने वाले ब शिवम पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम एलपी थाना कुदरकोट जनपद औरैया को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया तथा प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी। थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि नगला भदौरिया बंबा पुल के पास हुयी लूट से संबंधित अभियुक्त अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से निवाडीखुर्द की ओर आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे वांछित आरोपी सुशील कुमार पुत्र बादशाह निवासी ग्राम तडवा काछियान थाना बकेवर तथा अनुज कुमार पुत्र जयराम सिंह निवासी कटहरा थाना भरथना को इन्द्रावखी बंबा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कबड्डी प्रतियोगिता एवं मेले का प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष ने किया समापन



**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड के ग्राम गौनगुढा में बुंदेलखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं मेले का आयोजन हर साल की भांति इस साल भी किया गया था।

जिसमें समापन कर्ता मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी एवं प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जयपाल सिंह राजपूत ने पुरुष कबड्डी एवं मेल प्रतिभागियों को शील्ड देकर समापन किया गया। मौके पर आयोजनकर्ताओं द्वारा प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी एवं ब्लॉक अध्यक्ष जयपाल राजपूत का फूलमालाओं के साथ भव्य तरीके से स्वागत किया गया।

इस मौके पर आयोजन कर्ता महेश आचार्य नरसिंह राजपूत रमाकांत राजपूत एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे द्य वहीं प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने सभी लोगों से आग्रह किया कि ऐसे ही खेल भावनाओं के प्रति रुचि रखी जाए। जिससे प्रतिभागियों में उत्साह बढ़ता है एवं खेल कूद प्रतियोगिताओं में बच्चों में हुनर खुल कर सामने आते हैं।

# दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का समापन



- लेजर शो व आतिशबाजी बनीं आकर्षण

**हमीरपु, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार की रात दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का समापन जबरदस्त आतिशबाजी के साथ हो गया। वहीं कार्यक्रम में रूह बैंड के मशहूर सिंगर श्रेय नौटियाल ने अपने गीतों से लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। देररात हुई आतिशबाजी से पूरा शहर गूंज उठा और आसमान की छटा रंगीन नजर आई।

दो दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव की दूसरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शुरू हुई। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुरारा की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बाहर से आए कलाकारों ने रामलीला की भव्य झांकी प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं।

लोकनृत्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद रूह बैंड ने अपनी जबरदस्त प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। सिंगर श्रेय नौटियाल जैसे ही मंच पर आए तो लोगों ने मोबाइल की टार्च जलाकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर प्रस्तुति दीं। उन्होंने जैसे ही जय हो गीत गाया वैसे ही पूरा परेड मैदान में बैठे लोग झूम उठे। यूपी वाला ठुमका लगाओ कि हीरो जैसे नाच के दिखाओ गीत पर युवक और युवतियां कुर्सियों के ऊपर चढ़कर नाचने लगे और पूरा मैदान लोगों के शोर से गूंज उठा। इसके बाद सवा नौ बजे से शानदार आतिशबाजी और लेजर शो का प्रदर्शन किया। करीब 15 मिनट तक चली जबरदस्त आतिशबाजी से पूरा शहर रोशन हो गया और पटाखों के शोर से गूंज उठा। लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइलों में कैद किया। इसके साथ ही इस महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम के अंत में एडीएम न्यायिक डा.नागेंद्रनाथ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डीएम राहुल पांडेय, एसपी डा.दीक्षा शर्मा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, डीएसओ ब्रजेश कुमार शुक्ला, डीआइओएस केके ओझा, बीएसए आलोक सिंह, डीपीओ राजीव सिंह मौजूद रहे।

# कच्चे मकान में लगी आग पर पाया काबू

- पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही की लोगों ने की सराहना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यालय के मोहल्ला मलकपुरा में सुशीला तिवारी पत्नी स्व. सिद्ध गोपाल तिवारी घर में अचानक आग लग गई थी। आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर अग्निशमन टीम व शहर कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रमाशंकर शुक्ला व आरक्षी अजय मिश्रा तत्काल घटना स्थल मौके पर पहुंचे। इस दौरान कांस्टेबल अजय मिश्रा द्वारा जलते हुए मकान के अंदर घुसकर अपने जान को जोखिम मे डालकर बड़े ही बहादुरी और सूझबूझ से सुशीला तिवारी को सकुशल जलते हुए घर से बाहर निकाला गया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। देवेश तिवारी प्रभारी फायर सर्विस के नेतृत्व में अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची, कच्चे मकान में लगी हुई आग को फायर सर्विस यूनिट द्वारा एक विकराल रुप ले रही आग पर काबू पाया गया व आस-पास के मकानों को भी आग की लपटों से बचाने में सफलता प्राप्त की गई। अग्निशमन टीम की तत्परता, सक्रियता व सूझबूझ से कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निशमन टीम व शहर कोतवाली की संयुक्त टीमों द्वारा संयुक्त प्रयास कर उक्त भीषण आग को फैलने से रोका गया तथा अल्प समय में ही आग पर काबू पाया गया। पुलिस टीम के इस कार्य से जनहानि को बचाया गया साथ ही आग को आस-पास के मकानों में फैलने से रोका गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना एवं प्रशंसा की गई है।

# एआरटीओ ने चार वाहनों को किया सीज

- अभियान से मची अफरा-तफरी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को एआरटीओ अमिताभ राय ने जिले के अलग अलग स्थानों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर शिकंजा कसा और चार वाहनों को सीज किया। इसके साथ ही कई वाहनों का चालान भी किया गया।

एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि बुधवार को चलाए गए अभियान में सुमेरपुर सिसोलर, सिसोलर इचौली व इचौली मौदहा मार्ग पर सवारी वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें एक आटो एवं एक पिकअप सिसोलर थाने में सीज की गई एवं बांदा से मौदहा रोड पर संचालित बोलेरो मैक्स सवारी वाहन क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, प्राइवेट वाहन के कामर्शियल उपयोग में तथा एक फिटनेस समाप्त टैक्स समाप्त आटो को मौदहा थाने में सीज किया गया। इसके अतिरिक्त चार आटो क्षमता से अधिक सवारी बैठाने एवं एक पिकअप का फिटनेस समाप्त तथा एक स्कूल वाहन का क्षमता से अधिक बच्चो को बैठाने में चालान किया गया। इसके अतिरिक्त बीमा, टैक्स, हेलमेट, सीट बेल्ट के अभियोग में 20 चालान किए गए। वहीं मंगलवार की रात में सुमेरपुर से सिसोलर मार्ग पर तीन ओवरलोड वाहनों का चालान करके डेढ़ लाख रुपए जुर्माना वसूला गया तथा एक अपंजीकृत क्रेन का चालान कर 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया है।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन, झूमे श्रोता

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्यालय के कलेक्ट्रेट स्थित नर्वदेश्वर मंदिर में चल रही बागवत कथा के पांचवे दिन व्यास गद्दी पर विराजमान ऋषिकेश से आए कथा व्यास मुकेश मोहन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया और प्रभु की सरलता के भी कई वृतांत सुनाए।

उन्होंने कहा कि भगवान ने साधारण मानव बनकर भी लीलाएं कीं। जिस प्रकार वायु दिखती तो साधारण है परंतु उसमें बल और वेग कहीं अधिक होता है। आज के कार्यक्रम दौरान भगवान कृष्ण से संबंधित मटकी फोड़ने, माखन खाने और गोपियों संग रासलीला की झांकियां प्रस्तुत की गईं और भगवान को छप्पन भोग भी लगाए गए। इस मौके पर भक्तों ने कथा का आनंद लेते हुए भजनों दौरान खूब नृत्य किया। पूजा-अर्चना तिवारी परिवार द्वारा की गई। इस मौके पर मनोज तिवारी, शिवाकांत तिवारी, शशिकांत तिवारी, विनोद तिवारी, अजय अवस्थी, सुरेशचंद्र मिश्रा (पुजारी), अभिषेक, सर्वेश, पीयूष शुक्ला, रामजी, दीपक, शुभम शुक्ला, विमल तिवारी, मोहित तिवारी, विकास गुप्ता, अनुराग दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुकान पर खड़ी कार जली, एक की मौत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बीती देर रात्रि मिस्त्री की दुकान पर ठीक होने के लिये खड़ी कार में अचानक आग लग गयी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस व फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर कार में लगी आग को बुझाया ही था कि तभी कार के अंदर किसी के कराहने की आवाज सुनी तो पुलिस के होश उड़ गये आनन फानन में कार के दरवाजे तोड़कर आग से जले युवक को किसी तरह से बाहर निकाला तब तक आग से जले युवक की मौत हो गयी।



आग से जली कार।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित नूरी आटो पार्टस की दुकान पर पखवारे भर पहले यूपी 80 एक्यू 8227 कार को ठीक कराने के लिये खड़ी कर गया था। जहां बीती देर रात्रि लगभग 11.30 बजे कार में अचानक आग गयी। चूंकि नूरी आटो पार्टस की दुकान राजमार्ग के किनारे ही है जिससे वहां से आने जाने वालों की भीड़ लग गयी इसके बाद घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को मिली तो वह भी आनन फानन में मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कार में लगी आग को किसी तरह से बुझाया तभी कार के अंदर से किसी के कराहने की आवाज सुनकर पुलिस सकते में आ गयी इसके बाद तो कार के शीशे व गेट तोड़कर कार के अंदर आग से जले युवक को बाहर निकाला तो वह मृत अवस्था में मिला। उक्त संबंध में सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जिस कार में आग लगी है उसके बारे में नूरी आटो पार्टस दुकानदार ने बताया कि वह कार 15 दिन पहले उनके यहां ठीक होने के लिये आयी थी।

कार में आग कैसे लगी और कार के अंदर मृत युवक कैसे पहुंच गया इस बात की जानकारी उसे नहीं है। सीओ ने बताया कि फिलहाल पुलिस हर ऐंगिल से मामले की जांच कर रही है इसके साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेलों को भी खंगाला जा रहा है ताकि घटना के संबंध में कोई क्लू पुलिस के हाथ लग सके। उनका कहना था कि पुलिस गाड़ी मालिक के साथ ही मृत युवक के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रही है।

## सीएससी में बाहर निकलने के कई रास्ते बनाये जायेंगे

**कालपी (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए उपाय शुरू हो गए हैं इसके लिए विभाग द्वारा उपरी मंजिल के लिए वाहर से रैम्प बनाया जा रहा है। विदित हो कि प्रदेश के अस्पतालों में आकस्मिक परिस्थिति के दौरान भाग निकलने का कोई रास्ता न होने से दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसका शासन ने संज्ञान ले लिया है इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी अस्पताल में अब निकास के लिए एक से अधिक रास्ते बनाए जा रहे हैं। सीएचसी के अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता के अनुसार अस्पताल भवन में नीचे के तल पर बाहर आने और जाने के लिए एक से अधिक रास्ते है पर दूसरी मंजिल से आने जाने का एक ही रास्ता है इसी के चलते भवन के बाहर से रेम्प बनाया जा रहा है।

# पति ने पत्नी को नहीं दिया भरण पोषण का रुपया तो पुलिस ने की कुर्की

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलौली में पति द्वारा पत्नी के भरण पोषण के लिये पैसा न दिये जाने के मामले में चौकी इंचार्ज द्वारा घर पर कुर्की करके न्यायालय से निर्धारित की गई मुआवजे की राशि जमा करने के निर्देश दिये। मिली जानकारी के मुताबिक मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलौली का है जहां रहीस पुत्र बहीद की बीते कई वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह हुआ था।

शादी के कुछ दिन सब कुछ ठीक-ठीक चला इसके उपरान्त पति पत्नी में आपसी मनमुटाव हो गया पत्नी ने अपने भरण पोषण के लिये परिवार बाद न्यायालय में अपनी याचिका दायर की उक्त मामले में न्यायालय ने पत्नी के भरण पोषण के लिये निर्धारित की गई धनराशि को पति रहीश को न्यायालय में धनराशि जमा करने के निर्देश दिये गये थे पति द्वारा बार-बार न्यायालय की अवहेलना करने तथा कई बार पैसा जमा करने के लिये संबंधित कोतवाली से नोटिस भेजे जाने के बाद पैसा जमा न करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर उप निरीक्षक चौकी इंचार्ज राजेश कुमार पुलिस बल के साथ आरोपी रहीश के घर में नियमानुसार भले लोगों की मौजूदगी में कुर्की करके कोतवाली में पुलिस अभिरक्षा में सामान को सुपुर्द कराया गया।

## कालपी ईओ के निलंबन उपरांत वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग

**कालपी,जालौन।** एक सप्ताह से पालिका परिषद व नगर पंचायत कदौरा में अधिशाषी अधिकारी नहीं है जिससे वित्तीय कामकाज के साथ अन्य जनता से जुड़े मामलों का भी निस्तारण नहीं हो पा रहा है। विदित हो कि गत दिनों हाईवे किनारे गौवंशों के शव बरामद होने के साथ ही अधिशाषी अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई के कयास लगाये जाने लगे थे। लेकिन 31 जनवरी को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के चलते कार्यवाही तय हो गई थी और 1 फरवरी को अधिशाषी अधिकारी वेदप्रकाश यादव को निलंबन आदेश मिल गया था अब वह जिलाधिकारी कार्यालय में संबद्ध है।

# भाजपा के आवाहन पर गांव चलो अभियान की हुई शुरुआत



**करमा,सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

भाजपा के आवाहन पर जनपद सोनभद्र करमा मंडल में बुधवार को शाम गांव चलो अभियान की शुरुआत बूथ संख्या 206 मदैनिया में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में बूथसमिति एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक के साथ गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई। रात्रि प्रवास कर बूथ के प्रमुख लोगों से मिलना व गांव के प्रभावी लोगों के साथ बैठक कर गांव के सामाजिक समीकरण के साथ चर्चा किया। केंद्र व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए लाभार्थियों से मिलकर सरकार के योजनाओं की चर्चा किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा,शक्ति केंद्र संयोजक संतोष मौर्य,बूथ अध्यक्ष धीरज तिवारी , मंडल मंत्री केशव,पन्ना प्रमुख अभय , राम विशाले शुक्ला, दशरथ,समिति के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक संपन्न

**चतरा, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वायनाड सांसद राहुल गांधी की उत्तर प्रदेश में प्रवेश होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर शिवपुर न्याय पंचायत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक तैयारी बैठक ब्लॉक अध्यक्ष निगम मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मेंउपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश देव पांडे ने कहा कि आज देश में भाईचारा पूरी तरह समाप्त होने की इंतजार पर है। एक धर्म को दूसरे धर्म से लगाया जा रहा है, जिसकी वजह से लोगों में नफरत की भावना तेजी से पनप रही है। श्री राहुल गांधी जी देश में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए करीब 7000 किलोमीटर भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश में पहुंचेगी तो सोनभद्र जनपद से करीब हजारों कांग्रेसी गगनभेदी नारों के साथ उनके स्वागत में पहुंचेंगे।

चतरा ब्लॉक अध्यक्ष निगम मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से बीजेपी और आरएसएस पूरी तरह से डर गई है। आए दिन मोदी सरकार के मंत्री कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जी के प्रति अनाप-शनाप बेबुनियाद बातें बोलते रहते हैं। कांग्रेस ने कभी जाति और धर्म की राजनीति नहीं की ना ही एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाने का प्रयास किया। लेकिन आज मोदी सरकार सिर्फ लड़ाने का काम कर रही है। देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्यात्रा यात्रा वर्तमान परिवेश में जरूरी हो गया है, जिससे देश में भाईचारा पहले की तरह बना रहे। कांग्रेस के शासनकाल में सिर्फ विकास की बात होती थी लेकिन आज सिर्फ वोट पाने के लिए एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाने की बात की जाती है।

## दबंग ने चकरोड तोड़ खेत में मिलाया, किसान परेशान

**जालौन,उरई।** चकरोड तोड़कर खेत में मिला लेने से किसानों को आने जाने में परेशानी हो रही है। यदि कोई किसान चकरोड से होकर जाने की कोशिश करता है तो विपक्षी किसान गाली, गलौज कर धमकी देता है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर चकरोड की पैमाइश कराकर चकरोड का निर्माण कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र ग्राम धंतौली निवासी प्रताप सिंह ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी खेती मौजा धंतौली में गाटा संख्या 1391 में है। उसे अपने खेत तक पहुंचने के लिए चकरोड संख्या 1388 से होकर जाना पड़ता है। यह चकरोड कागजों में भी दर्ज है। लेकिन इस चकरोड के आसपास के किसानों ने चकरोड को तोड़कर अपने खेतों में मिला लिया है और उसमें फसल कर रहे हैं।

# दूध से बने खाद्य पदार्थों, खुली मिठाईयों पर लिखे उपयोग की अवधि

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एवं स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ को रोकने के लिए खाद्य विभाग ने बाजार में बिकने वाले दुग्ध उत्पादों एवं खुली मिठाईयों पर निर्माण की तारीख व उपयोग की अवधि अंकित करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन नगर में इसका पालन नहीं हो रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए दुग्ध उत्पादों व मिठाईयों की बिक्री को लेकर नए नियम जारी किए गए हैं। नए नियमों के अनुसार देश भर में दूध से बने खाद्य पदार्थों और खुली मिठाइयों को दुकान में सजाने से पूर्व ही उस पर निर्माण की तारीख और उपयोग की अवधि लिखनी होगी। सरकार के इस नियम के लागू होने के बाद कुछ दिनों तक मिठाई विक्रेताओं ने मिठाई बनाने की तारीख व उपयोग की अंतिम तिथि डाली थी। लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे होटलों की मिठाईयों की ट्रे से मिठाई बनाने एवं उपयोग की अवधि की पट्टिका गायब हो गई। अब चूंकि सर्दी का मौसम जाने को है।

गर्म मौसम में दूषित खाद्य पदार्थों से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। नगर में संचालित अधिकांश मिठाई विक्रेताओं, रेस्टोरेंट और होटलों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। नगर के विनय कुमार, आदर्श कुमार, मनोज कुमार आदि ने डीएम से मांग की है कि नियम का पालन कराएं। ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो सके।

## खबरें एक नजर में

### गणेश पूजन के साथ हुआ भागवत कथा का शुभारंभ



**जालौन, उरई।** नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा व गणेश पूजन के साथ हुआ। इस दौरान नगर के विभिन्न मार्गो से होकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के कोतवाली रोड पर स्थित एक मात्र सरस्वती मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। अपरान्ह शुभ मुहूर्त में कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ हुई। जो नगर के कांजी हाउस, देवनगर चौराहा, कोतवाली के सामने से काली माता मंदिर, हनुमानजी मंदिर से होकर पुनः कथा स्थल पर पहुंची। कथाव्यास पंडित राजेश द्विवेदी की अगुवाई में निकली कलश यात्रा में महिला व पुरूष भक्तगण डीजे के साउंड पर भक्तिभाव से झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे।

### चोरी की घटना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कालपी,जालौन।** नगर के मुहल्लं कागजीपुरा में दिसम्बर माह में घर में हुई चोरी की घटना के मामले में न्यायालय के आदेश पर कालपी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मामला पंजीकृत कराया। मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मुहल्लं कागजीपुरा निवासी मोहम्मद फिरोज उर्फ तज्जु पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद दाऊद ने न्यायालय के आदेश के पर कालपी कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराते हुये अवगत कराया कि 8 दिसम्बर को वह परिवार के साथ एक रिश्तेदारी में गया था वहीं 9 दिसम्बर को जब वह घर 12 बजे वापस आया तो मेन गेट का दरवाजा खोलकर अन्दर गया उसे कमरे के सारे ताले टूटे पड़े मिले तथा कमरे में रखी अलमारी से 1लाख 70 हजार रुपए नगद तथा सोने चांदी के आभूषण गायब मिले तथा चोरों ने मकान पीछे से चढ़कर चोरी की घटना को अंजाम दिये जाने की बात कही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देश पर न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुये अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 457 व 380 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया।

### श्रीराम महायज्ञ समापन पर संतों को चांदी के सिक्के

**जालौन,उरई।** श्रीगोहनी सरकार मंदिर पर श्रीराम महायज्ञ के समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। मंडलेश्वर भगवानदास महाराज ने साधु, संतों को 600 चांदी के सिक्के व कंबल भेंट स्वरुप दिए। श्रीगोहनी सरकार हनुमानजी मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान जिसमें महिला व पुरूष भक्तों ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर आहूतियां दीं। समापन पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहूति दी गई और संपूर्ण विश्व में शांति की प्रार्थना की गई। अंत में गांव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गांव व आसपास क्षेत्र के लोगों के अलावा साधु संतों ने बढ़चर भाग लिया और भंडारे के प्रसाद को चखा। मंडलेवर भगवान दास महाराज गोहनी सरकार ने भंडारे में आए लगभग 600 साधु संतों को एक-एक चांदी का सिक्का व एक-एक कम्बल भेंट प्रदान किए।

# विद्युत मरम्मत कार्य में मानक विहीन कार्य होने का लगाया आरोप

**उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी के ग्राम पंचायतो में विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु मरम्मत कार्य लगातार चल रहा है। मरम्मत शुरू होने पर निर्बाध रूप से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति हो सकेगी। विद्युत मरम्मत कार्य व पोल लगाने मे मानक की अनदेखी का आरोप लगाकर क्षेत्र वासियों ने सूचारु विद्युत आपूर्ति पर संदेह ब्यक्त किया है । राधेश्याम, प्रमोद, रवि, पंकज,आदि लोगो ने आरोप लगाया है कि अचलपुर चौधरी से सादुल्लानगर को जाने वाली हाईटेंशन 11000 /लाइन पर हाल ही में लगाए गये खम्भे सरकारी मानक की विपरीत लगाएं गए हैं। जिसे लगाने में



गिट्टी, मोरंग, सीमेंट आदि का बिल्कुल प्रयोग नहीं किया गया है। केवल मिट्टी में खड़े कर दिए गए हैं ।जो आने वाले बरसात में ढह जाएंगे। और एक बार फिर से सादुल्लानगर बिना बिजली के अंधेरे में रहने पर मजबूर हो जाएगा।क्षेत्र वासियों ने आरोप लगाया है कि बिना ग्राउटिंग के खंबे लगाएं गए हैं। इतना ही नहीं अर्थिंग राड भी हाई टेंशन लाइन के खंभे में नहीं लगाया गया है।

# बजाज शुगर को मिला चीनी मिल का पुरस्कार

**उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बजाज समूह की कंपनी बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड बीएचएसएल या बजाज शुगर ने चीनी और इथेनॉल के लिए अग्रणी समाचार और सूचना बाजार चीनीमंडी से भारत में सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल श्रेणी में पुरस्कार जीता है। बजाज शुगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न शुगर एंड इथेनॉल इंडिया कॉन्फ्रेंस के 2024 संस्करण में कंपनी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया।



- प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन ने पुरस्कार प्रदान किया
- पुरस्कार दिखाता है कि हम हैं और बने रहेंगे: कुशाग्र एन बजाज

प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन ने पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार पर खुशी व्यक्त करते हुए बजाज शुगर के प्रबंध निदेशक अजय कुमार शर्मा ने इस सम्मान के लिए उत्तर प्रदेश में संचालित 14 चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने वाले 5 लाख से अधिक किसानों सहित सभी कर्मचारियों और हितधारकों को श्रेय दिया। ग्रुप के सम्मानित समूह अध्यक्ष कुशाग्र एन बजाज के कुशल मार्गदर्शन का भी उल्लेख करना चाहूंगा। इसके अतिरिक्त मै अपने सभी कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए और हमारे मूल्यवान किसानों को उनके निरंतर समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हम हमेशा महाद्वीप में शीर्ष चीनी कंपनी थे और यह पुरस्कार दिखाता है कि हम हैं और बने रहेंगे अजय शर्मा ने कहा भारत 2025 तक 20त्र इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य हासिल कर सकता है चुनौतियाँ और अवसर सम्मेलन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने इस विषय पर पैनल वक्ता के रूप में भाग लिया इथेनॉल के प्रति चीनी क्षेत्र के योगदान पर एक प्रश्न के उत्तर में श्री अग्रवाल ने बताया कि लंबे समय में चीनी क्षेत्र में देश के इथेनॉल-मिश्रण कार्यक्रम के लिए भारी संभावनाएं हैं क्योंकि इसमें घरेलू उपलब्धता का लाभ है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचल में चलाया अभियान

**उरई (जालौन)।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में परिवहन विभाग, संबंधित विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, गुड सेमेरिटन, मास्टर ट्रेनर के सहयोग से सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। गत वर्ष भारत में लगभग 4.50 लाख व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में घायल व लगभग 1.50 लाख व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई जो कोविड-19 में 1.46 लाख मृत व्यक्तियों से अधिक है।

# गैंगेस्टर एक्ट: दोषी गैंग लीडर रामचंद्र को कैद

- पांच हजार रूपये अर्थदंड न देने पर 7 दिन की अतिरिक्त कैद
- जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सीएडब्ल्यू सोनभद्र परितोष श्रेष्ठ की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर रामचंद्र उर्फ लल्लू को 2 वर्ष की कैद एवं 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 7 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक एके सिंह कोतवाली राबर्ट्सगंज ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि रामचंद्र उर्फ लल्लू पुत्र रामपति निवासी जमुगाव, थाना राबर्ट्सगंज जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। इनके विरुद्ध कई मुकदमा विचाराधीन है। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनका एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर 30 जून 1997 को राबर्ट्सगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रामचंद्र उर्फ लल्लू को 2 वर्ष की कैद एवं 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 7 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर कोर्ट धनंजय शुक्ला एडवोकेट ने बहस की।

आरोपी पर कई मुकदमें है विचाराधीन

## खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत एसडीएम से

**जालौन (उरई)।** खलिहान की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने की शिकायत ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा निवासी हिमांशु कुमार ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में खलिहान की भूमि गांव के बाहर स्थित है। जब फसल कटकर आती है तो गांव के लोग खलिहान की भूमि में ही फसल को रखते हैं। जिसके बाद उसे घर लाया जाता है। अभी फसल कटकर नहीं आई है इसलिए खलिहान की भूमि खाली पड़ी थी।

**INFORMATION**

I,Somveer Singh S/o Late shri Budhu singh Vill&Po.Biralsi Distt Muzaffarnagar has declared that my Name Sobir Singhand DOB 01-01-1950 have wrongly written in my Son Jc- 482348M Subedar-Pradeep kumar's service documents.My correct name is Somveer Singh and correct DOB is 01-01 1957.

**INFORMATION**

I Rup Wati W/o Shri Pitam vill- Nahali Post-Pithlokar Distt Meerut has declared that my Name Roop Wati have wrongly written in my Son Jc-481988K Sub Hony Lt- Parab Singh service documents.My correct name is Rup Wati.

**INFORMATION**

I, Parwati Devi W/o Late Baban Singh Vill- Chilbila PO-Darihat. Distt- Rohtas (Bihar) has declared that my name PARVATI DEVI is wrongly written in my son JC-481410F Sub Ashutosh Kumar's service records. My correct name is PARWATI DEVI.

**INFORMATION**

I,Usha Devi W/o Somveer Singh Vill&Po.Biralsi Distt Muzaffarnagar has declared that my DOB 01-01-1955 have wrongly written in my Son Jc-482348M Subedar-Pradeep kumar's service documents.My correct DOB.is 01-01-1959.

**INFORMATION**

I Pitam S/o Late Shri Surajmal Vill -Nahali post-Pithlokar Distt Meerut has declared that My Name Pitam singh and DOB-01-07-1950 have wrongly written in my Son Jc-481988K Sub Hony Lt- Parab Singh service documents. My correct name is Pitam and correct DOB is 01-01-1954.

**कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः-660/ न0पं नवाबगंज/मु0मं0न0सृ0यो0/ई0नि0सू0/2023-24 दिनांक 07/02/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत नवाबगंज फर्रुखाबाद को उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन के क्रम में पत्र संख्या 45/2023/388 मु0मं0 न0सृ0यो0/नौ-2-2023/1775683 नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 30 दिसम्बर 2023 के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सजृन योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत नवाबगंज में वित्तीय वर्ष 2023-24 में समस्त ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई-टेण्डर की बेवसाइट WWW etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 08/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे से आमंत्रित की जाती है। बिना किसी कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदायें को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड का विवरण निम्न प्रकार है।

विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र की वेबसाइट WWW etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | 660/न0पं0नवा0/2023-24 |
| --- | --- |
| Publish and Start Date And Time For E-Bid | 08.02.2024 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bid | 20.02.2024 05:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bid | 21.02.2024 02:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bid | Nagar Panchayat Nawabganj, Farrukhabad |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत,नवाबगंज
जनपद, फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पंचायत,नवाबगंज
जनपद, फर्रुखाबाद।

**सच्चाई**

## डीएम ने ग्राम में योजना से लाभान्वित ग्रामीणों से की वार्ता

# डीएम ने जल जीवन मिशन की चार परियोजनाओं की परखी हकीकत

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्माणाधीन एवं संचालित 04 पाइप पेयजल परियोजनाओ का निरीक्षण कर डीएम अरविंद सिंह द्वारा हकीकत जानी गई। उन्होंने तहसील उतरौला में ग्राम पंचायत कांदवारी, ग्राम पंचायत लकमा,ग्राम पंचायत पिपरा एवं जिगना में पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कांदवारी में एलएनटी द्वारा सौर ऊर्जा पाइप पेयजल परियोजना का कार्य किया जा रहा है। ओवरहेड टैंक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बोरिंग एवं



अन्य कंपोनेंट के बारे में विस्तार पूर्वक जाना। इस दौरान डीएम सिंह द्वारा ग्राम में योजना से लाभान्वित ग्रामीणों से वार्ता किया गया। डीएम से स्वयं नल की टोटी खोलकर पानी आ रहा है कि नहीं इसको देखा। उन्होंने घरों पर दिए गए नल का फाउंडेशन बनाए जाने एवं टोटियों को अच्छी तरह से फिट किए जाने का निर्देश दिया। पाइप लाइन बिछाने के दौरान को खोदी गई सड़कों के मरम्मत के कार्य पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से सड़क का लेवल मेंटेन करते हुए मरम्मत कार्य किए जाने का निर्देश दिया। सड़क के रेस्टोरेशन का कार्य ठीक ढंग से नहीं किया गया तो जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पाइप पेयजल परियोजना के तहत दिए जा रहे कनेक्शन में अंतिम घर तक जल पूरे प्रेशर के साथ पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। सप्लाई किया जा रहे जल की जांच गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी द्वारा कराया जाए। प्रत्येक दशा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंचायत लकमा में सौर चलित ओवरहेड टैंक के निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य किए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाने एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत जिगना में पाइप लाइन बिछाने एवं घरों में नल कनेक्शन के कार्य का जायजा लिया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# सभी सरकारी अस्पताल बने रिफर सेंटर: आकाश शाक्य

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव निर्देश पर चल रहे पीडीए पखवाड़ा के तहत जनपद कन्नौज के विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ अंर्तगत ग्रम धीरपुर, सरदामई, ररूआ, सरैया आदि स्थानो पर पीडिए पंचायतों को आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य उपस्थित रहे। प्रदेश सचिव आकाश शाक्य नें कहा की पीडिए एक सच्चा लोकतांत्रिक जनबंधन है जिसमें जनता समाजवादी पार्टी से सीधे जुड़ रही है। यह समाज मे उन वर्गो को आगे लानें का प्रयास है जो सदियों से



प्रभुत्ववादी ताकतों के द्वारा किये गये शोषण की वजह से सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक पैमाने पर पीछे छूट गये हैं। आज हमारे नेता श्री अखिलेश यादव सड़क से लेकर सदन तक लगातार पीडीए हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन वर्तमान की भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा शोषण पीडिए का ही हो रहा है। आज भाजपा सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल है और इनके द्वारा चुनाव पूर्व किए गये सभी दावे जनता के लिए सिर्फ छलावा ही साबित हुए हैं। आज किसान मंहगे खाद, बीज, दवा के साथ साथ छुट्टा जानवरों की समस्या से परेशान हैं, युवा बेरोजगार घूम रहा है और मजबूरी में युद्ध के दौर से गुजर रहे इजरायल जैसे देश में जाकर मौत के मुंह में नौकरी करनें के लिए भी तैयार है। अच्छी स्वास्थ और शिक्षा व्यवस्था महंगाई के कारण गरीब के हाथ से निकल चुकी है। जनपद के सभी सरकारी अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बनकर रह गये हैं।

लेकिन सरकार लोगों को धर्म और जाति में बांटकर उनके बीच में नफरत फैलाकर इन जनसमस्याओं से ध्यान भटकानें का काम कर रही है, इससे आमजनमानस को सावधान रहनें की जरूरत है। आज सरकार की गलत नीतियों की वजह से देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है, सरकार लगातार सरकारी ऐजंसियों का दुरूपयोग कर देश में लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करती जा रही है, सरकारी संस्थान बेचे जा रहे हैं, हमारे अधिकतर पड़ोसी देशों से रिश्ते खराब होते जा रहे हैं, देश पर विदेशी कर्ज बढ़ता जा रहा है लेकिन सरकार में बैठे लोग गांव गांव घूमकर लोगों को विकसित भारत संकल्प के नाम पर झूठी तस्वीर दिखानें का काम कर रहे है। आने वाला लोकसभा के आम चुनाव इस देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सचिव देवेन्द्र यादव, सुखेन्द्र यादव, सुशील शाक्य, अवधविहारी शाक्य, वंशीलाल शाक्य, महेश चंद्र शाक्य, अवधेश सिंह पाल, दिनेश शाक्य, ब्रजकिशोर यादव, धर्मेंद्र यादव, मानसिंह शाक्य आदि साथी मौजूद रहे।

# तिर्वा तहसील में अधिवक्ताओं के चेम्बर में हुई चोरी का खुलासा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

बीते दिवस तिर्वा तहसील में 08 अधिवक्ताओं के चेम्बर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 1 प्रिंटर व 1 बैटरी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल के दौरान सीसीटीवी कैमरे में रात के समय एक किशोर नजर आया था। जिसकी पहचान कर उसे पकड़ लिया गया और चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। वहीं अधिवक्ताओं ने इस खुलासे पर

- पुलिस ने एक नाबालिग किशोर को चोरी के सामान सहित किया गिरफ्तार

असंतोष जाहिर किया है। बता दें कि विगत 5 फरवरी की रात तिर्वा तहसील स्थित अधिवक्ता राजेश राजपूत, अनिल पाल, अजय प्रताप सिंह, अंशुमान कटियार, कौशलेंद्र, बृज किशोर अवस्थी, हेमराज व राजेंद्र राजपूत के चेम्बरों के चोरों ने ताले तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी, लैपटॉप समेत अन्य सामान और पत्रावलियां चुराकर फरार हो गये थे। दूसरे दिन जब अधिवक्ता तहसील पहुंचे तो चेम्बरों के टूटे ताले देखकर दंग रह गये। जिसके बाद गुस्साए अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोड पर जाम लगा दिया था। पुलिस ने अधिवक्ताओं को चोरी के खुलासे के लिए 3 दिन का समय मांगा था। वहीं पुलिस ने 24 घण्टे में ही एक नाबालिग किशोर को पकड़ लिया और चेम्बर से चोरी किए गए 1 प्रिंटर व 1 बैटरी बरामद कर ली। हालांकि वकीलों ने खुलासे को फर्जी करार दिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि 15 वर्षीय किशोर इनवर्टर की भारी बैटरी अकेले कैसे चोरी कर वहां से ले जा सकता है। अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिस ने गलत खुलासा किया है।

# वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा को नहीं किया निलंबित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

आंतरिक मूल्यांकन के नाम पर बनाया जा रहा है दबाव

भारतीय किसान यूनियन बलराज कन्नौज के द्वारा निरंतर ज्ञापन के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ जनपद कन्नौज के प्राचार्य हरि सिंह शाक्य एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया।

वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा डायट कन्नौज में ना ही समय से जाती है ना ही अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर में साइन करती हैं। बिना शिक्षा संस्थान में जाए हुई सैलरी ले रही हैं जिसकी छायाप्रति संलग्न की गई है सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही है जिसकी शिकायत ज्ञापन के माध्यम से उच्च अधिकारियों तक भेजी गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई प्राचार्य हरि सिंह शाक्य जी निरंतर वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा को बचाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई न ही उनका वेतन रोका गया न ही उनका निलंबन हुआ बच्चों को प्रैक्टिकल में आंतरिक मूल्यांकन के नाम पर दबाव बनाया जा रहा है जबरियन एफिडेविट बनाए जा रहे हैं करोड़ों का घोटाला किया गया था जिसको उजागर करने के लिए भारतीय किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारियो ने कई सूचनाओं उच्च



अधिकारियों को प्राप्त कराई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ कन्नौज में दो बाहरी व्यक्ति का पूरा हस्तक्षेप रहता है उन्हीं के इशारे पर सारे यह गलत कार्य होते हैं जिसके साथ सभी ज्ञापनों में संलग्न थे यदि दो दिन के अंदर वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा को निलंबित नही किया तो तो बहुत बड़ा धरना प्रदर्शन तहसील छिबरामऊ में होगा जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन खुद होगा।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया

सौरिख कस्बे की एक आढ़त पर टीनशेड़ डालते वक्त टीन का तख्ता हाई टेंशन लाइन मे टच हो गया। जिस कारण करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। और दो अन्य मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए। घटना से कस्बे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया। सौरिख कस्बे के सकरावा रोड स्थित राजीव कुमार गुप्ता की गल्ले की आढ़त है। इसी आढ़त पर वह टीनशेड़ डलवा रहे थे। इसके लिए उन्होंने मजदूर लगा रखे थे। टीनशेड़ डालते वक्त टीन तीन का एक तख्त ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन में टच हो



गया, जिस कारण मजदूरों को करंट लग गया।घटना में सॉरी थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी 32 वर्षी अतुल साख और उसके साथी अंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी काशी और धर्मेंद्र शाक्य करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। तीनों को आनन फानन में सौरिख कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। और काशी और धर्मेंद्र को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। अतुल की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया है कि अतुल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। और करीब 5 साल पहले उसकी शादी हुई थी। अतुल के दो बच्चे भी हैं। जिनमें एक बेटी और एक बेटा है।

## खबरें एक नजर में

### एससी/एसटी एक्ट में दोषी पाते हुये 3-3 वर्ष का कारावास व 2000-2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित

**सौरिख,कन्नौज।** अभियुक्तगण द्वारा वादी के के घर में घुस कर जातिसूचक गालीगलौज देकर लात घूसों से मारने पीटने के सम्बन्ध में थाना सौरिख में एससी/ एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये विशेष न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट कन्नौज द्वारा अभियुक्तगण 1.मदन यादव पुत्र नाहर सिंह 2.विपिन सिंह पुत्र मरमोर सिंह 3.मंगल पुत्र जयकरन 4.दिनेश पुत्र जगमोहन समस्त निवासीगण नैनपुर्वा थाना सौरिख जनपद कन्नौज को 03-03 वर्ष का कारावास व के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### चकलवंशी-मियागंज मार्ग पर ओवरलोड डंपर खन्ती में पलटा, बाल-बाल बचे चालक-क्लीनर

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के चकलवंशी-मियागंज मार्ग पर ओवरलोड मौरंग लादकर औरास जा रहा डंपर साइड देने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गया। चालक-परिचालक ने कूदकर जान बचाई। दोनों को मामूली रूप से चोटें लगी हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया। कालपी के चिनवट घाट से मौरंग लाद कर औरास जा रहा ड पर चालक जावेद पुत्र मुर्शेद परिचालक अंकित के साथ बुधवार को मौरंग उतारने के लिए ट्रेडर्स की दुकान पर जा रहा था अभी वह अजमत नगर गांव के पास पहुंच था कि पीछे से आ रहे ट्रेलर चालक ने साइड मांगी जिसपर ड पर चालक ने गाड़ी किनारे की तो गीली मिट्टी धंस गयी और ड पर खंती में पलट गया। चालक परिचालक ने ड पर से कूदकर जान बचाई। दोनों को मामूली रूप से चोटें आई हैं।

# भागवत कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोतागण

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

ऋषि आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य एवं सरस कथा वाचक राम प्रकाश निराला ने ईश्वर के विभिन्न रूपों का सुंदर वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया उन्होंने कहा कि परमेश्वर भक्ति के अटूट प्रेम एवं भावनाओं के बसीभूत होते हैं सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करने वालों को ही ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। बुधवार को आयोजित भागवत कथा में सरस कथा वाचन आचार्य राम प्रकाश निराला ने कहा कि महा भारत युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया और उन्हें यह ज्ञान कराया कि सामने खड़े लोग सत्य के साथ नहीं बल्कि असत्य के साथ खड़े होकर युद्ध कर



रहे हैं उन्होंने कहा कि आत्मा अजर अमर है किसी भी व्यक्ति के शरीर को नष्ट किया जा सकता है लेकिन आत्मा को नहीं उन्होंने कहा कि लोग अर्थ के पीछे भाग रहे हैं जो मनुष्य के लिए उपयोगी हो सकता है लेकिन ईश्वर की भक्ति के लिए यह सभी वस्तुएं निरर्थक हैं सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्तजनों को उन्होंने भागवत कथा के माध्यम से ईश्वर की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया भागवत कथा में मुख्य रूप से श्रोतागण हरी बाबू शास्त्री महंत, अयोध्या वासी महाराज कुन्नू बाबा, बबलू नेता, मुन्नू सिंह ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि ठाकुर विनय सिंह, पप्पू त्रिपाठी, आलोक तिवारी, अनुराग दुबे, सोनू द्विवेदी, अरुण त्रिपाठी, बदन सिंह पाल, सर्वेश दुबे, ओंमकार नाथ त्रिपाठी, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, दयानंद शास्त्री, पप्पू तिवारी, रामानंद दुबे, नन्हे ठाकुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने थामा भाजपा का हाथ

**सफीपुर-उन्नाव।** नगर पंचायत अध्यक्ष गरिमा बाजपेई ने भाजपा प्रदेश कार्यलय पहुंचकर उपमु यमंत्री मंत्री ज्वाइनिंग कमेटी अध्यक्ष ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर व क्षेत्रिय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली, समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी लोकप्रियता के चलते नगर निकाय का चुनाव जीतने वाले समाज सेवी सौरभ बाजपेई (राजा बेटा) ने अपनी पत्नी गरिमा बाजपेई को मैदान में उतारा था जिसके कारण पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से श्री बाजपेई को पार्टी से निस्कासित कर दिया गया था। चुनाव में जीत दर्ज हो जाने के बाद बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठों के बीच प्रदेश कार्यालय में एक बार फिर से भाजपा का दामन थाम लिया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में आगामी 10 फरवरी से 28 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन हेतु संचालित किए जाने वाले आईडीए/एमडीए अभियान की जिला टास्क फोर्स कमेटी की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश द्वारा अवगत कराया गया कि फाइलेरिया उन्मूलन हेतु जनपद उन्नाव के दस ब्लाकों नवाबगंज, मियागंज, बांगरमऊ, पुरवा, अचलगंज, बीघापुर, फतेहपुर चौरासी, गंजमुरादाबाद, बिछिया एवं सुमेरपुर में आईडीए/एमडीए अभियान संचालित किया जाएगा, जिसमें 01 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को फाइलेरिया रोग की तीन दवाइयों अल्बेंडाजोल, डीईसी तथा आई वर मेक्टिन की खुराक खिलाई जायेगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त नगर विकास विभाग, पंचायती राज/ग्रा य विकास विभाग/बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा विभाग/जिला पूर्ति विभाग/ सूचना विभाग समन्वित रूप से कार्यवाही संपादित कराएंगे। दस समुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 1987188 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी।

# राजस्व वादों का निस्तारण समय से हो लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दास्त: डीएम

- लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की खराब प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी
- राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि वाणिज्यकर विभाग द्वारा 81 करोड रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 65.98 प्रतिशत की वसूली हुई एवं स्टाम्प निबन्धन विभाग द्वारा 127.70 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 45.06 प्रतिशत की वसूली हुई तथा आबकारी विभाग द्वारा 446.72 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 61.56 प्रतिशत की वसूली, परिवहन विभाग द्वारा 61 करोड़ रुपए लक्ष्य के सापेक्ष 64.11 प्रतिशत की वसूली हुई। लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि तेजी लाकर लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें।

डीएम नें आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब, ड्रग्स आदि के खिलाफ अभियान चलाकर पकड़ा जाये। उन्होने विद्युत विभाग को निर्देश दिये विद्युत वसूली में तेजी लाये। कहा कि एक प्लान बनाकर राजस्व वसूली को बढ़ाया जाये। टैक्स रेवेन्यू पर फोकस किया जाये। विविध देयों (बैक) की वसूली पर भी ध्यान दिया जाये। उन्होनें कहा कि राजस्व वसूली के कार्यों में गति लायी जाये, लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली होनी चाहिए। कहा कि समाधान दिवस, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन में जो शिकायतें प्राप्त हो रही है, टीम बनाकर उसका निस्तारित किया जाये। श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि राजस्व न्यायालयों में योजित/निस्तारण वादों को निर्धारित मानक के अनुसार वादो का निस्तारण समय से किया जाये। कहा कि न्यायालय पर तभी लोगो का भरोसा बढ़ेगा। नियम कानून के अनुसार ही कार्य किया जाये, किसी भी प्रकार के मनमाने तरीके से कार्य न किया जाये। कोर्ट की प्रोसीडिंग के अनुसार ही कोर्ट चलायें। धारा-116 में 650 लंबित वादो पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि तारीख पर तारीख न लगाये, न्यायालय की समीक्षा करें और समय सीमा के अन्दर मुकदमो का निस्तारण करें। उन्होने कहा कि राजस्व वादो का निस्तारण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। शासन के निर्देशानुसार अभियान चलाकर वादों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। राजस्व वादों का निस्तारण समय से हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। कहा कि 5 वर्ष से अधिक मुकदमों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाये अन्यथा लापरवाह अधिकारी/कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने धारा-24, धारा-34,धारा-80 के लंबित वादों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि निर्धारित समय से पूर्व ही वादों का निस्तारण करायें। दाखिल खारिज, बटवारा, पैमाइश आदि के केसों को शीर्ष प्राथमिकता से निस्तारण करें। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुये मुकदमों को निस्तारण कराने के साथ ही पोर्टल पर भी फीडिंग सुनिश्चित करायें। उन्होने निर्देश दिये कि डिजिटल क्रॉप सर्वे पर तेजी लाकर कार्य को पूरा किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आशीष कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, तिर्वा एसडीएम अशोक कुमार, छिबरामऊ एसडीएम उमाकांत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रामनारायण सहित समस्त तहसीलदार तथा संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आलू के बाद मूंगफली की खेती लाभदायक: डॉ. कनौजिया



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा क्षेत्र गांव देवीपुरवा में ग्रीष्मकालीन मूंगफली उत्पादन तकनीक विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद में ग्रीष्मकालीन मूंगफली की खेती बड़े क्षेत्रफल पर की जाती है परंतु उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग, रोग व कीटों के प्रभाव के कारण मूंगफली का उत्पादन भरपूर प्राप्त नहीं हो पाता। किसानों ने बताया बताया कि मूंगफली में 20 से 30 नुकसान जड़ सड़न के कारण तथा 5 से 10 नुकसान दीमक तथा सफेद गिडार के कारण होता है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अध्यक्ष डा वी. के. कनौजिया ने बताया की जड़ सड़न से बचाव के लिए बीज का शोधन कार्बेंडाजिम 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से करें तथा भूमि का उपचार ट्राइकोडर्मा 2 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से किया जाना चाहिए। बुवाई के 7 से 10 दिन पूर्व ट्राइकोडर्मा को सड़ी हुई गोबर की खाद के साथ मिलकर हवादार तथा छायादार स्थान पर रखें और अंतिम जुताई के समय खेत में मिलना चाहिए। इससे जड़ सड़न रोग को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त होगी। डॉ सुशील कुमार, वैज्ञानिक ने बताया कि दीमक तथा गिडार से बचाव के लिए कार्टाप हाइड्रोक्लोरिड 4 जी 8 किग्रा प्रति एकड़ अथवा क्लोरपाईरीफॉस 3.5 ली. प्रति एकड़ की दर से भूमि में प्रयोग किया जाना चाहिए। डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि आलू के बाद मूंगफली बुवाई करने पर गंधक 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से भूमि में प्रयोग किया जाना चाहिए तथा बीज का उपचार राइजोबियम कल्चर तथा पी. एस. बी. कल्चर के एक एक पैकेट से 10 किग्रा बीज का शोधन करके मूंगफ्ली का भरपूर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में 60 से अधिक कृषकों व कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

# कन्नौज बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण ने अध्यक्ष, महामन्त्री व कोषाध्यक्ष समेत नवीन कार्यकारणी को दिलाई पद एवं गोपनियता की शपथ

बुधवार को कन्नौज बार एसोसिएशन कन्नौज के नव निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष समेत नवीन नवीन कार्यकारणी को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। जनपद न्यायालय के अधिवक्ता परिसर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण व विशिष्ट अतिथि अंकज मिश्र की मोजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन हुआ। प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण ने नव निर्वाचित अध्यक्ष मो. इदरीश खां, महामन्त्री लोकेन्द्र तिवारी व कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेई समेत नवीन कार्यकारणी के 19 सदस्यों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।




इस अवसर पर प्रभारी जिला जज लोकेश्र वरुण ने कहा कि अधिवक्ता लोकतंत्र के एक सजग प्रहरी हैं। उन्हें गरीबों एवं समाज के वंचितों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय दिलाने में तत्पर रहना चाहिए। कहा कि बार और बेंच में सामंजस्य बनाए रखते हुए वादों के शीघ्र एवं न्यायोचित निपटारे में आप सभी का सहयोग आपेक्षित है। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि वे उनके सम्मान व अधिकार को लेकर पूरी मजबूती के साथ कार्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि अंकज मिश्रा ने कहा कि वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए बार व बेंच के बीच बेहतर समन्वय बने रहने की जरूरत है। वादकारियों को न्याय के लिए बार बार न्यायालय का चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए सभी को पूरी तरह से गंभीर रहना होगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश खां ने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिवक्ताओं को सम्मान व अधिकार दिलाने के लिए पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी जाएगी। अधिवक्ताओं को उनका अधिकार दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बार व बेंच के बीच समन्वय बनाए रखने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वादकारियों को न्याय दिलाने में हम सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारी संख्या में अधिवक्तागण एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

# अन्ना पशुओं से भरे ट्रक को हिंदूवादी नेताओं ने रोका

**गाली-गलौज कर चालक के साथ की मारपीट**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर महमूद जहां बुधवार को ग्रामीणों की सूचना पर हिंदूवादी नेताओं ने दस्तक दी। बताया गया हिंदूवादी नेताओं को ग्रामीणों द्वारा सूचना देकर बताया गया कि एक ट्रक जिसके अंदर गोवंशों को ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों ने गौकशी का अंदेशा जताकर सूचना दी थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे हिंदूवादी नेताओं ने ट्रक चालक को रोक लिया और गाली-गलौज कर मारपीट की। इस मारपीट की घटना में ट्रक चालक ने आरोप लगाया कि युवकों ने मोबाइल तथा पर्स भी छीन लिया। बताते हैं घटना की सूचना भी हिंदूवादी नेताओं ने ही थाना पुलिस को दी थी। सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची और जब जांच पड़ताल की तो मामला कुछ और पाया गया। ट्रक चालक रंजीत कुमार निवासी कुइयां संत तथा शमशाबाद ने पुलिस को बताया वह ट्रक संख्या यूपी 76टी0422 का चालक है और जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र से अन्ना पशुओं को कंपिल थाना क्षेत्र की एक गौशाला में छोड़ने जा रहा था। कुछ युवकों ने अन्ना पशुओं को ले जाने का आरोप लगाकर गाली गलौज ही नहीं किया, बल्कि जमकर मारपीट भी की। इस मारपीट की घटना में चालक का पर्स तथा एक मोबाइल गुम हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। घटना की जानकारी होते ही थाने में तमाम सत्ता से जुड़े छुटभैया नेता एकत्रित हो गए। अनभिज्ञता पर अफसोस जताकर ट्रक चालक को मनाने की कोशिश की गई। मगर मामला शून्य रहा। बताया गया है ट्रक चालक की शिकायत पर पकड़े गए लोगों में हिंदूवादी नेता नितिन शुक्ला, नीरज शर्मा, अन्नू जादौन, अनुज राठौर तथा विवेक राठौर के विरुद्ध के शांतिभंग की कार्यवाही की गई। बताते है जिस वक्त पुलिस को ट्रक चालक के साथ गाली गलौज मारपीट की सूचना दी गई उस वक्त पुलिस हरकत में आई और जब जांच पड़ताल की तो मामला मारपीट का पाया गया। ट्रक चालक की शिकायत पर पुलिस को कार्यवाही का रुख अपनाना पड़ा। सभी आरोपियों को थाने लाया गया। जब शहर के कुछ छुटभैया भाजपा नेताओं को पता चला, तो समझौते के लिए थाने में दस्तक देकर ट्रक चालक को मनाने की कोशिश की, लेकिन ट्रक चालक नहीं माना। आखिरकार थाना पुलिस को सभी आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करनी पड़ी।


थाने के बाहर खड़ी डीसीएम

# डीएम को निरीक्षण में वित्त व लेखाधिकारी मिले अनुपस्थिति, रोका गया वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में कार्यालय की साफ - सफाई सही नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने कार्यालय में अभिलेखों के सही तरह से रख रखाव व पंखों की सफाई, टूटे पड़े मेज कुर्सियों को सही कराने के निर्देश दिये। सुबह 10.25 तक वित्त एवं लेखा कार्यालय पर ताला लगा था। वित्त एवं लेखाधिकारी अनुपस्थिति थे जिलाधिकारी द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा का वेतन रोकने आदेश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन नगर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। पढ़ाई की स्थिति बहुत खराब पाई गई। बच्चों में सामान्य जानकारी का भी आभाव मिला। इस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को खुद जांच कर शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

विद्यालय में 133 के सापेक्ष 62 बच्चे उपस्थित पाये गए। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की भी जानकारी की गई। जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि तुम लोग पढ़ोगे तो घर की स्थिति अच्छी होगी। विद्यालय के शौचालय गंदे पाये गए व पीने के पानी की टोंटी भी गंदी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में खाली पड़ी जगह पर पेड़ पौधे लगाने के निर्देश बीएसए को दिये गये।


बीएसए कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम

# ट्रक ड्राइवर की हत्या के मामले में युवक पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने हत्या के मामले में अनुज दीक्षित उर्फ करु पुत्र स्व0 प्रभाकर दीक्षित निवासी संकिसा थाना मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 9 फरवरी की तिथि नियत है।

बीते 9 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम संकिसा बसंतपुर निवासी तिलक सिंह पुत्र स्व देवदत्त ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा पुत्र अतिराज उर्फ गंगू ट्रक ड्राइवर जो कि दिनांक 6 मार्च 2015 को लगभग 7 बजे लेकर ट्रक लेकर आया। जिसे आटा चक्की के आगे खड़ा कर रहा था उसी समय अनुज दीक्षित से कहासुनी व मारपीट हुई। जिस पर गॉव के लोगों ने बीच बचाव कर दिया। कुछ दिन बाद अनुज उर्फ करू ने मौका मिलने पर समय करीब 9 बजे मेरा पुत्र अतिराज व भाई बदन सिंह होली मिलकर सड़क की ओर जा रहे थे। मेरा लड़का लगभग 10 कदम आगे चल रहा था। मैं और मेरा भाई पीछे चल रहे थे। पहले से घात लगाए खड़े अनुज ने जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर कर दिया है। गोली मेरे लड़के के लगी। अनुज के साथ अरुण उर्फ बंटी, कुलदीप ने मेरे व मेरे भाई के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। पड़ोस के मकान में लगे बल्व की रोशनी में उन लोगों को पहचान लिया। हम लोग अतिराज को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार सिंह की पैरवी के आधार न्यायाधीश ने अनुज उर्फ करू को दोषी करार देते हुए सजा के बिन्दु पर 9 फरवरी की तिथि नियत की है। साक्ष्य के अभाव में अरुण उर्फ बंटी, चिंटू उर्फ कुलदीप को दोष मुक्त कर दिया।

# पुलिस से हाथापायी करने वाले चार आरोपी गये जेल

**झगड़े की सूचना पर कोतवाली प्रभारी गये थे मौके पर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ दबंगों ने हाथापायी कर जानमाल व वर्दी फाड़ देने की धमकी देते हुए अभद्रता कर दी। पुलिस ने मौके से चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार वांछित आरोपी हैं। जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 31/2024 धारा-147, 149, 186, 283, 341, 332, 353, 323, 504, 506, 427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण नितेश राठौर पुत्र रामप्रताप, सिन्धु उर्फ सुष्लेन्द्र पुत्र रामप्रताप, रामप्रताप सिंह पुत्र विश्वनाथ निवासीगण शिव कालोनी जय नरायन वर्मा रोड थाना कोतवाली फतेहगढ़, रमनेश पुत्र संतोष निवासी चंदरपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि आशा देवी पत्नी रामप्रताप सिंह, आरती देवी पुत्री रामप्रताप निवासीगण शिव कालोनी जेएनवी रोड, कोतवाली फतेहगढ व 4-5 व्यक्ति नाम पता अज्ञात फरार चल रहे है।

जिसकी विवेचना उनि मो0 सरताज द्वारा संपादित की जा रही है। बुधवार को अभियोग में धारा 149, 186, 283 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तगण नितेश राठौर पुत्र रामप्रताप सिंह, सन्धु उर्फ सुष्लेन्द्र पुत्र रामप्रताप, रामप्रताप सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह निवासीगण शिव कालोनी जेएनवी रोड कोतवाली फतेहगढ़, रमनेश पुत्र संतोष निवासी चंदरपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त नितेश पर दो मुकदमा, अभियुक्त सिन्धु उर्फ सुष्लेंद्र पर दो मुकदमा, अभियुक्त रामप्रताप पर दो मुकदमा, अभियुक्त रमनेश पर दो मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के दौरान प्रनि हरिश्याम सिंह कोतवाली फतेहगढ़ के अलावा उनि मो. सरताज, का. आर्या चौधरी, का0 शशिकान्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

# एआरटीओ प्रवर्तन ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**दो ट्रैक्टर ट्रॉली यूरिया ढोते पकड़ी, 3 स्कूल वाहनों के भी चालान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा जहानगंज क्षेत्र में स्थित राजपूत ग्लोबल अकेडमी के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपक वर्मा तथा अन्य विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित 450 छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एआरटीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में विद्यालय के छात्रों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किए बिना वाहन का संचालन नहीं करना है। एआरटीओ ने बताया की मोटर वाहन अधिनियम 1988 में 2019 में संशोधन करते हुए एक नई धारा 199क जोड़ी गई है। जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि यदि किसी किशोर द्वारा सार्वजनिक स्थल पर वाहन चलाया जाता है तो किशोर के संरक्षक मोटर वाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। इसके अंतर्गत संरक्षक मोटर वाहन स्वामी को 3 वर्ष का कारावास तथा उस पर 25000 का जुर्माना आरोपित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीयन 1 वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा तथा ऐसे किशोर का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत ही बन सकेगा। एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से मार्ग पर सुरक्षित चलने तथा अपने माता-पिता को सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा गया। एआरटीओ ने कहा यदि छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता, भाई-बहन आदि को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेंगे तो हमारा जनपद दुर्घटनाओं से मुक्त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त विद्यालय की प्रार्थना सभा में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा के नियम लिखे हुए पंपलेट बांटे गए। एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा जहानगंज एवं कायमगंज क्षेत्र में सघन प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 3 स्कूल वाहनों को बिना फिटनेस एवं परमिट के संचालित पाए जाने पर चालान किया गया तथा उन पर 90 हजार का शमन शुल्क लगाया गया। चेकिंग के दौरान कृषि कार्य हेतु पंजीकृत दो ट्रैक्टर ट्रालियों को छिबरामऊ तथा गुरसहायगंज के लिए यूरिया खाद ले जाते हुए पकड़ा गया तथा उन पर रुपए 1.90 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसी क्षेत्र में अन्य यात्री वाहनों जैसे ऑटो रिक्शा तथा बस आदि के चालान भी किए गए। इस प्रकार कुल 9 वाहनों के चालान करते हुए रुपए 3.34 लाख का शमन शुल्क आरोपित किया गया।


स्कूली वाहन का चालान करते एआरटीओ प्रवर्तन

## खबरें एक नजर में

### लघुशंका करने के दौरान युवक की बाइक चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा व थाना नवाबगंज निवासी विकास कुमार पुत्र दिनेश कुमार शर्मा अपने मामा के घर जहानगंज मोटरसाइकिल द्वारा गया था। वापस जब लौटा तो उसने अपनी मोटरसाइकिल सिरौली चौराहे के पास लघुशंका के लिए खड़ी कर दी। वहां पर और भी मोटरसाइकिल खड़ी हुई थीं। जब विकास लघुशंका करने लगा, तभी लघुशंका करने के बाद जब उसने घूमकर देखा कि उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। काफी छानबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। विकास काफी परेशान हुआ। उसने वहां के लोगों को बताया अभी-अभी मेरी मोटरसाइकिल कोई उठाकर लेकर गया है तथा पास में खड़ी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स यूपी क्षेत्र एएफ7569 को वह अपने साथ थाना नवाबगंज लेकर आया और पुलिस की सुपुर्दगी में दे दी। पुलिस ने अतिशीघ्र खोजकर अतिशीघ्र ही दिलाने का आश्वासन दिया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव सिनौड़ी निवासी जयवीर बुधवार सुबह भतीजी प्रज्ञा के साथ बाइक से कंपिल से घर वापस जा रहे थे। कम्पिल सिवारा मार्ग पर गांव कमरुद्दीन नगर के निकट पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गए। ट्रैक्टर के पहिए की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने चालक को ट्रैक्टर सहित पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पुलिस चालक व ट्रैक्टर को थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### न्यूज पेपर के एजेंट का उचक्कों ने उड़ाया रुपयों का झोला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी राजेश कुमार पुत्र प्रेमनाथ जो कि एक अखबार का एजेन्ट है। बुधवार को को लोहाई बाजार सियाराम गारमेन्ट के सामने मोटर साइकिल खड़ी करके न्यूज पेपर के रूपये ले रहा था। इतने मे अज्ञात लोगों ने मेरी मोटर साइकिल से झोला उतार लिया। जिसमें न्यूज पेपर की वसूली के लगभग .8-10 . हजार रुपये थे। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की है।

### ग्रामीण ग्राम समाज की भूमि पर बना रहा मकान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम धूरीहार निवासी रामसेवक पुत्र जागेश्वर दयाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हमारे ही गांव के विनोद कुमार पुत्र गबदूलाल ग्राम समाज की जमीन जिस पर खड़ंजा बिछा हुआ है उसको उखाड़कर अपनी निहास खोदकर मकान बना रहे हैं। काफी लोगों ने विरोध किया, लेकिन फिर भी नहीं मान रहे। पीड़ित ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### रेलवे यात्री को पीटने में अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन में महिला यात्री से झगड़ा करने के विरोध में दबंगों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया था। इसी मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त अमित कटियार को दोषी करार देते हुए धारा 325 के आरोप में दो वर्ष का कारावास व 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। भगवान सिंह पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 14 जुलाई 2015 को मैं एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा बिल्हौर से फर्रुखाबाद आ रहा था। उसी बोगी में एक युवक महिला यात्रियों से झगड़ा कर रहा था। मैंने लड़कों को डांट दिया था। जिसके बाद सब चुप हो गये। ट्रेन फतेहगढ़ प्लेट फार्म पर रुकी, तभी आरोपी लड़के मेरे ऊपर हमलावर हो गये और लोहे की राड से मारपीट कर दी। जिससे अफरा तफरी मच गयी। मारपीट में मेरे गंभीर चोंटे आयी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम अमित कटियार पुत्र रामतीर्थ निवासी धंसुआ फतेहगढ़ बताया।

# डीएम ने मेला श्री रामनगरिया में विकास प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्री रामनगरिया में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने फीता काटकर किया। पांचाल घाट स्थित मेला श्री रामनगरिया में लगायी गयी विकास प्रदर्शनी का में स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, जिला पंचायत, दुग्ध विभाग, केंद्रीय कारागार, जिला कारागार, समूह सहित कुल मिलाकर 40 स्टॉल लगाये गये हैं। संबंधित विभाग द्वारा अपने-अपने विभागों द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। बुधवार को डीएम ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर सभी विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर उनसे जानकारी ली। कई विभागों को उन्होंने हिदायत दी कि पूरी तरह से आप अपने विभाग की योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार पा रहे हैं। इसलिए इसमें विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया, अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति, मुख्य चिकित्साधिकारी अवनींद्र कुमार, बढ़पुर एडीओ सत्य नरायन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कृषि विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम

# ग्राहक बनकर पहुंचे कैस्ट्रॉल कंपनी के मैनेजर ने पकड़ा नकली मोबिलऑयल

**सवा दो सौ डिब्बे हुए बरामद, मैनेजर की तहरीर पर दुकानदार पर मुकदमा दर्ज**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नकली मोबिलऑयल का विक्रय करने वाले मैकेनिक का कैस्ट्रॉल कंपनी के मैनेजर ने ग्राहक बनकर भंडाफोड़ कर दिया। इस दौरान उसके पास से सवा दो सौ नकली कैस्ट्रॉल ऑयल के डिब्बे बरामद हुए। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर थाना पुलिस ने बाइक मैकेनिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर में स्थिति एक टॉकीज के निकट बाइक मैकेनिक अंसार जो नगर के मोहल्ला शेरावाली टोला निवासी है। उक्त बाइक मेकेनिक द्वारा एक लंबे समय से कैस्ट्रॉल ऑयल के नाम पर नकली ऑयल बनाकर विक्रय किया जा रहा था। इसकी कुछ लोगों द्वारा शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर कंपनी के मैनेजर लाल सिंह कदयान पुत्र शेर सिंह निवासी लांसर नेटवर्क लिमिटेड अधिकृत कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड 630 प्लान नंबर 3 बेस्ट एंड मार्क नई दिल्ली कर्मचारियो के साथ बुधवार को शमशाबाद नगर में स्थित उक्त मैकेनिक की दुकान पर छापा मारा। बताया गया है सबसे पहले कंपनी के मैनेजर ने टीम के साथ ग्राहक बनकर दुकानदार से जानकारी की। इसके बाद उन्होंने सूचना थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस बाइक मैकेनिक की दुकान पर पहुंची। जब कंपनी मैनेजर द्वारा दुकानदार से आवश्यक जानकारी के साथ प्रपत्र दिखाने को कहा, तो दुकानदार बंगलें झांकने लगा। दुकान के अंदर नकली कैस्ट्रॉल आयल बनाने का माल बरामद हुआ। 225 डिब्बे नकली बरामद किए गए। डिब्बों में बार कोड सर्च नहीं हो रहा था। डिब्बे का रंग भी हल्का था। यहां तक की प्राइस कुछ कम अंकित थी, जो नकली माल का इशारा थी। इसके अलावा एक कीप तथा पांच-पांच लीटर के कैन भी बरामद किए गये। साथ ही खाली डिब्बे भी बरामद किए गए। जिसके माध्यम से नकली ऑयल नए डिब्बों में भरकर ग्राहकों की जेब पर डांका डाला जा रहा था। फिलहाल कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर मौके पर पहुंची शमशाबाद थाना पुलिस आरोपी को थाने ले आई। पुलिस ने कंपनी मैनेजर की तहरीर पर आरोपी मैकेनिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।


बरामद नकली कैस्ट्रॉल मोबिलऑयल

# वांछित अभियुक्त चोरी की ट्रैक्टर ट्राली सहित गिरफ्तार

**अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली मोहम्मदाबाद में दो मुकदमे दर्ज हैं**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र मनोज उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बिहार थाना मोहम्मदाबाद को चोरी की ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 17/24 धारा-379, 504 भादवि में नामजद वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र मनोज उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बिहार कोतवाली मोहम्मदाबाद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त से सबन्धित चोरी की गयी ट्राली को बरामद कर लिया। दिनांक 06 फरवरी को वादिया सीता देवी पत्नी भगवान दास निवासी ग्राम बिहार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ट्रैक्टर की ट्राली चोरी हो गयी। उक्त के सम्बन्ध में वादिनी द्वारा मु0अ0सं0 17/24 धारा-379, 504 भादवि बनाम अभिषेक पुत्र मनोज उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बिहार थाना मोहम्मदाबाद, एक अज्ञात व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कराया था। विवेचना के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद द्वारा चेकिंग के दौरान मुकदमा में नामजद वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र मनोज उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बिहार कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार किया तथा अभियुक्त की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गयी ट्राली को बरामद कर लिया। अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली मोहम्मदाबाद में दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के दौरान प्र.नि. मनोज कुमार भाटी, व.उ.नि. नरेन्द्र सिंह, उ.नि. अजय सिंह, का. भूपेन्द्र सिंह, का. मनोज कुमार, का. सौरभ कुमार का सहयोग रहा।


चोरी की ट्राली के साथ अभियुक्त व मौजूद पुलिस

# न्यायालय के आदेश पर सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**भाई के होश में आने पर उसने पूरी जानकारी दी**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव गगनी निवासी तुलाराम पुत्र श्रीराम ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि मेरा भाई बृजेश कुमार 9 अक्टूबर को लगभग दोपहर 12.30 के समय खुदागंज से सिंगी रामपुर जा रहा था, तभी रास्ते में पेशाब करने के लिए रुका। जहां पेशाब करके वापस आने वह अपनी गाड़ी पर के पास खड़ा हो गया। उधर सिंगीरामपुर से गलत साइड में तेजी व लापरवाही से चलते हुए विवेक पुत्र सर्वेश ने जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे मेरे भाई का हाथ फैक्चर हो गया तथा उंगलियों का पंजा टूट गया। अंकित व सर्वेश चिक जो कि पीछे बैठा था वह दोनों काफी नशे में थे। मेरा भाई लगभग एक डेढ़ घंटा बेहोशी की हालत में वहीं पड़ा रहा। आसपास के लोगों द्वारा सूचना मिलने पर मैं अपने भाई के पास पहुंचा और वहां से एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में लेकर गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहिया के लिए रेफर कर दिया। भाई के हाथ में लगी चोटों की गंभीरता को देखते हुए वहां से डॉक्टर ने सैफई के लिए रेफर किया, लेकिन मैंने एक प्राइवेट अस्पताल आवास विकास में उसका इलाज करवाया और अभी इलाज चल रहा है। भाई के होश में आने पर उसने पूरी जानकारी दी। इसके बाद प्रार्थी ने संबंधित चौकी खुदागंज तथा थाना कमालगंज में कई बार प्रार्थना पत्र दिये, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक को भी डाक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रषित किये गये, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# सपा में अब दो जिला महासचिव दायित्व संभालेंगें: चन्द्रपाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि जहान सिंह लोधी को जिला महासचिव का दायित्व मिला है। इलियास मंसूरी भी जिला महासचिव बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा हैं वैसे-वैसे पार्टी में काम भी बढ़ता जा रहा है।

मीडिया द्वारा जब यह सवाल पूछा गया कि इसमें से इन दोनों में से क्या कोई प्रमुख महासचिव रहेगा। उन्होंने कहा दोनों बराबर समक्ष कार्यभार देखेंगे। उन्होंने गुटबाजी पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी में कोई भी गुटबाजी नहीं है और अगर कोई नाराज है तो उसकी नाराजगी दूर की जाएगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरी पार्टी एक है और हम सभी समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को जनपद से जिताकर भेजेंगे। नव मनोनीत जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा की पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है वह उसका निष्ठापूर्वक निर्वाह्न करेंगे। पार्टी कार्यालय पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर रामानंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, रमेश चंद कठेरिया, जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव, साजिद अली खान, सौरभ कटियार, नरेंद्र सिंह यादव, नंदकिशोर दुबे, रजत क्रांतिकारी, हरिओम दयाल, अजय यादव, शिवशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।



वार्ता करते सपा जिलाध्यक्ष

## सपा महानगर कमेटी ने जिला महासचिव का किया स्वागत



लोहिया प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राघव दत्त व जहान सिंह लोधी

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने आवास विकास स्थित लोहिया प्रतिमा पर नव नियुक्त जिला महासचिव जहान सिंह लोधी के साथ माल्यार्पण किया। साथ ही महानगर कमेटी के पदाधिकारियों ने लोधी समाज के जहान सिंह को जिला महासचिव बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी और माल्यार्पण कर स्वागत किया। राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि जहान सिंह लोधी के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी और निश्चित समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी जीतेगा। इस अवसर पर सत्यम अवस्थी, खुर्शीद अहमद, रजत क्रांतिकारी, रिन्कू यादव, अजय यादव, अमन भारद्वाज, नंदकिशोर दुबे, सौरव कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक कार्यालय परिसर में पीएम विश्वकर्मा कैंप का हुआ आयोजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज ब्लॉक में विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रधानों की आईडी को फीड करना था। जिसके चलते 2 पंचायत सहायकों की ड्यूटी फीडिंग करने के लिए ब्लॉक परिसर में लगाई गई थी, लेकिन सरवर डाउन होने के कारण केवल 20 आईडी ही फीड हो पाई। वहीं कुछ प्रधान इंतजार करके थककर वापस चले गए। बताते चलें विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत गांव में रहने वाले शिल्पकारों और कारीगरों को प्रधानमंत्री की इस विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभ मिलेगा, लेकिन उससे पहले सभी ग्राम पंचायत के प्रधानों को अपनी आईडी जनरेट करवानी पड़ेगी। जिसके बाद कोई भी ग्रामवासी कारीगर या शिल्पकार किसी भी लोकवाणी केंद्र में अपना पंजीकरण करवा सकता है। पंजीकरण होने पर इस योजना के अंतर्गत उसको ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें उसे 500 रुपये खर्चा तथा ट्रेनिंग के अंतर्गत उसे एक किट प्रदान की जाएगी। जिसकी कीमत लगभग 15000 रुपए होगी और यही नहीं उसको यदि पैसे की जरूरत होती है तो प्रधानमंत्री की इस योजना के अंतर्गत उसको 5 प्रतिशत सालाना ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

जिसमें पहले चरण में 1,00,000/- रुपये तक तथा दूसरे चरण में 2,00,000/- रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। जिसके चलते आज ब्लॉक परिसर में कैंप का आयोजन किया गया। वहीं खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने इस कैंप का उद्घाटन किया तथा बताया कि यह फीडिंग जब तक चलेगी जब तक 118 ग्राम पंचायत की फीडिंग नहीं हो जाती है।

# चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की डीएम से मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरदार पटेल युवा वाहिनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने व छापा मारकर कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरदार पटेल युवा वाहिनी के सदस्य राहुल कटियार ने ज्ञापन देकर मांग की है कि भोलेपुर से घर की तरह बाइक से जा रहा था। क्रासिंग के पुल पर जैसे ही चढ़ा अज्ञात व्यक्ति पतंग उड़ा रहा था। पतंग की डोर नीचे कर दी।

जिससे डोर उनके गले में फंस गयी और गला बुरी तरह कट गया। साथ में उनके दोस्त जतिन ने उन्हें उठाया और हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उनके टांके लगाकर इलाज किया गया। घटना को देखते ही पतंग उड़ाने वाला व्यक्ति भाग गया। उन्होंने मांग की है क चाइनीज मांझे का जनपद में कारोबार है। पतंग उड़ाते समय मांझे से उलझकर कई लोगों के हाथ पैर कटे है। साथ ही पिछले वर्ष भी इस तरह की घटना हुई थी। जिसको देखते हुए प्रशासन चाइनीज मांझा बेंचने वाले दुकानदारों के यहां छापे मारकर बिक्री बंद कराये और मुकदमा दर्ज किया जाये। इस मौके पर पवन कटियार, चंदन सिंह, अंशुल कटियार, शरद कटियार, सौरभ कटियार, अनुज कटियार, राहुल कटियार आदि लोग मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते सरदार पटेल युवा वाहिनी के लोग

# खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में 76 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

## सेवा योजना अधिकारी व कार्यदेशक ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और शील्ड देकर सम्मानित किया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन बुधवार को राजेपुर विकास खण्ड सभागार में सम्पन्न हुआ। आईटीआई कौशल्य विकास मिशन जिला सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत रोजगार मेले में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संदीप कुमार शाक्य व ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी एवं विवेक सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

सेवा योजना अधिकारी अमित तिवारी व कार्यदेशक बृजेश कुमार ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और शील्ड देकर सम्मानित किया। रोजगार मेले में 22 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 1200 रिक्तियों के सापेक्ष 175 अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। जिसमें 76 अभ्यर्थियों का रोजगार मेले में चयन किया गया। आईटीआई पास आउट 14, नान आईटीआई 40, कौशल्य विकास मिशन 20, डीडीयू-जेकेवाई 2 प्रतिभागी चयनित हुए। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस मौके पर रंजीत कुमार सुमन, सुनील कुमार, शिव बहादुर सिंह, राजकिशोर महतो, विजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



अप्रेन्टिसशिप मेले में पंजीकरण कराते छात्र

## खबरें एक नजर में

### लंबे संघर्ष के बाद चालू हुई मदारपुर प्रा. स्कूल की बिजली



विद्युत विभाग से प्रमाण पत्र प्राप्त करते प्रधानाध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रुटौल पावर हाउस में विद्युत कनेक्शन की धनराशि जमा करने के बावजूद न तो विद्युत कनेक्शन किया गया और न ही विद्युत मीटर लगाया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि दर्जनों बार लिखित और मौखिक अनुरोध करने बाद बुधवार को प्रभात कुमार और प्रियांशु ने स्कूल पहुंच कर विद्युत मीटर लगाया और लाईनमैन पंकज कुमार ने पोल से केबिल जोड़ कर लाईट चालू की। विद्यालय स्टाफ ने विद्युत विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रोज-डे मनाने वाले बेरोजगार के बारे में सोचे: हर्ष दुबे



हर्ष दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वेलेंटाइन-डे, रोज डे सप्ताह शुरू हो रहा है अच्छा है। इसके माध्यम से लोग उन लोगों से मित्रता बढ़ाए जिनको अपनो ने नकार दिया हो। उनके प्रति स्नेह, ममता एवं करुणा दिखाए, जैसे पूजा स्थलों एवं सार्वजनिक प्रांगणों के बाहर बैठे उन लोगों के प्रति जिनके अपनो घर से बेघर कर दिया हो। साथ ही उन लोगों के लिए सलाह है जो बेरोजगार है। रोज-डे मनाए, लेकिन रोजगार पर ध्यान दें, क्योंकि बिना रोजगार के रोज नहीं आना। जिसके लिए रोज ले रहे हो, वो बेरोजगार को नहीं मिलना। यह संत वेलेंटाइन का शहीद सप्ताह है और यह सर्व समाज को संदेश है की उन लोगों पर अपनत्व दिखाएं, जो अपनो से परित्याग हुए है। स्नेह एवम् दयालुता की जरूरत उनको है।

### बाइक फिसलने से युवक घायल



सीएचसी में मौजूद घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासंगज थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर वैश निवासी जयवीर उम्र 24 वर्षीय पुत्र देवसिंह अपने चाचा सोविन्दर पुत्र जैकीलाल को साथ लेकर उसैत जा रहा था। जैसे ही वह कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कमरूद्दीन के निकट पहुंचा, तभी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज नगर के सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दलवीर शास्त्री ने राम भजनों पर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में राम कथा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कल्पवासियों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प कराया।

आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि राम वेदों के मर्मज्ञ थे, उनका सम्पूर्ण जीवन वेदानुकूल रहा। ऋषि विश्वामित्र के साथ वन में जाकर उन्होंने राक्षसों से यज्ञ की रक्षा कर असुरों द्वारा सताए गए ऋषि मुनियों को निर्भयता प्रदान की तथा धनुष हांथ में लेकर धरती को राक्षस विहीन करने का दृण संकल्प लिया। वनवास की अवधि में भोले भाले वनवासियों के साथ रहकर उनकी पीढ़ा को समझा तथा एक आदर्श राजा का धर्म निभाया। राम को अपनी मातृभूमि स्वर्ग से भी अधिक प्रिय थी। प्रदीप शास्त्री ने कहा की यज्ञ और संध्या राम के जीवन का महत्वपूर्ण भाग था पर आज के राम भक्तों के जीवन मे ये देखने को नहीं मिलता ऐसे लोग राम के सच्चे अनुयायी नहीं हो सकती।

राम राज की स्थापना के लिए हमें राम के पदचिन्हों पर चलने व उनके दिखाए मार्ग को अपनाने की है। पं0 दलवीर शास्त्री ने अपनी संगीतमय रामकथा द्वारा राम वनवास के मार्मिक प्रसंगों के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया। उदिता आर्या ने अपने गीतों के माध्यम से श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। हरदेव शास्त्री व सरोज आर्या ने ईश्वर भक्ति गीत सुनाए। प्रातः काल यज्ञ हरिओम शास्त्री ने संपन्न कराया। इस अवसर पर यजमान भाष्कर दत्त द्विवेदी की ओर से भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वामी महेन्द्रानंद, स्वामी देवानंद, राजकुमार आर्य, सुरेश चंद्र वर्मा, उदयराज आर्य, अयांश राजपूत, संध्या राजपूत, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।



प्रवचन करते दलवीर शास्त्री

# रोज-डे: रचनात्मक विचारों के साथ, अपनों को दें गुलाब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जो लोग उत्साह को और भी फैलाना चाहते हैं वह एक दर्जन या दो गुलाब खरीदने और फिर उन्हें एक-एक करके अजनबनियों को देने पर विचार कर सकते हैं। शायद यह सही होगा कि कुछ अभ्यास करने के लिए रैंडम एक्ट्स काइंडनेस डे का नेतृत्व करें और लोगों को रोज-डे सम्मान में गुलाब देकर खुशी दें। चाहें आप किसी रिश्ते में या अविवाहित यह सप्ताह प्यार और खुशी फैलाने और उन लोगों की सराहना करना का अवसर है जो आपके जीवन में खुशियां लाते हैं। ऐसा लगता है कि गुलाब की खेती हजारों साल पहले चीन में शुरु हुई थी। यहां तक कि मास्टर एशियाई दार्शनिक और राजनीतिज्ञ, कन्फ्यूशियस भी गुलाबों के प्रति आसक्त थे और उन्होंने लिखा था कि कैसे उन्होंने पांच सौ ईसा पूर्व के आसपास इम्पीरियल गार्डन में गुलाब उगाये। इतनी ही नहीं, बल्कि सम्राट के पुस्तकालय में इन सुंदर फूलों के विषय पर सैकड़ों पुस्तकें थीं। रोमन पौराणिक कथाओं में गुलाब को गोपनीयता और इच्छा का प्रतीक माना जाता है। विशेष रुप से वीनस से संबंधित रोमन देवी जिसे सौंदर्य और प्रेम से संबंधित माना जाता था।शायद उनकी मीठी महक और दिलचस्प रंगों के कार गुलाब को पूर्वी संस्कृतियों, जैसे कि एशियाई और अरब संस्कृतियों के साथ-साथ व्यार से जोड़ा गया है।



## पंचायत घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला विनायक में अज्ञात चोरों ने रात में पंचायत घर का ताला तोड़कर हजारों का सामान पार कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नगला विनायक में बने पंचायत घर में अज्ञात चोरों ने देर रात्रि पंचायत घर का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान पार कर दिया। सुबह जब शौच करने के लिए छोटे लाल यादव खेत की तरफ जा रहे थे, तभी उनकी नजर पंचायत घर पर पड़ी। जिसकी सूचना उन्होंने पंचायत सहायक नवनीत कुमर को दी, तो नवनीत कुमार ने मौके पर आकर देखा की पंचायत घर में लगे 6 पंखा, 15 कुर्सी, बल्ब, राड चोर चुरा ले गए। जिसकी सूचना नवनीत कुमार पंचायत सहायक बबना चौकी इंचार्ज को दी गयी। आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओं से लोगों की नींद उड़ी हुई है। पुलिस किसी भी घटना की जांच पड़ताल नहीं करती है। जिससे चोरों के होसले बुलंद हैं।

# बेसिक कोर्स एवं एडवांस कोर्स स्काउट गाइड के शिविर का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में स्काउट गाइड के कई कोर्स शुरु हुए। बेसिक स्काउट मास्टर, बेसिक गाइड कैप्टन, बेसिक फ्लाक लीडर, एडवीश स्काउट मास्टर एवं एडवांस गाइड कैप्टन कोर्स की शुरुआत बुधवार को शुरु हुई।

जो 13 फरवरी तक सम्पन्न होगी। कोर्स की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा एवं एसओसी कानपुर मण्डल प्रज्ञा सिंह ने माल्यार्पण किया। एलओसी कृष्ण कुमार, काउंसलर डॉ विवेक, मोहम्मद समीम, रामपाल गिरी, सुनील कुमार, चमन शुक्ला, वीना गौतम, भारती मिश्रा मौजूद रही। प्रथम दिन ध्वज शिष्टाचार प्रज्ञा सिंह प्रादेशिक सहायक संगठन आयुक्त कानपुर व रोवर लीडर योगेश कुमार, आईटी कोआर्डिनेटर एवं सभी दायित्वधारी उपस्थित रहे। शिविर का संचालन सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने किया। प्रशिक्षक विपिन कुमार मिश्रा, एलओसी गाइड विनीता, सुधीर कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। प्रथम दिवस पर पंजीकरण परिचय के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

शिविर में सहयोग पुष्कर मिश्रा, पुष्पेन्द्र शर्मा, पुष्पा सिंह, आशीष कुमार ने किया।

दैनिक कार्यक्रम की विस्तृत से जानकारी दी गई। मुख्यायुक्त प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल, अमन मनीला मैसी, सुनील कुमार, डॉ. यशवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने शिविर में भाग लिया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करती एसओसी प्रज्ञा सिंह व मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा

# नागरिक शास्त्र में छात्र पहले बहुविकल्पीय प्रश्न हल करें: राकेश प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बोर्ड परीक्षा में नागरिक शास्त्र में बहु विकल्पीय प्रश्न व अति लघु उत्तरीय प्रश्न, लघु दीर्घ उत्तरीय प्रश्न का बहुत महत्व है। खण्ड-क और खण्ड-ख में प्रश्न आते हैं। इंटर में टोटल 32 प्रश्न आते हैं। सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है। कन्हैया लाल रामशरण रस्तगी इंटर कालेज के नागरिकशास्त्र प्रवक्ता राकेश प्रसाद ने यूपी बोर्ड परीक्षा के विषय में बताया भाग-क में समकालीन विश्व राजनीति संबंधित प्रश्न आते हैं। जिसमें शीत युद्ध का दौर, द्वि ध्रुवीयता का अंत, सत्ता के वैकल्पिक केंद्र, समकालीन दक्षिण एशिया, अंतर्राष्ट्रीय संगठन व पर्यावरण व प्राकृतिक संस्थान के प्रश्न आते हैं। खड-ख में स्वतंत्र भारत में राजनीति संबंधित प्रश्न आते है। जिसमें राष्ट्र निर्माण की चुनौतिया, नियोजित विकास की राजनीति, भारत के विदेश संबंध, लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट, जन आंदोलन का उदय, क्षेत्रीय आकांक्षायें, भारतीय राजनीति व नये बदलाव संबंधित प्रश्न परीक्षा में पूछे जायेंगे अथवा वाले प्रश्नो में से सभी विद्यार्थियों को एक प्रश्न करना अनिवार्य है। शीत युद्ध का दौर संबंधित परीक्षा में प्रश्न अवश्य आयेगा। 1945 के बाद अमेरिका और सोवियत रुस के बाद प्रश्न संबंधित परीक्षा में छात्र उत्तर जरुर लिखें। इसमें पूर्ण नंबर मिलेंगे। इसके अलावा द्वि ध्रुवीयता के अंत में 1991 सोवियत संघ के 15 राज्य टूटकर अलग हुए और स्वतंत्र देश बने। इस बात को द्वि ध्रुवीयता का अंत कहते हैं। इससे संबंधित 8 नवंबर का प्रश्न आता है।



नागरिक शास्त्र प्रवक्ता राकेश प्रसाद

छात्र इसे विस्तारपूर्वक पढ़े और परीक्षा में अवश्य लिखें। अंतर्राष्ट्रीय संगठन संबंधित 08 नंबर का प्रश्न आता है। प्रमुख अंग कौन-कौन से हैं उसे भी पढ़ें। राष्ट्र निर्माण की चुनौतिया, क्षेत्रवाद, भाषा वाद, नये राज्य का निर्माण, स्वतंत्र भारत में रजवाड़ों का विलय, भूमि सुधार, खाद्य संकट व हरित क्रांति से संबंधित प्रश्न आयेंगे।

# एमपी/एमएलए कोर्ट में सदर विधायक ने किया आत्मसमर्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के समक्ष जमानत याचिका दायर की।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव नामांकन के समय सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनंद शर्मा ने 27 जनवरी 2022 को दी गई तहरीर में बताया की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा नामांकन के बाद अपने लगभग तीस अज्ञात समर्थकों के साथ आचार संहिता व कोविड गाइड लाइन का उल्लंघन करते हुए कलेक्ट्रेट के गेट से दुर्गा नारायण डिग्री कॉलेज तक जाया गया है और नारेबाजी की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। जिसमें न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने सम्मन जारी कर दिए थे। जिसमें उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जमानत याचिका दायर की। जिसको न्यायाधीश ने जमानत स्वीकार कर आरोप निर्गत कर दिया। जिसमें सुनवाई के लिए अगली तिथि 16 फरवरी नियत की गई है।

# रस्तोगी इंटर कालेज में हुई भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा

- भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष सुधाकर चतुर्वेदी एवं सहायक विजेन्द्र पाल सिंह मथुरिया के नेतृत्व में 202 छात्रों की परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज में भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्रों ने प्रतिभाग किया।

भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष सुधाकर चतुर्वेदी एवं सहायक विजेन्द्र पाल सिंह मथुरिया के नेतृत्व में 202 छात्रों की परीक्षा सम्पन्न हुई। गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी इंटर कालेज से आये वहय परीक्षक दयाशंकर ने छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडल चार्ट एवं फाइलों का निरीक्षण किया। भौतिक विज्ञान से संबंधित प्रयोगात्मक परीक्षा ली गई। इस मौके पर प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान देवेन्द्र कुमार, हिमांशु शुक्ला, संजीव सिंह चौहान, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, राकेश प्रसाद आदि लोगों ने सहयोग किया।



भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा लेते परीक्षक

# राष्ट्रपति ने शटल बस सेवा को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वालों की सुविधा के लिए बुधवार को केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से शटल बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। यह शटल सेवा केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या 4 से अमृत उद्यान के गेट संख्या 35 के बीच चलेगी। यह सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होगी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन का 'अमृत उद्यान' 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुला है। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 31 मार्च तक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकते हैं। प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी।

अमृत उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है और और साथ ही गेट नंबर 35 के बाहर स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्लॉट की बुकिंग मुफ्त है। आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें ले जा सकते हैं।

सार्वजनिक मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा। आगंतुकों को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच छह घंटे के स्लॉट में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। दो पूर्वाह्न स्लॉट (10 बजे से 12 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में 7,500 आगंतुकों और सप्ताहांत पर प्रत्येक स्लॉट में 10,000 आगंतुकों की होगी। दोपहर के चार स्लॉट (12 बजे से सायं 4 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में प्रत्येक स्लॉट में 5,000 आगंतुकों और सप्ताहांत पर 7,500 आगंतुकों की होगी। इस दौरान आगंतुक 225 साल पुराना शीशम का पेड़, बोनसाई गार्डन में 300 से अधिक बोनसाई जिनमें से कई दशकों पुराने हैं, म्यूजिकल फाउंटेन, सेंट्रल लॉन में दुर्लभ और विदेशी फूल, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। थीम गार्डन में 18 किस्मों के 42,000 ट्यूलिप लगाए गए हैं।

## राष्ट्रपति ने की दिल्ली मेट्रो की यात्रा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। दिल्ली मेट्रो के प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार राष्ट्रपति कश्मीरी गेट-राजा नाहर सिंह, वायलेट लाइन कॉरिडोर के केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन में सवार हुईं और नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से केंद्रीय सचिवालय वापस आईं। यात्रा के दौरान उन्होंने कुछ स्कूली बच्चों के साथ संवाद भी किया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार इस यात्रा में राष्ट्रपति के साथ थे। डॉ. कुमार ने राष्ट्रपति को डीएमआरसी के कामकाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और चल रही निर्माण परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रपति ने एनसीएमसी रुपे कार्ड का उपयोग करके दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति के इस अप्रत्याशित कदम का उद्देश्य शहर के निवासियों के दैनिक जीवन के साथ संबंध स्थापित करना था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाली भारत की दूसरी सेवारत राष्ट्रपति हैं। साल 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी दिल्ली मेट्रो में यात्रा की थी।

## आईएफएस सुशांत पटनायक के आवास पर ईडी की छापेमारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में ईडी की छापेमारी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। डॉ. हरक सिंह रावत के बाद इसका दूसरा शिकार कैनाल रोड निवासी एवं चर्चित आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक हैं, जिनके यहां डॉ. हरक सिंह रावत के साथ ही साथ ईडी की रेड चल रही है। डॉ. हरक सिंह रावत वन मंत्री और सुशांत पटनायक कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे। सुशांत पटनायक पर अभी हाल में ही एक युवती ने छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया है। कार्बेट टाइगर में अवैध निर्माण और पेड़ कटान के मामले में डीजी फारेस्ट की जांच में सुशांत पटनायक का नाम भी शामिल है। सुशांत पटनायक उत्तराखंड के प्रभावशाली वनाधिकारियों में शामिल है। उनके घर से छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकदी भी मिली है। इस संदर्भ में किसी अधिकारी का अधिकारिक बयान नहीं मिल पाया है। सुशांत पटनायक 211 कैनाल रोड निवासी हैं और कार्यकाल के दौरान भी चर्चाओं में रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### एमजी मोटर ने मनाया 100 साल पूरे होने का जश्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एमजी मोटर इंडिया द्वारा अपना शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में कंपनी अपने 2024 रेंज के मॉडलों पर बेहतरीन मूल्यों का प्रस्ताव देकर कार ख़रीदने वालों की ख़ुशी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने एमजी जैडएस ईवी के नए ट्रिम के साथ एमजी कॉमेट ईवी, एमजी हेक्टर, और एमजी ग्लॉस्टर के लिए आकर्षक मूल्य पेश किए हैं। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी के जैडएस ईवी 'एक्ज़िक्यूटिव' पेश किया है, जो ईवी पोर्टफोलियो की उपलब्धता बढ़ाकर ईवी को तेजी से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, गौरव गुप्ता ने कहा, एमजी में हमारा परिचालन ग्राहकों पर केंद्रित होता है। अपने शताब्दी समारोह के दौरान हम 2024 को ईयर ऑफ़ फ़ास्ट फॉरवर्ड के रूप में मनाने और सभी को एक संतोषजनक ओनरशिप का अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। यह स्थानीयकरण बढ़ाकर, दीर्घकालिक फ्रेट कॉन्ट्रैक्ट्स, सुव्यवस्थित लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन में सुधार और प्रमुख वस्तुओं के दीर्घकालिक कॉस्ट रैशोनलाईज़ेशन द्वारा संभव हुआ है।

### एआईडीएमके दल के 16 नेताओं ने थामा भाजपा का हाथ

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु की राजनीति को लेकर अहम खबर है। बुधवार को एआईडीएमके के 16 नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लिया। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई, राज्य मंत्री एल मुरुगन और राजीव चंद्रशेखर ने इन सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इनमें पूर्व विधायक और पूर्व सांसद भी हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन भी मौजूद थीं।

### कस्टम ने मुंबई एयरपोर्ट पर बरामद किया 6.33 किलो सोना

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो दिन के भीतर पांच अलग-अलग मामलों में कुल 6.33 किलोग्राम सोना पकड़ा है। बरामद सोना की कीमत 3.49 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग के सूत्रों ने बताया कि मुंबई हवाई अड्डे पर बुधवार और गुरुवार को पांच अलग-अलग मामलों में कुल 6.33 किलो सोना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 3.49 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह सोना कपड़ों, मोबाइल चार्जर, पर्स, हेयर ड्रायर और चेक-इन बैग सहित विभिन्न वस्तुओं में छुपा कर लाया गया था। यह सोना किसके लिए लाया गया था, इसकी भी छानबीन की जा रही है। कस्टम सूत्रों ने बताया कि गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर दो दिन पहले मुंबई कस्टम ने एक शख्स को 1.28 करोड़ रुपये के सोने सहित गिरफ्तार किया था। उसी शख्स की पूछताछ के बाद पिछले दो दिनों में तस्करी के पांच मामले मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ में आए हैं।

### मेसर्स भारत पेपर्स के निदेशक 13 फरवरी तक ईडी की हिरासत में

**नई दिल्ली।** जम्मू के स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए मेसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को गुरुवार को 13 फरवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को छापेमारी के बाद गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह जानकारी साझा की। ईडी ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में मेसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया। उनकी 2.15 करोड़ रुपये मूल्य की दो अचल संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। अनिल कुमार अग्रवाल को आज जम्मू के स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 13 फरवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड भ्रष्टाचार मामले में 06 फरवरी को दिल्ली, वाराणसी और चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, 1.97 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं और 4 लाख रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा जब्त की गई। हालांकि इस मामले में ईडी की छापेमारी के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि जांच एजेंसी को कुछ हासिल नहीं हुआ है।

### चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार 16 फरवरी को

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार 16 फरवरी को दोपहर तीन बजे होगा। यह जानकारी बुधवार को राजभवन ने दी है। पांच फरवरी को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद आठ फरवरी को दिन के 2.30 बजे शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन की तैयारी की गयी थी लेकिन अब समय बदल दिया गया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने तारीख आगे बढ़ाने के लिए राजभवन से आग्रह किया है। अब यह शपथ ग्रहण समारोह 16 फरवरी को होगा। बताया गया है कि मंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदारों में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, सिमडेगा विधायक भूषण बारा, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह अनुप, महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह हैं।

# संयुक्त अरब अमीरात में पहले हिंदू मंदिर का पीएम मोदी 14 को करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी का पहला हिंदू मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार है। इस मंदिर में विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 14 फरवरी को पूरा होगा। उसी दिन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के प्रमुख संत स्वामी महाराज के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। रेगिस्तान में मंदिर निर्माण की कल्पना 27 वर्ष पूर्व बीएपीएस संस्था के प्रमुख संत स्वामी महाराज ने की थी।

नई दिल्ली के अक्षरधाम स्थित बीएपीएस रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक साधु ज्ञानानंद स्वामी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि वैसे तो संस्था ने विश्व के कई देशों में 1100 से अधिक मंदिर बनवाए हैं लेकिन अरब मुस्लिम देश में हिंदू मंदिर का निर्माण अपने में ऐतिहासिक है। अबू मुरीखाह जिले में स्थित अल वाकबा में यह मंदिर भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच दोस्ती, सांस्कृतिक सद्भाव और सहयोग की भावना का प्रतीक है। यहां मंदिर का निर्माण यूएई सरकार और उसके शासकों की उदारता से ही संभव हो सका है। साधु ज्ञानानंद स्वामी ने बताया कि अबूधाबी में दो देशों की संस्कृतियों के प्रतीक के रूप में मंदिर निर्माण के लिए बीएपीएस संस्था के लगातार प्रयास के बाद क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने वर्ष 2015 में मंदिर के लिए जमीन देने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 फरवरी 2018 को यूएई में भारतीय समुदाय को संबोधन के दौरान इस मंदिर के प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा की थी। बीस अप्रैल 2019 को इस मंदिर का शिलान्यास किया गया था। मंदिर के निर्माण के लिए भारत से सैकड़ों टन नक्काशीदार पत्थर 09 अगस्त 2021 को भेजे गए थे।

## अजित पवार को एनसीपी की कमान मिलने पर भड़के संजय राउत

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को असली एनसीपी करार दिया है। चुनाव आयोग के इस फैसले पर अब शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने बुधवार को आरोप लगाया कि अजित पवार के गुट को असली एनसीपी रुप में मान्यता संबंधी फैसला देकर लोकतंत्र की पीठ में छुरा भोंका है। संजय राउत ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जिस तरह का अन्याय राकांपा के संस्थापक शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ हुआ है, वैसा अन्याय इतिहास में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शिवसेना और राकांपा को इसलिए कमजोर किया गया क्योंकि यही दो दल हैं जिन्होंने मराठी अस्मिता की रक्षा की और महाराष्ट्र के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। राउत ने कहा, '' चुनाव आयोग ने लोकतंत्र की पीठ में छुरा भोंका है।

# लखनऊ में होगा आईआईए नैटकॉन 2024

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) यूपी चैप्टर 9 से 11 फरवरी 2024 तक लखनऊ में अपने राष्ट्रीय सम्मेलन आईआईए नैटकॉन 2024 का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन ऐतिहासिक शहर लखनऊ के शहीद पथ पर स्थित इकाना स्टेडियम में आयोजित होगा।

तीन दिन का यह कार्यक्रम संवर्धन यानी प्रोफेशनल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के मुख्य विषय के साथ आयोजित किया जा रहा है। आईआईए नैटकॉन 2024 का लक्ष्य भारतीय भवनों के निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में तेजी से विकास के लिए चुनौतियों पर चर्चा करना और उनका समाधान ढूंढना है। यह सम्मेलन न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में शहरीकरण से जुड़े मुद्दों और विकल्पों पर बातचीत और चर्चा का मंच है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट प्रो. अभय पुरोहित, डॉ क्रिस्टोफर चार्ल्स बेनिंगर, आर जेरार्ड दा कुन्हा, डॉ वंदना सहगल, आर यतीन पांड्या और डॉ पोन्नी कॉनसेसाओ अपने प्रेजेंटेशन देंगे। अयोध्या में निर्मित राम मंदिर के मुख्य वास्तुकार श्री आशीष सोमपुरा, प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर निर्माण पर अपना प्रेजेंटेशन देंगे। इस दौरान महत्वपूर्ण और प्रासंगिक विषयों पर इंटरैक्टिव पैनल चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी। आईआईए को इस तीन दिवसीय मेगा इवेंट में लगभग 2500 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इनमें से 1500 देश के अलग-अलग हिस्सों से, 500 उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से और 500 अलग-अलग आर्किटेक्चर कॉलेजों के छात्र होंगे। इस इवेंट में विचारों को क्रियान्वित करने के तरीकों और उनके लिए आवश्यक साधनों पर चर्चा की जाएगी। इस मेगा इवेंट में एक बड़ी होम डेकोर एग्जिबिशन भी आयोजित की जाएगी, जिसमें नये उत्पाद और तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

इसमें देश और विदेश के बड़े उत्पाद निर्माता अपनी नए उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किए गए हैं। वे देश के अलग-अलग हिस्सों से आए आर्किटेक्ट्स के सामने प्रदर्शन कर बताएंगे कि वास्तुशिल्प उत्पादों की दुनिया में किस किस तरह से विकास और परिवर्तन हो रहा है। प्रदर्शनी में प्रवेश मुफ्त है और यह तीनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी। इस इवेंट के दौरान आईआईए यूपी चैप्टर ओरिगेमी, बिल्डिंग इंफॉर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) और वीविंग वॉल्स जैसे विषयों पर तीन स्टूडेंट वर्कशॉप भी आयोजित कर रहा है।

# बुखार के दौरान स्किन पर लाल दाने देते हैं इस बीमारी का संकेत



बुखार के दौरान स्किन में कई बार लाल दाने होने लगते हैं। एक्सपर्ट्स की मानें तो बुखार के दौरान त्वचा में लाल दाने आने के कई कारण हो सकते हैं जैसे चिकनपॉक्स, रोसेओला नाम की बीमारियां। इन बीमारियों के कारण त्वचा में रेड दाने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा बुखार में लाल दाने क्यों होते हैं और आप इन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं आज इस आर्टिकल के जरिए आपको बताएंगे। आइए जानते हैं।

## बुखार में लाल दाने आने के कारण

1- यदि आपको बुखार के साथ लाल दाने नजर आते हैं तो आपको चिकनपॉक्स हो सकता है।

2- कमजोर इम्यूनिटी के कारण भी बुखार के दौरान लाल दाने हो सकते हैं। यदि आपको कमजोरी या फ्टीग की समस्या है तो लाल दाने हो सकते हैं।

3- मौसम में बदलाव के कारण यदि आपको वायरल फीवर है तो भी स्किन पर लाल दाने की समस्या हो सकती है।

4- बुखार के साथ लाल दाने की समस्या फिफ्थ डिसीज की ओर भी संकेत करती है जिसे हम बी19 वायरस के नाम से भी जानते हैं।

5- रोसेओला बीमारी के कारण बुखार के साथ लाल दाने की समस्या हो सकती है।

## चिकनपॉक्स के कारण

बुखार के दौरान यदि आपको हल्की खांसी, भूख में कमी, सिर में दर्द, थकान जैसे लक्षण दिखते हैं और पेट, पीठ या फिर चेहरे पर लाल खुजलीदार फुंसी होती है तो यह भी चिकनपॉक्स का लक्षण हो सकता है। ऐसी स्थिति में आप सीधे डॉक्टर के साथ संपर्क करें। इस बात का ध्यान रखें कि आप किसी गंदी जगह को न छूएं और ज्यादा से ज्यादा आराम करें। इसके अलावा फुंसी वाले दानों को भी न फोड़ें।

## इसलिए भी हो सकते हैं लाल दाने

यदि आपकी स्किन पर बुखार के दौरान लाल दाने नजर आते हैं तो ये लक्षण किसी एक बीमारी को ओर संकेत भी कर सकता है। हो सकता है कि बुखार के दौरान इम्यूनिटी कमजोर हो गई हो जिसके कारण स्किन में लाल दाने की समस्या हो।

## ऐसे दूर करें लाल दाने

**एलोवेरा लगाएं**

इन लाल दानों को दूर करने के लिए आप एलोवेरा जेल इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जिससे इंफेक्शन की समस्या दूर होती है। आप लाल दानों पर एलोवेरा लगाएं इससे भी स्किन इंफेक्शन दूर होगी।

**नीम का पेस्ट**

लाल दानों पर आप नीम के पेस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे त्वचा को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा। आप नीम का पेस्ट दानों पर लगाएं और 15 मिनट बाद त्वचा को धो लें।

**हल्दी**

इन दानों को दूर करने के लिए आप हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कच्ची हल्दी और दूध

कच्ची हल्दी को पीसकर दूध में मिलाकर आप त्वचा पर एप्लाई करें। इससे स्किन इंफेक्शन की समस्या दूर होगी।

# उत्तराखंड कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के ठिकानों पर छापे

- ईडी की उत्तराखंड, दिल्ली हरियाणा चंडीगढ़ में 12 जगहों पर सर्चिंग जारी

एजेंसी



**देहरादून।** उत्तराखंड में कथित वन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को पूर्व मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस के नेता हरक सिंह रावत के देहरादून स्थित घर पर छापा मारा। एजेंसी ने रावत के करीबियों के दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ के 12 ठिकानों पर भी एक साथ छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, फॉरेस्ट लैंड स्कैम मामले में श्रष्ठ ने ये कार्रवाई की है।

रावत के मंत्री रहते कॉर्बेट पार्क के पाखरों रेंज में टाइगर सफारी प्रोजेक्ट के लिए 169 पेड़ों की जगह 6 हजार पेड़ों की अवैध रूप से कटाई की गई थी। इसके अलावा अवैध निर्माण भी हुआ था। इस मामले में रावत और तब के कुछ अधिकारियों और उनके करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। ईडी आज इसी मामले को लेकर छापेमारी कर रही है।

इससे पहले अगस्त, 2023 में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने भी रावत के खिलाफ कार्रवाई की थी। रावत 2019-20 में भाजपा सरकार में वन मंत्री थे। अनुशासनहीनता के आरोप में भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करते हुए कैबिनेट मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद 2022 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। रावत के साथ उनकी बहू अनुकृति गुसाई ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया था।

# लड़कियों की शिक्षा में योगदान दें कॉरपोरेट जगत

- उपराष्ट्रपति ने कॉलेज के शताब्दी समारोह को किया संबोधित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कॉरपोरेट और उद्योग जगत के नेताओं से देश के शैक्षणिक संस्थानों विशेषकर लड़कियों की शिक्षा में लगे संस्थानों को उदारतापूर्वक योगदान देने की अपील की।

उपराष्ट्रपति दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में स्थित इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज के शताब्दी समारोह में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में सीएसआर फंड के योगदान का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर इंडस्ट्री के साथ बातचीत करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, हमारे व्यवसायी विदेशी गैर सरकारी संगठनों को बहुत अधिक दान देते हैं। मुझे थोड़ी चिंता होती है और वह थोड़ा चिंतन का विषय भी है कि हमारे उद्योगपति विदेशी संस्थाओं को मोटा-मोटा डोनेशन देते हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट्स को आगे आना चाहिए और लड़कियों की शिक्षा में योगदान के लिए अपने सीएसआर फंड का उपयोग करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने से पूरी पीढ़ी बदल सकती है और एक क्रांति की शुरुआत हो सकती है।

धनखड़ ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में छात्राएं सबसे बड़ी हितधारक हैं। उन्होंने उपस्थित लड़कियों को आकांक्षी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक पारिस्थितिकी तंत्र पहले ही बनाया जा चुका है, जहां वे अपनी प्रतिभा का पूरी तरह से दोहन कर सकती हैं और अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, ÷यह आपके लिए बड़ा सोचने का समय है, आपके लिए उस तरह से सोचने का समय है जैसा आप सोचना चाहती हैं। उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को नए संसद भवन का दौरा करने के लिए आमंत्रित करते हुए उन्हें ऐसा सैनिक बताया, जो अगले 25 वर्षों में अमृत काल के स्वर्णिम काल की शुरुआत करेंगे। धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि अमृत काल आशा और अपार संभावनाओं का समय है। उन्होंने कहा, भारत पहले से ही एक वैश्विक अर्थव्यवस्था है और निवेश और अवसरों के लिए पसंदीदा स्थान है, हमारी वृद्धि बेजोड़ है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। उपराष्ट्रपति ने छात्राओं से यह भी आग्रह किया कि वे कभी भी असफलता से न डरें। उन्होंने कहा, असफलता का डर विकास का हत्यारा है, विफलता का डर नवप्रवर्तन का हत्यारा है, हर विफलता को एक सीढ़ी के रूप में लिया जाना चाहिए।

# यूटीआई इंफेक्शन से लेकर एंग्जायटी दूर करेगी गुलाब की पंखुड़ियां



गुलाब का फूल ही नहीं इसकी पंखुड़ियां भी बेहद फायदेमंद होती हैं। त्वचा से लेकर स्वास्थ्य के लिए यह काफी लाभकारी मानी जाती हैं। किसी भी तरह के संक्रमण से बचाने के अलावा यह कब्ज, यूटीआई जैसी समस्याओं में भी यह बेहद फायदेमंद मानी जाती हैं। इसमें पॉलीफेनोल्स और कुछ ऐसे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो शरीर को कोशिकाओं के कारण होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा यह पॉलीफेनोल्स हृदय रोग, डायबिटीज और मोटापे से जूझ रहे लोगों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों के अलावा गुलाब में विटामिन-सी, विटामिन-ए, सोडियम, कैल्शियम, आयरन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैलोरी, शुगर आदि मौजूद होती है। आज रोज डे मनाया जा रहा है ऐसे में इस मौके पर आपको बताते हैं गुलाब की पंखुड़ियों से होने वाले फायदे।

## एंग्जायटी होगी दूर

गुलाब की पंखुड़ियों में एंग्जायटी कम करने वाले गुण पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें कुछ ऐसे गुण भी होते हैं जो स्ट्रेस दूर करते हैं। गुलाब की पंखुड़ियां आपका मूड सही करके स्ट्रेस दूर करने में मदद करती है। इसी वजह से ज्यादातर लोग रात में गुलकंद का सेवन करते हैं जो कि गुलाब की पंखुड़ियों से बना होता है। यह स्ट्रेस लेवल कम करने में मदद करता है।

## यूटीआई इंफेक्शन में मददगार

यूटीआई इंफेक्शन में गुलाब की पंखुड़ियां बेहद लाभकारी मानी जाती हैं। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है जो यूटीआई इंफेक्शन का खतरा कम करने में मदद करती है। इसके अलावा यह वजाइनल पीएस को बैलेंस करने में भी फायदेमंद मानी जाती हैं।

## अनिद्रा की समस्या होगी दूर

जो लोग रात में अच्छे से सो नहीं पाते या सारी रात करवट बदलते रहते हैं ऐसे लोगों को इनसोम्निया हो जाता है। इनसोम्निया यानी अनिद्रा की समस्या। आपको बता दें कि गुलाब की पंखुड़ियों में कुछ ऐसे गुण मौजूद होते हैं जो अनिद्रा दूर करने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि आपको भी अनिद्रा की समस्या रहती है तो आप गुलाब की पंखुड़ियों का सेवन कर सकते हैं।

## डिप्रेशन होगा दूर

डिप्रेशन से जूझ रहे व्यक्ति की सोचने और समझने की क्षमता पर असर पड़ता है। ऐसे में आपको बता दें कि गुलाब की पंखुड़ियों में एंटीडिप्रेसेंट गुण पाए जाते हैं जो न सिर्फ तनाव दूर करते हैं बल्कि डिप्रेशन भी खत्म करते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों का सेवन करने से सोचने समझने की क्षमता बढ़ती है।

## कब्ज की समस्या होगी दूर

गुलाब की पंखुड़ियां कब्ज की समस्या में भी बेहद उपयोगी मानी जाती है। इनके अंदर फाइबर पाया जाता है जो समस्या से राहत दिलवाने में मदद करता है। पंखुड़ियों का सेवन करने से पाचन क्रिया भी अच्छी होती है।

## इंफेक्शन से होगा बचाव

इन पंखुड़ियों में विटामिन सी पाया जाता है जो इम्यून सिस्टम के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा विटामिन-सी का इस्तेमाल करने से किसी भी तरह की इंफेक्शन भी दूर की जा सकती है। यदि शरीर में किसी तरह का इंफेक्शन हुआ है तो आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।